रविवारीय

कानपुर, रविवार
22 जून, 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 300 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


ऋषभ पंत बने सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बैट्समैन




पीएम मोदी ने दुनिया को दिया योग का संदेश

# करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है योग

**विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि योग हमें दुनिया को जोड़ने का संदेश देता है और यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भारत ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में रखा तो कुछ ही समय में 175 देशों ने इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि 11 साल बाद योग अब दुनिया भर के करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है।

उन्होंने कहा, 'चाहे सिडनी ओपेरा हाउस हो या एवरेस्ट पर्वत या समुद्र, संदेश यही है कि योग सभी के लिए है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। उन्होंने कहा, 'मेरा दुनिया से अनुरोध है कि इस योग दिवस को मानवता के लिए योग 2.0 की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए।' उन्होंने कहा कि योग हमें दुनिया को जोड़ने का संदेश देता है और यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। उन्होंने कहा कि योग एक व्यक्तिगत अनुशासन है, यह एक ऐसी प्रणाली भी है जो लोगों को 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है। मोदी ने कहा कि योग का मतलब होता है- जोड़ना। और ये देखना सुखद

## राजनाथ सिंह ने उधमपुर और अमित शाह ने अहमदाबाद में किया योग



है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता बढ़ रही है, तो योग शांति की दिशा दिखाता है। यह पॉज बटन जैसा। इस बार की योग की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। पीएम मोदी ने कहा- आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि अभी नेवी के जहाज में भी योगा कार्यक्रम चल रहा है। चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, या एवरेस्ट की चोटियां, या समुंदर का विस्तार हो एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है।पीएम ने कहा कि साथियों दुर्भाग्य से दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। कई क्षेत्रों में यह स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग हमें शांति का रास्ता दिखाता है। योग उस पॉज बटन की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि योग को सिर्फ पर्सनल प्रैक्टिस न बनाएं, बल्कि ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बनाएं। योग को लोकनीति का हिस्सा बनाएं। जब जनता लक्ष्य को थाम लेती है तो उस लक्ष्य की प्राप्ति से हमें कोई रोक नहीं पाता। आपके प्रयास यहां इस आयोजन में नजर आ रहे हैं। मी टु वी का भाव भारत की आत्मा का साथ है। मोदी ने कहा कि भारत विश्व में योग के प्रसार के लिए योग विज्ञान में आधुनिक रिसर्च को बढ़ावा दे रहा है। हम योग के क्षेत्र में प्रमाण आधारित थेरेपी को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आज हील इन इंडिया का मंत्र भी दुनिया में काफी पॉपुलर हो रहा है। भारत बेस डेस्टिनेशन बन रहा है। योग की इसमें बड़ी भूमिका है। अहमदाबाद में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि योग मन, शरीर और मस्तिष्क के बीच एकता लाता है। आज की दुनिया में योग दुनिया भर के लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने यहां सेना के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर में उनके प्रयासों की सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपकी बहादुरी की पूरे देश में प्रशंसा की जाती है। मैं भारतीय सेना की वीरता और साहस को सलाम करता हूं। उन्होंने संदेश दिया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को भारत की संस्कृति और भावना से जोड़ना ही योग का सार है।

## योग दिवस पर भारत में बने वर्ल्ड रिकॉर्ड

**वडनगर।** पूरे देश में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की धूम रही। भारत ने योग दिवस पर विशेष उपलब्धि हासिल की। गुजरात और आंध्र प्रदेश ने योग में रिकॉर्ड कायम करते हुए गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात और गृह नगर वडनगर ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यहां दो हजार लोगों ने दो मिनट नौ सेकेंड तक भुजंगासन करके यह उपलब्धि हासिल की। वहीं आंध्र प्रदेश ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। यहां तीन लाख लोगों ने एक साथ योग करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वहीं 2,000 आदिवासी छात्रों ने एक साथ 108 मिनट में 108 सूर्य नमस्कार करके बड़ी उपलब्धि हासिल की। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक रिचर्ड स्टनिंग ने बताया कि योग में कोबरा मुद्रा (भुजंगासन) करने वाले सबसे अधिक लोगों का रिकॉर्ड शनिवार को बना। हमने रिकॉर्ड के लिए प्रतिभागियों की न्यूनतम संख्या 250 तय की थी। उन्हें कम से कम एक मिनट के लिए कोबरा मुद्रा में योग करना था। करीब 2184 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया और दो मिनट और नौ सेकेंड तक 2121 प्रतिभागियों ने योग किया। उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा। इसमें शामिल सभी लोगों को बधाई, और यह एक शानदार उपलब्धि है।

### गिनीज बुक में दर्ज हुआ गुजरात और आंध्र प्रदेश का नाम


## जापान और लंदन में भी हुए योग पर कार्यक्रम

जापान में भारतीय दूतावास ने टोक्यो में भी योग दिवस समारोह आयोजित किया गया। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि जापान के प्रधानमंत्री की पत्नी मैडम योशिको इशिबा ने योग कार्यक्रम उद्घाटन किया। इस अवसर पर विदेश मंत्री की पत्नी मैडम सातोको इवाया भी मौजूद थीं। राजदूत सिबी जॉर्ज ने दो हजार से ज्यादा योग प्रेमियों की सभा को संबोधित किया। साथ ही, रेवरेंड म्योकेन हयामा और रेवरेंड तोमोहिरो किमुरा ऑफ़ त्सुकिजी होंगवानजी, राजदूत मैडम जोइस सिबी की पत्नी, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, रेजिडेंट राजदूत और राजनयिक और जापान में भारत के मित्र भी मौजूद थे।लंदन में भारतीय उच्चायोग पर आयोजित योग कार्यक्रम में लोग शामिल हुए। एक प्रतिभागी ने कहा कि मैं रोज योग का अभ्यास करती हूं। योग मन के लिए है और मुझे अपने विचारों पर नियंत्रण रखने में मदद करता है। एक बार जब मैं अपने विचारों पर नियंत्रण रखूंगी, तो मैं जो कुछ भी कहूंगी और करूंगी और दूसरों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करूंगी, उस पर भी मैं नियंत्रण रखूंगी।

# भारतीय मनीषा की अनुपम देन है योग : सीएम योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है। योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाकर भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। यही वजह है कि आज 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 190 देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं। सीएम योगी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्व योग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी।

### मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में किया योगाभ्यास



महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग भारत की ऋषि परंपरा का ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। सीएम योगी ने कहा कि मानव जीवन के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ काम, मोक्ष की प्राप्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर ही संसार सांसारिक उत्कर्ष और आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है। धनोपार्जन से लोक कल्याण हो, कामनाओं की पूर्ति हो या फिर मुक्ति का मार्ग, इन सबके लिए स्वस्थ शरीर ही माध्यम है। उन्होंने कहा कि धर्म पालन का साधन बनाने और चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति के लिए शरीर को स्वस्थ रखने का कार्य योग से होता है।

इसी योग को भारती ने लोक कल्याण का माध्यम बनाया और फिर इसके जरिये विश्व कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज योग के अलग-अलग आयाम देखने को मिलते हैं। व्यक्तित्व विकास से लेकर ब्रह्मांड के रहस्यों को उद्घाटित करने तक योग के समृद्ध ज्ञान को विरासत के रूप में वेदों, उपनिषदों, पुराणों, स्मृतियों और शास्त्रों में प्रस्तुत किया। सीएम योगी ने कहा कि योग की प्राचीन भारतीय परंपरा को आधुनिक युग में आगे बढ़ने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। ऐसे दौर में जब बाहरी लोग योग के आसनों को पेटेंट कराने लगे थे और भारत अपनी विरासत से वंचित हो रहा था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में पहल कर योग को वैश्विक मान्यता दिलाई। पीएम मोदी के ही प्रयास से 21 जून 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरुआत हुई।

# मतदान केंद्रों का फुटेज सार्वजनिक करना निजता का उल्लंघन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांग के बीच चुनाव आयोग ने बड़ा बयान दिया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की निजता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मांग उनकी धारणा के लिए ठीक है, जो मतदाता हितैषी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सुरक्षा के लिए उपयुक्त लगती हैं, लेकिन वास्तव में इसका मकसद बिल्कुल विपरीत उद्देश्य को प्राप्त करना है।

### मांग करने वालों को चुनाव आयोग की दो टूक

अधिकारियों ने दावा किया कि जिसे बहुत तार्किक मांग के रूप में पेश किया जा रहा है, वह वास्तव में मतदाताओं की निजता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का उल्लंघन है। यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951 में निर्धारित कानूनी स्थिति और शीर्ष कोर्ट के निर्देशों के पूरी तरह विपरीत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि फुटेज को साझा करने से मतदाता और मतदाता न होने वाले लोग दोनों ही असामाजिक तत्वों के निशाने पर आ सकते हैं। इससे किसी भी समूह या व्यक्ति की ओर से मतदाताओं की पहचान करना आसान हो जाएगा। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं तो वह सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी




से पहचान सकता है कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस मतदाता ने नहीं।

# एअर इंडिया के तीन वरिष्ठ अफसरों पर गिरी गाज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने विमानन सुरक्षा को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीजीसीए ने एअर इंडिया को डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट समेत अपने तीन अधिकारियों को चालक दल (क्रू) की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 जून को अपने आदेश में एअर इंडिया को इन अधिकारियों के खिलाफ अविलंब अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के आदेश के अनुसार तीन अधिकारियों में एयरलाइन का एक डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट भी शामिल है। डीजीसीए ने एअर इंडिया से 10 दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा है। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि लाइसेंसिंग, आराम और नवीनता आवश्यकताओं में चूक के बावजूद उड़ान चालक दल (क्रू) के शेड्यूल और संचालन में एअर इंडिया ने बार-बार लापरवाही बरती। इस लापरवाही का पता एआरएमएस से सीएई उड़ान और चालक दल प्रबंधन प्रणाली में परिवर्तन के बाद की समीक्षा के दौरान चला। एआरएमएस (एयर रूट मैनेजमेंट सिस्टम) एक सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म है जिसका उपयोग एयरलाइन द्वारा विभिन्न परिचालन और प्रबंधन कार्यों के लिए किया जाता है। इसमें चालक दल की रोस्टरिंग और उड़ान योजना आदि शामिल हैं। डीजीसीए के आदेश में कहा गया है कि समीक्षा के दौरान हुए खुलासे चालक दल की समय-सारणी, अनुपालन निगरानी और आंतरिक जवाबदेही में विफलता की ओर इशारा करते हैं। लापरवाही के बाद भी जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारी अनधिकृत और गैर-अनुपालन चालक दल की जोड़ी, अनिवार्य लाइसेंसिंग, नवीनता मानदंडों का उल्लंघन और समय-निर्धारण प्रोटोकॉल, निरीक्षण में विफलता समेत गंभीर चूकों में शामिल रहे हैं। डीजीसीए ने एअर इंडिया को चेतावनी दी कि भविष्य में चालक दल की समय-सारणी में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीजीसीए (नागरिक विमानन महानिदेशालय) ने एअर इंडिया के एकाउंटेबल मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### डीजीसीए ने सभी भूमिकाओं से हटाने के लिए कहा

# ईरानी सेना के तीन कमांडर मारे गए

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इजराइली सेना ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों को मारने का दावा किया है। इनमें ड्रोन यूनिट, आईआरजीसी कुद्स फोर्स और आईआरजीसी के फिलिस्तीनी मामलों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। इजराइल ने ईरानी शहरों- खोरमाबाद, कोम, इस्फहान पर भी मिसाइलें दागीं। इसमें 5 लोगों की मौत और 4 घायल हो गए। इजरायल की डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उन्होंने ईरानी मिलिट्री के सीनियर सदस्य सईद इजादी को मार गिराया है। इजादी पर इजरायल के खिलाफ साजिश रचने का आरोप है।

### इस्फहान न्यूक्लियर साइट पर भी हमला

### ट्रम्प बोले- इजराइल जीत रहा उसे रोक नहीं सकते



इजरायल ने ईरान में एक टारगेटेड एयरस्ट्राइक कर इजादी को मार गिराया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर आईडीएफ ने लिखा, इजरायल को नष्ट करने के ईरानी सरकार की योजना के मास्टरमाइंड सईद इजादी को कोम क्षेत्र में एक सटीक हमले में मार गिराया गया है। इजादी कुद्स फोर्स के फिलिस्तीनी कोर का कमांडर था और ईरान व हमास के बीच को-ऑर्डिनेट करता था। वहीं, ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल में तेल अवीव समेत दूसरे शहरों पर मिसाइल हमले किए। हालांकि, इनमें कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह इजराइल को जंग रोकने के लिए नहीं कहेंगे। फिलहाल इजराइल जंग में आगे है। इस वजह से उसे रोकना मुश्किल है। इजराइल ने 13 जून की सुबह ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। बीते 8 दिनों में ईरान में अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। ईरान के सरकारी अखबार नूर न्यूज ने देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया है कि 13 जून को इजराइली हमले के बाद से ईरान में कम से कम 430 नागरिक मारे गए हैं। 3,500 घायल हुए हैं। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में सेना के शीर्ष अधिकारी और परमाणु वैज्ञानिक शामिल हैं।

# चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवाओं पर रोक

**देहरादून।** मानसून की दस्तक ने चारधाम यात्रा में केदारनाथ धाम, बदरीनाथ व हेमकुंड साहिब के लिए हेली सेवाओं की उड़ान रोक दी है। 22 जून के बाद आगे की यात्रा के लिए हेली टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग नहीं होगी।

मानसून सीजन में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम की चुनौती को देखते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से हेलिकॉप्टर संचालन की अनुमति नहीं मिली है। केदारनाथ धाम के लिए दो मई से गुप्तकाशी, सिरसी, फाटा हेलिपैड से हेली सेवा का संचालन शुरू हुआ था। जबकि हेमकुंड साहिब के लिए गोबिंदघाट से घांघरिया तक 25 मई से हेली सेवा संचालित की गई।

इस बार चारधाम यात्रा में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं के चलते डीजीसीए व उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) की ओर से सख्त निगरानी की जा रही है। प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है। जिससे 22 जून से आगे की यात्रा के लिए केदारनाथ व हेमकुंड साहिब हेली सेवाओं के टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग रोक दी गई।

वहीं, डीजीसीए ने भी मानसून सीजन में हेली सेवा की अनुमति नहीं दी। 15 जून को केदार घाटी में हेलिकॉप्टर दुर्घटना के बाद से अभी तक केदारनाथ के लिए हेलिकॉप्टरों ने उड़ान नहीं भरी। मानसून सीजन खत्म होने पर 15 सितंबर के बाद ही हेली सेवा शुरू हो पाएगी।

2029 में अपनी भूमिका पर बोले गडकरी

# 'असली पिक्चर अभी बाकी है...'

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 आम चुनाव में अपनी भूमिका पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया, वह सिर्फ एक न्यूज रील था। असली फिल्म अभी आनी बाकी है। हालांकि, केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि पार्टी ही अपने पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों के बारे में फैसला करती है। ऐसे में आलाकमान जिस भी पद के लिए तय करेंगे, वह काम करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, अभी तक जो हुआ है, वह तो न्यूज रील थी। असली फिल्म शुरू होना अभी बाकी है। गडकरी ने कहा, कार्यकर्ता की जिम्मेदारी और वह क्या काम करेगा, यह पार्टी तय करती है। मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे पूरा करूंगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने कभी अपना राजनीतिक बायोडेटा आगे नहीं बढ़ाया। इसके अलावा उन्होंने कभी भी समर्थकों से हवाई अड्डों पर उनके लिए भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भी नहीं कहा।

गडकरी ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या को रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।



# ईरान का समर्थन करे भारत : सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को गाजा और ईरान में इजरायल की तबाही पर भारत की चुप्पी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह न केवल उसकी आवाज का नुकसान है, बल्कि मूल्यों का भी समर्पण है। एक लेख 'भारत की आवाज सुनने के लिए अभी भी देर नहीं हुई है' में उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार पर इजरायल के साथ एक स्वतंत्र फिलिस्तीन की कल्पना करते हुए शांतिपूर्ण दो-राष्ट्र समाधान के लिए भारत की दीर्घकालिक और सैद्धांतिक प्रतिबद्धता को त्यागने का आरोप लगाया। गांधी ने लेख में अमेरिका के अंतहीन युद्धों के खिलाफ बोलने के बाद पश्चिम एशिया में विनाशकारी रास्ते पर चलने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भी आलोचना की।

# ईरान से अब तक 517 भारतीयों की सुरक्षित वापसी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते संघर्ष के हालात के बीच भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी कि अब तक कुल 517 भारतीय नागरिक ईरान से सकुशल भारत लौट चुके हैं। इनमें छात्र, धार्मिक तीर्थयात्री और अन्य नागरिक शामिल हैं। यह राहत अभियान बुधवार को लॉन्च किया गया था और इसके तहत लगातार चार्टर्ड फ्लाइट्स के ज़रिए लोगों को सुरक्षित दिल्ली लाया जा रहा है।

### विदेश मंत्रालय ने कहा- जारी रहेगा अभियान

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि शुक्रवार रात 11.30 बजे एक विशेष उड़ान ईरान से 290 भारतीयों को लेकर दिल्ली पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में छात्र और धार्मिक यात्रियों के साथ-साथ महिलाएं भी शामिल थीं। विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण चटर्जी ने एयरपोर्ट पर यात्रियों का स्वागत किया। जायसवाल ने ईरानी सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में उन्होंने भरपूर सहयोग किया है। शनिवार सुबह एक और फ्लाइट तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात से दिल्ली पहुंची। यह उड़ान भी ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के क्रम में ही थी।



## जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**सफीपुर उन्नाव** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावीए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसीलए सफीपुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मा0 विधायक श्री बम्बालाल दिवाकर एवं उप जिलाधिकारी श्री शिवेन्द्र वर्मा द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सफीपुरए उन्नाव में उप जिलाधिकारी द्वारा राजस्व विभाग की 98ए पुलिस विभाग की 35ए विकास विभाग की 8ए विद्युत विभाग की 6ए पूर्ति विभाग की 7 सहित अन्य विभागों की 39 शिकायतोंध्समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 193 शिकायतें प्राप्त हुईंए जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर मा0 विधायक ने क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रभावीए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवसए मुख्यमंत्री हेल्पलाइनध्आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैंए अधिकारी गण उन्हे अच्छे से पढ़े और तदोपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर तहसील परिसर में संबंधित विभागों द्वारा पोषणए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिए फार्मर रजिस्ट्रीए पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्या सुफीपुर एवं स्वास्थय के कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा जरूरतमन्दों को आवश्यक दवाओं का वितरण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिनंदन प्रसादए जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंहए परियोजना निदेशक तेजवंत सिंहए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री प्रकाश पांडेए जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चन्द्राए जिला कृषि अधिकारी शशांकए उपायुक्त उद्योग करूणा रायए जिला मत्स्य अधिकारी बी0के0 दुबेए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सुबोध कुमारए जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हाए तहसीलदार सफीपुर आशुतोष उपाध्यायए क्षेत्राधिकारी सफीपुर मधुप नाथ मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## कल हुए एआरटीओ ऑफिस के बाहर मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज

**उन्नाव** कानपुर के बिठूर थाना क्षेत्र के रहने वाले प्रदीप त्रिवेदी की तहरीर पर दर्ज हुई एफआईआर।वासू मोटर ड्राइविंग स्कूलए संजय यादवए अंशू यादवए रजोल तिवारी समेत 50.60 अज्ञात लोगो पर दर्ज हुई एफआईआर। एआरटीओ ऑफिस के बाहर घेराबंदी क़र मारपीट क़र धमकाने और हत्या के प्रयास की दर्ज हुई एफआईआर। विधायक लिखी कार सवार लोगो और एआरटीओ ऑफिस के बाहर मोटर ड्राइविंग स्कूल संचालको के बीच हुई थी मारपीट। क्या था मामला एआरटीओ कार्यालय में वर्चस्व स्थापित करने लेकर दो पक्षों में हुई थी जमकर मारपीट विधायक लिखी जेट ब्लैक सीसों से लैस गाड़ियों से 15 से ज्यादा दबंगों ने जमकर बवाल काटा और मारपीट की है । दबंगई का लाइव वीडियो सामने गया है । कानपुर जनपद के नम्बर वाली 5 से 6 लग्जरी ;विधायकद्ध लिखे वाहनों से उन्नाव एआरटीओ कार्यालय दबंग पहुंचे थे। कार सवार दबंगो ने उन्नाव में मोटर ड्राइविंग स्कूल संचालक संजय यादव के मुंह पर फिल्मी स्टाइल में सिगरेट का धुंवा मुंह पर फूंक दिया । इस पर मारपीट शुरू की गई । दोनों पक्षों में जमकर लाठी . डंडे व बेल्ट चले और हाईवे पर दौड़ा दौड़ाकर पीटा है । कानपुर से आये सत्ता पक्ष के नेता ;विधायकद्ध का खुद को करीबी बता रहे थे । दोनों पक्षों में हुई मारपीट में एक वाहन के शीशे टूट गए । पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है । वही कानपुर मोटर ड्राइविंग स्कूल के संचालक विवेक तिवारी ने उन्नाव के मोटर ड्राइविंग स्कूल संचालकों पर मारपीट करने व उन्नाव में काम ना करने की धमकी देने आरोप लगाए हैं । विवेक के मुताबिक उनके वाहनों को तोड़ा गया और मारपीट के दौरान उनकी चेन भी लूट ली गई। जनपद कानपुर के मोटर ड्राइविंग स्कूल के संचालक विवेक तिवारी व श्यामू प्रजापति का उन्नाव में भी मोटर ड्राइविंग स्कूल का लाइसेंस हुआ है।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन



**उन्नाव**11 वेअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइनए सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 सांसद डॉ0 सच्चिदानंद हरि साक्षी जी महाराज एवं मा0 सदर विधायक श्री पंकज गुप्ताए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अनुराग अवस्थी और नोडल अधिकारी के रूप में विशिष्ट अतिथि श्री विजय किरन आनंदए मुख्य कार्यकारी अधिकारीए इन्वेस्ट यू0पी0ए उत्तर प्रदेश ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ साक्षी जी महाराजए जिलाधिकारी एवं सदर विधायक द्वारा दीपक प्रज्वलन एवं धनवंतरी पूजन व शंखनाद के साथ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मा0 सांसद जी एवं अन्य विशिष्ट आमंत्रित अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं औषधीय पौधे देखकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मा0 नरेंद्र मोदी जी के योग दिवस पर उद्बोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। मा0 सांसद एवं जिलाधिकारी ने योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रकार की योग संबंधी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल देकर उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम में उनके प्रदर्शन को देखकर सराहना की। मुख्य अतिथि साक्षी जी महाराज ने अपने संबोधन में सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आवाहन किया। जनपद स्तर के नोडल अधिकारी डॉण् कप्तान सिंह के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन की सभी व्यवस्थाएं चाक चैबंद की गईए जिसकी सबने प्रशंसा की। विभिन्न स्कूल कॉलेजों के छात्रोंए जिले भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तैनात योग सहायक एवं योग प्रशिक्षकोंए आयुष चिकित्साधिकारियोंए सहित जिले के सभी विभागों के कर्मचारियों और पुलिस विभाग में चयनित रंगरूटों ने शिरकत कर योग प्रशिक्षण का लाभ लिया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठीए मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राजए पुलिस अधीक्षक श्री दीपक भूकरए उप जिलाधिकारी सदर श्री क्षितिज द्विवेदीए परियोजना निदेशक डीआरडीएए प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया। जिले के नवागंतुक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी वैद्य नीरज सोनी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## विकास कार्यों की जांच करने पहुँची टीम व शिकायतकर्ता के साथ अभद्रता व मारपीट

**सफीपुर उन्नाव** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सराय सकहन में कराए गए विकास कार्यों की में अनियमित्ताओं की शिकायत पर जांच पड़ताल करने जिला स्तरीय टीम गांव पहुंचीण् जांच टीम का नेतृत्व जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने कियाण् उनके साथ जेई ;आरईडीद्ध रमाशंकर राम और ग्राम सचिव सर्वेश दीक्षित भी मौजूद रहेण् टीम ने गांव में इंटरलॉकिंगए खड़ंजा मरम्मतए आरआरसी सेंटर निर्माण और हैंडपंप मरम्मत जैसे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कियाण्जांच टीम जैसे ही गांव में निरीक्षण कर आगे बढ़ीए ग्राम प्रधान राजू पाल और उनके समर्थकों ने शिकायतकर्ता प्रदीप और क्षेत्र पंचायत सदस्य अरुण के साथ मारपीट और अभद्रता कर दीपीड़ित अरुण का आरोप है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये का गबन हुआ हैण् उन्होंने बताया कि डीएम को पूर्व में शिकायत दी गई थीए जिसके आधार पर जांच टीम गांव में आई थीण्घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की हैण्शिकायतकर्ता प्रदीप ने बताया कि उन्होंने बार.बार ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाईए लेकिन उन्हें धमकाया जाता रहाण्शिकायती पत्र वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है

जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि जांच पूरी कर ली गई हैए रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगीण्मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल हैए हालांकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है

इस संबंध में एस ओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक कोई शिकायती पत्र नहीं आया है

## राजकीय विद्यालय लोटना के प्राचार्य के अगुवाई मे हुआ योगा दिवस



**मौरावा उन्नाव** अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के लोटना विद्यालय मे कुलपति जी के निर्देशानुसार एवं महाकुलाधिपति राजपाल महोदय के संरक्षण में ष्एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगष्सूर्य नमस्कार योग मुद्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत ने छात्र.छात्राओं को योग की उपयोगिता के बारे में बताया व विश्वविद्यालय से नियुक्त दो पर्यवेक्षक डॉ प्रेम किशोर शुक्ला एवं बृजेश कुमार यादव ने अपने महत्वपूर्ण विचारों को रखा महाविद्यालय में उपस्थित अध्यापक गण में डॉक्टर विकास कुमार सिंह डॉक्टर लोकेश्वर सिंह डॉक्टर पुष्कर मिश्रा डॉक्टर नीलिमा श्री गोविंद त्रिपाठी डॉ कैलाश चंद यादव डॉ पंकज सिंह डॉ आनंद कुमार श्री अखिलेश मिश्रा श्री अनुज पाल धीरेंद्र कुमार सिंह सुश्री आरती आशीष यादव निर्मल जीत बहादुर की गरिमा में उपस्थित रही एवं महाविद्यालय के लगभग 282 छात्राओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार योग एवं आसान में अपनी सहभागिता प्रदान की

## करो योग रहो निरोग उमाशंकर यादव



**शुक्लागंज उन्नाव** आज 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर में स्थानीय 'डी0एस0एम पब्लिक स्कूल में योगाचार्य उमाशंकर यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में योग साधकों द्वारा योगाभ्यास किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती उमा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया । मुख्य अतिथि ने सबके साथ विभिन्न योगासनए प्राणायामए व व्यायाम कर लोगों को निरंतर योग करते रहते हुए उसके लाभ शारीरिक रूप से स्वस्थ रहनाए ऊर्जावान रहना तथा जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी परिवारएदेश व समाज स्वस्थ रहेगा । ऐसा प्रेरणादाई उद्बोधन देकर कार्यक्रम में सहभागिता किया । कार्यक्रम में आशुतोष शुक्लाए डॉक्टर तारकेश्वर पाण्डेयए अंजनी कान्त मिश्रए रवि शुक्लाए ओम प्रकाश मिश्रए अवनीश शुक्लाए सुन्दर लाल तिवारीए पवन अवस्थीए जयराम सेंगरए राजकुमार शुक्लाए राजीव मिश्रए अनीताए रीता सिंहए ज्योति द्विवेदीए सुरभिए घनश्याम मिश्रए राजीव गुप्ताए राधाकृष्ण गुप्ताए रंजना शुक्लाए सुषमा वर्माए आदि लोग उपस्थित रहे ।

## एस आर पी लिटिल स्टार में बच्चो ने किया योग



**शुक्लागंज उन्नाव** राजधानी मार्ग स्थित एस0 आर0 पी0 लिटिल स्टार स्कूल मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस आयोजन में विद्यालय के छात्र.छात्राआ और शिक्षिकाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी को शारीरिक व्यायामए शारीरिक मुद्रा ;आसनद्धए ध्यान और साँस लेने की तकनीकों के बारे मे बताया गया और योग के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती स्वप्ना बसाक और विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती वर्षा शुक्ला ने सभी को योग का महत्व एवं योग संबंधित लाभो के बारे में बताया और सभी बच्चों को भोग करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर रीनाए रागिनीए पूनमए सारिकाए दीपिकाए मितालीए निशाए सुचित्राए अमिताए स्वातीए श्रेयाए मधुए वैशालीए अंजली और जागृति आदि अध्यापिकाएँ उपस्थित रही।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की समास्याओं को सुना गया

**हसनगंज उन्नाव** सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी प्रशासनिक सुशील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में फरियादियों की समास्याओं को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 206 पीड़ितों ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई जिसमें राजस्व के 115 पुलिस के 34 विकास के 26 अन्य 31 मामले आए। मौकेपर राजस्व संबंधित 16 मामलों का निस्तारण किया गया । बेचेलाल पुत्र श्री कृष्ण निवासी कन्जा खेड़ा ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरी जमीन मोहम्मदपुर परगना गोविंदा परसंदन गांव में है मेरी जमीन पर अरुणेश के द्वारा लेखपाल से मिली भगत कर जेसीबी से न्यू को खुदवा दी शिकायत करने के बाद आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई आज मैं तीसरी बार प्रार्थना पत्र दे रहा हूं
इस मौकेपर एडिशनल एसपी प्रेमचंदएउपजिलाधिकारी प्रज्ञा पांडेयए नायब तहसीलदार प्रज्ञा अग्निहोत्रीएखण्ड विकास अधिकारी हसनगंज अनिल कुमार सिंहएऔरास खण्ड विकास अधिकारी दीपशिखाएमियागंज सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर नितिन श्रीवास्तवए हसनगंज अधीक्षक प्रमोद कुमार सहित अधिकारीगण मौजूद रहें।

# कानपुर देहात समाचार



## भाकियू भानु गुट किसानों की समस्याओं को लेकर देगा धरना रू अरुण कुमार सिंह

### उपजिलाधिकारी ने किसानों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण कराये जाने का दिया भरोसा

रसूलाबाद कानपुर देहात ।भारतीय किसान यूनियन ;भानु द्ध के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह बउवा ने ग्रामीण अंचलों में अघोषित विद्युत कटौती उपभोक्ताओं को गलत बिजली बिल भेजने व गरीब महिलाओं के राशन कार्ड बनाने आदि की तमाम समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह को एक ज्ञापन देकर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराये जाने की मांग के साथ चेतावनी दी है कि शीघ्र निस्तारण न होने पर 29 जून को यूनियन के कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पर धरना देंगे । जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह बउवा ने बताया कि ग्राम पंचायत महेरा के ग्राम विकास अधिकारी जनता के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल न बनाकर बहुत परेशान करते है । उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार ने जलजीवन मिशन योजना के तहत पीने के लिए पानी की टंकियों का ग्राम पंचायत स्तर पर निर्माण तो करा दिया लेकिन अभी तक पानी सप्लाई चालू न किये जाने से जनता बहुत परेशान है ।उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने जनता की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण कराये जाने का भरोसा दिया है । इस मौके पर रवि त्रिपाठी शैलेन्द्र सिंह गोपाल चतुर्वेदी रोहित सहित अन्य यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## भव्य समारोह के बीच गुड्डुन भइया जनता के सामने रखेंगे 2 वर्ष के कार्यकाल का ब्योरा




**माती कानपुर देहात** कल तक युवा हृदय सम्राट लेकिन अब विकास पुरुष के रूप में अपनी पहचान कायम करने में पूरी तरह सफल अकबरपुर रनिया विधानसभा के लोकप्रिय युवा भाजपा नेता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन से अकबरपुर को कल बड़ी सौगात हासिल होने जा रही हैए जिला मुख्यालय की सदर नगर पंचायत होने के बावजूद अकबरपुर नगर पंचायत में अपना खुद का कोई एक बस स्टॉप अथवा चौराहा नहीं सामने आ रहा थाए लंबे प्रयासों के बाद गुड्डन की मेहनत रंग लाई है कल 23 जून को प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा क्षेत्र के जनप्रिय भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान नमस्ते चौराहे का उद्घाटन किया जाएगाए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला भी मौजूद रहेगी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा दैनिक स्वतंत्र भारत से वार्ता करते हुए कहा गया कि अकबरपुर की जनता का उन पर काफी कर्ज था जिसे चुकाने के लिए ईश्वर ने उन्हें यह अवसर दिया है वरना अकबरपुर शहर के लोग जानते हैं वह किस पोजीशन में कहां तक पहुंच गए थे यह जनता का प्यार है जो आज वह जनता की सेवा कर रहे हैं उन्होंने सभी से कार्यक्रम में भाग लेने का आवाहन किया है। यूं तो अपना अकबरपुर शहर जिला मुख्यालय की सदर नगर पंचायत का रुतबा खुद में सहेजें है लेकिन अफसोस की बात है जो अपने शहर को एक अदद चौराहे एवं बस स्टॉप की दरकार बनी रही नेता आए जनता से वायदे किए वोट लिए फिर पलट कर नहीं देखे विकास के दम कागजों पर भरे जाते रहेए भ्रष्ट व्यवस्थाओं से ऊभी जानता ने 2 वर्ष पूर्व समर्पित युवा समाजसेवी जितेंद्र सिंह गुड्डन की अर्धांगिनी दीपाली सिंह को एक तरफा ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाते हुए शहर के विकास की जिम्मेदारी उनके कंधों पर रखी थीए चुनाव जीतने के बाद गुड्डन ने शहर को चमकाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी आज लोगों के बीच इस बात की चर्चा जोरों से होती नजर आती है कि जो काम पिछले 20 वर्षों में नहीं हुए वह गुड्डन भइया के नेतृत्व में 2 वर्ष के अंदर करा दिए गएए प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री रहे दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित संतोष शुक्ला के नाम पर लोकतंत्र सेनानी बस स्टैंड का निर्माण करने के बाद चौराहे का सुंदरीकरण गुड्डन के प्रयासों से संभव हो सका कल 23 जून को भव्य समारोह के बीच प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह नमस्ते चौराहे का उद्घाटन करेंगेए दैनिक स्वतंत्र भारत से वार्ता करते हुए गुड्डन भैया द्वारा कहा गया कि उन्होंने जो भी किया है वह सीना ठोक कर किया है और उसे जानता देख रही है एक भी काम कागजों तक सीमित नहीं रहा है हकीकत सबके सामने है फिर भी वह समझ के बीच अपने दो वर्ष के कार्यकाल का पूरा ब्योरा जनता के सामने रखेंगे उन्होंने कहा कि जनता से शहर के विकास और जनता की सेवा करने का जो वायदा उन्होंने किया था उसे अपने जीवन की आखिरी सांस तक वह निभाने के मामले में कभी खुद को पीछे नहीं करेंगे उन्होंने जनता से खुलकर आवाहन किया कि विकास के प्रस्ताव बनाकर उनके सामने रखे जाएं वह प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के पास प्रस्ताव पहुंचकर माननीय सांसद के द्वारा उसे स्वीकृति दिलाने का कार्य करेंगे उन्होंने सभी से समझ में भाग लेने का आवाहन किया है।



## अखिलेश यादव ने हादसों में मौत के शिकार 3 परिवारों को भेजी अलग अलग एक एक लाख रुपये की चेकें

**रसूलाबाद कानपुर देहात** । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गरीब व असहाय 3 परिवार के सदस्यों की मौत पर एक एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की ।इस मदद के लिए पीड़ित परिवारों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया है और उन्हें गरीबों का मसीहा बताया है । सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दी गई आर्थिक सहायता की चेकों को पीड़ित परिवारों तक पहुचाने के लिए सपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार बबलू राजा विधान सभा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर राजपूत व रसूलाबाद विधान सभा की वरिष्ठ नेता नीलम कठेरिया प्रदेश के पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे कुलदीप संखबार सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान सन्तोष त्रिपाठी धीरू कटियार जिला कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता शिव कुमार बेरिया ने सबसे पहले मार्ग दुर्घटना में मौत के शिकार हुए पत्रकार रजनेश कठेरिया के घर पहुंच उनकी पत्नी को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता की चेक भेंट की ।इसके बाद सभी नेताओं ने ग्राम चन्दा निवादा रतनपुर में नदी में डूबने से 8 वर्षीय रोहित की मौत पर घर जाकर उनके पिता मनोज कुमार संखबार के अलावा औरनगाबाद बगुलाही में पुलिस लाठी चार्ज में मौत के शिकार अमित कुमार के घर जाकर उसकी पत्नी को एक एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता की चेके भेंट की । सपा नेत्री नीलम कठेरिया ने पीड़ित परिवार को चेक भेंट दौरान कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गरीबो के मसीहा है । पूरे भारत मे यही एक मात्र ऐसे नेता है जिनके दिल मे गरीबो के प्रति हमदर्दी है । पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कुलदीप संखबार ने कहा कि गरीबों की मदद के मामलों में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा दूसरा कोई नेता देश प्रदेश में नही है । उन्होंने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष हर जाति के लोगो की दिल खोल कर मदद करते है । आर्थिक सहायता की चेकें प्राप्त करने के बाद पीड़ित परिवारों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त कर उन्हें गरीबो का मसीहा बताया ।

# अंतराराष्ट्रीय योग दिवस: एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर लोगों ने किया योग









**-राजनीतिक दलों के साथ जिला प्रशासन व अन्य लोगों ने किया प्रतिभाग**

कानपुर। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम के साथ-साथ शहर के विभिन्न पार्कों में लोगों ने एक साथ मिलकर योग का अभ्यास किया। समाज सेवी संस्थानों, सरकारी विभागों, स्कूलों आदि जगहों पर योग का अभ्यास किया गया। ग्रीनपार्क में जिला प्रशासनिक द्वारा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर लोगों ने योग किया। इसके साथ अतिथियों का स्वागत भी औषधि के पौधे भेंट कर किया गया। योग गुरु करीब 45 मिनट तक अलग-अलग आसन कराते रहे। इसके साथ ही उन्हें आसन के फायदे भी बताए गए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एमएलसी अरुण पाठक, जिला पंचायत सदस्य स्वप्निल वरुण, मण्डलायुक्त के विजयेन्द्र पाण्डियन, एडीएम सिटी राजेश कुमार, सीएमओ डॉ उदयनाथ सिंह समेत जिले के सभी अधिकारी एक साथ योग किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण सुना। लोगों के मनोरंजन के लिए स्टेडियम में सेल्फी प्वाइंट बनाए गए, जिसमें लोगों ने सेल्फी ली और लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। जिला प्रशासन की ओर से क्यूआर कोड भी लगाए गए थे, जिसके माध्यम से लोगों ने स्कैन कर अपना रजिस्ट्रेशन कराया। अब इनको जिला प्रशासन की ओर से सार्टिफिकेट भी दिया जाएगा।

**योग मानसिक और बौद्धिक विकास का है माध्यम- महाना**

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य योग दिवस के माध्यम से भी हो रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री ने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। महाना ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही एक बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकता है। योग के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग अनुशासन सिखाता है और जीवन में संतुलन लाता है। उन्होंने आयुष विभाग और जिला प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रमों की सराहना की।

**शिक्षण संस्थानों ने किया प्रतिभाग**

योग अभ्यास में शहर भर के शिक्षण संस्थान, प्राइवेट और सरकारी ऑफिसों के लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। लोगों की इंट्री 10ए, 10बी, 10 सी, 2ए, 7ए गेट से दी गई। जिससे अव्यवस्था से बचा जा सके। आर्ट ऑफ लिविंग के योग गुरू राहुल यदुवंशी, विभा त्रिपाठी, सुप्रिया विद्यार्थी, शुकुल श्रीवास्तव, पुनील अवस्थी ने सभी लोगों को योग कराए। ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, त्रिकोणासन, सेतुबंध आसन, वृक्षासन का अभ्यास कराया गया। लगभग 45 मिनट तक सभी ने एक-एक कर योग किए और उसके फायदों के बारे में भी जाना।

**आईएमए परिसर में चिकित्सकों ने किया योगाभ्यास**

11वें विश्व योग दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा योग शिविर का आयोजन आईएमए परिसर में किया गया। इस योग शिविर में कानपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने भाग लिया। आईएमए की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला और इससे होने वाले महत्व पर विस्तार से बताया। योगाचार्य डॉ रविन्द्र पोरवाल ने बताया कि योग के आसनों को शास्त्रों में बताए हुए विधि विधान से ही करना चाहिए आसन के अभ्यास के समय थोड़ी सी भी गलती आसन की मूल लाभ से वंचित कर देती है और हमें केवल व्यायाम का फायदा मिलता है। उन्होंने वजन कम करने के लिए अश्व चालन आसन और विमानासन को बहुत महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षक डॉ रविंद्र पोरवाल योगाचार्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ अवध दुबे, सब कमेटी डॉ संजय रस्तोगी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ उमेश पालीवाल, संयोजक आध्यात्मिक सब कमेटी, डॉ दीपक श्रीवास्तव, डॉ मीरा अग्निहोत्री, डॉ एसी अग्रवाल, डॉ रीता मित्तल, डॉ अनुराग मेहरोत्रा समेत कई चिकित्सक मौजूद रहे।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से किया योग**

नारायना नर्सिंग कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग सत्र का संचालन फिजिकल एजुकेशन वूमेन सेल्फडिफेन्स उत्तर प्रदेश सचिव विनय गोपाल श्रीवास्तव द्वारा किया गया। जिसमें वॉर्म-अप व्यायाम सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम शामिल थे। इसका उद्देश्य मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर नारायणा ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस के सचिव अमित नारायण, प्रबंधक उदित नारायण तथा नारायना नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ जयश्री अजित विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में योग को जीवनशैली में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया और सभी को प्रतिदिन योग करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन योग के नियमित अभ्यास और इसके प्रचार-प्रसार हेतु शपथ के साथ किया गया। यह आयोजन संस्था की समग्र शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## 93 किमी लंबी आउटर रिंग रोड परियोजना से यातायात होगा सुगम

**-डीएम ने लिया छतमरा में परियोजना की स्थिति का जायजा**



कानपुर। समग्र विकास और सतत यातायात समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आउटर रिंग रोड परियोजना महानगर को बाहरी परिधि से जोड़ते हुए प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय मार्गों से निर्बाध रूप से जोड़ने का कार्य करेगी। शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने छतमरा में परियोजना की स्थिति का जायजा लिया। 93 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में से लगभग 62 किलोमीटर हिस्सा कानपुर नगर क्षेत्र में आता है, जबकि शेष भाग उन्नाव और कानपुर देहात जिलों में स्थित है। इस रिंग रोड से कानपुर-कबरई मार्ग, लखनऊ-अलीगढ़ रूट, आगरा एक्सप्रेसवे और प्रयागराज रोड जैसी प्रमुख सड़कों को सीधा और निर्बाध संपर्क मिलेगा, जिससे शहर के भीतर के दबाव और ट्रैफिक कंजेशन में उल्लेखनीय कमी आएगी। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि परियोजना का निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। छतमरा क्षेत्र में 1.8 किलोमीटर भूमि का अधिग्रहण कर एनएचएआई एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पजेशन भी प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में परियोजना को लेकर कानपुर नगर क्षेत्र में कोई प्रमुख अवरोध नहीं है, जिससे इसके अगले चरणों में अपेक्षित गति मिलेगी। यह परियोजना को जुलाई 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। हालांकि प्रशासन का प्रयास है कि दिसंबर 2026 के अंत या जनवरी 2027 के प्रारंभ तक कुछ भागों को सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध करा दिया जाए, जिससे लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। **परियोजना से नए आर्थिक औ सामाजिक क्षेत्रों का होगा सुगम विकास** डीएम ने कहा कि आउटर रिंग रोड से कानपुर शहर बाहरी कनेक्टिविटी के स्तर पर एक नया मील का पत्थर स्थापित करेगा। ट्रैफिक जाम की मौजूदा समस्याओं से निजात मिलेगी और शहर के अंदर आने वाला भारी वाहनों का दबाव कम होगा। यह परियोजना केवल एक सड़क मार्ग नहीं, बल्कि शहर के व्यवस्थित शहरी विकास की आधारशिला है। डीएम ने कहा कि परियोजना से न केवल औद्योगिक, वाणिज्यिक और यातायातिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि नए आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों का विकास भी सुगम होगा। रिंग रोड के किनारे भविष्य में लॉजिस्टिक हब, वेयरहाउसिंग, और ट्रांसपोर्ट टर्मिनल जैसी संरचनाओं के विकास की भी संभावनाएं खुलेंगी।.

## एवारा फर्टिलिटी ने शहर में लॉन्च किया अपना पहला सेंटर



कानपुर। एवारा फर्टिलिटी ने स्वरूप नगर में अपने प्रमुख फर्टिलिटी और आईवीएफसेंटर का उद्घाटन किया। जिससे भारत के उभरते शहरों के लिए समर्पित एक नए फर्टिलिटी केयर ब्रांड की शुरुआत हुई। उन्नत फर्टिलिटी सर्विस को सुलभ, नैतिक और बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रेरित होकर एवारा का लक्ष्य है कि वह टियर-2 शहरों में फर्टिलिटी हेल्थ सर्विस को नए मायनों में परिभाषित करे, जिसकी शुरुआत कानपुर से की गई है। सांसद रमेश अवस्थी शामिल ने एवारा की नेतृत्व टीम और प्रमुख फर्टिलिटी विशेषज्ञों के साथ मिलकर सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि कानपुर जैसे शहरों में बढ़ती फर्टिलिटी समस्याओं को देखते हुए एवारा जैसे क्वालिटी सेंटर की ज़रूरत थी। उन्होंने हमारे शहर में एक पेशेंट सेंट्रिक, टेक बेस्ड फर्टिलिटी ब्रांड की शुरुआत की। वहीं एवारा फर्टिलिटी की डायरेक्टर डॉ रूचिता शर्मा ने कहा कि हर दंपत्ति का पैरेंट्स बनने का सपना, ध्यान और उच्च स्तर की देखभाल का हकदार है। कानपुर में हमारी लॉन्चिंग एक ऐसा पड़ाव है, जो टियर-2 भारत में हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एवारा फर्टिलिटी केवल एक क्लिनिक नहीं है। यह एक मूवमेंट है, जो इच्छुक माता-पिता को किफायती, उन्नत और भरोसेमंद फर्टिलिटी सॉल्यूशन से सशक्त बनाने के लिए बना है। एवारा में हम सिर्फइलाज नहीं देते, हम उम्मीद देते हैं, जो सहानुभूति, नैतिकता और गुणवत्ता के साथ दी जाती है। भारत की कुल प्रजनन दर अब 1.9 पर पहुंच चुकी है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे है, जबकि उत्तर प्रदेश की प्रजनन दर 2.35 है, ऐसे में देश में प्रजनन से जुड़ा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। कानपुर जैसे शहरों में शहरी दंपत्तियों को तनाव, देर से माता पिता बनने और मेडिकल जटिलताओं के चलते गर्भधारण में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत के छोटे शहरों की यात्रा में एक बात स्पष्ट दिखी कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में हजारों दंपत्ति अब भी बांझपन के खिलाफचुपचाप लड़ाई लड़ रहें हैं, बिना सही डायग्नोसिस, सहायता या तकनीक के।



## आईआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर समेत तीन पर एफआईआर

**-दस फरवरी को आईआईटी छात्र ने फांसी लगाकर दी थी जान**

कानपुर। चार माह पूर्व आईआईटी के एक छात्र के सुसाइड कर लेने के मामले में संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर, एक रिसर्च छात्रा व उसकी मां के खिलाफआत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके बाद से मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद परिवार वालों ने कोर्ट के आदेश पर कल्याणपुर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कराई है। आजमगढ़ निवासी अंकित यादव आईआईटी में रसायन विज्ञान विषय से रिसर्च कर रहे थे। अंकित ने बीती 10 फरवरी को अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्र के पिता रामसूरत यादव का आरोप था कि द्वारिका दिल्ली निवासी योगिता यादव बेटे की लैबमेट थी। उसी के साथ शोध कर रही थी। बेटे से संबंध बनाने के बाद उसने आर्थिक शोषण शुरू कर दिया था। दबाव में आकर अंकित ने पर्सनल लोन लेकर योगिता को 50 हजार रुपये भी दिए। उन्होंने इस बात की शिकायत योगिता की मां मीरा यादव से की थी। इस पर दोनों ने माफी मांगते हुए रकम लौटा दी थी, लेकिन इसके बाद योगिता और उसकी मां मीरा यादव अंकित को ब्लैकमेल कर प्रताड़ित करने लगे। साथ ही आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मुकदमा दर्ज करने की बात भी कहीं। रामसूरत ने बताया कि योगिता और उसकी मां मीरा के अलावा अंकित के गाइड असिस्टेंट प्रोफेसर पार्थ सारथी उसे प्रताड़ित करने लगे। वह उसे भोजन न देने और सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करने लगे। योगिता और उसकी मां ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर अंकित से पांच लाख रुपये की मांग की। जिससे प्रताड़ित होकर अंकित ने फांसी लगाकर आत्महत्या करली। कल्याणपुर थाने में तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। अंकित के सुसाइड नोट्स से राइटिंग का मिलान भी नहीं हुआ। साथी आईआईटी की ओर से शिकायत करने के बावजूद भी आरोपितों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें विवेचना शुरू कर दी गई है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## टीएचएच का है बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, हर शहर में हों स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स- पीयूष चावला

**-अब तक मैदान पर खेला, अब माइक के साथ कमेंट्री में नजर आ रहा हूं**





कानपुर। टीएसएच जैसे कॉम्प्लेक्स अन्य शहरों में भी बनने चाहिए ताकि देशभर के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके। टीएसएच का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतरीन है और उसके मुकाबले फीस काफी सामान्य है। जो बच्चे यहां प्रशिक्षण ले रहे हैं, उनमें से 8 से 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनका नाम आगे चलकर जरूर सुनाई देगा। यह बात शनिवार को वर्ल्ड कप विजेता क्रिकेटर पीयूष चावला ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। श्री चावला ने कहा कि

क्रिकेट मेरा जीवन है और मैं इससे बेहद प्यार करता हूं। अब तक मैदान पर खेला, अब माइक के साथ कमेंट्री में नजर आ रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश से हूं, लेकिन क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए देशभर में जाऊंगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खेलों के प्रति सकारात्मक सोच को भी सराहा। श्री चावला ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद टीम इंडिया को लेकर जो सवाल उठते हैं, उनका जवाब शुक्रवार से शुरू हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच में खिलाड़ियों की शानदार शुरुआत से मिल गया है। टीम इंडिया के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जो आने वाले दिनों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। टीएसएच के डायरेक्टर प्रणीत अग्रवाल ने बताया कि संस्था अल्प आय वर्ग के 100 बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दे रही है, जिनमें 40 बच्चों को हॉस्टल की भी सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि पीयूष चावला जैसे लीजेंड से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिला है और आगे भी इस प्रकार के कई कैंप आयोजित किए जाएंगे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शशीकांत खांडेकर की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गौरवपूर्ण बना दिया। पीयूष चावला ने उनके प्रति आभार जताते हुए कहा मैं खुद खांडेकर सर की छत्रछाया में बड़ा हुआ हूं और आज उनके ही मार्गदर्शन में टीएसएच में बच्चे क्रिकेट सीख रहे हैं। श्री चावला ने कहा मैं साल में एक बार जरूर बच्चों को गाइड करने जरूर आउंगा।

## पिछड़े वर्ग के लोगों के अधिकार व रोजगार पर पड़ रहा डाका-सांसद चंद्रशेखर

**-लाजपत भवन में आयोजित आसपा का 7वां प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन**





कानपुर। लाजपत भवन में शनिवार को आजाद समाज पार्टी का 7वां प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी चीफ व नगीना सांसद चंद्रशेखर शामिल हुए। पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा कि सहारनपुर से इस सम्मेलन की शुरुआत की गई है। जिसका उद्देश्य दलितों, पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पर खतरा बन गया है। पिछड़े वर्ग के लोगों के अधिकार आरक्षण, शिक्षा, रोजगार पर डाका पड़ रहा है। प्रदेश में चाहे शिक्षामित्रों का समायोजन हो, शिक्षा भर्ती का मामला हो हर जगह कमजोर वर्ग पर अन्याय हो रहा है। मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर चल रहा है। उन पर गोलियां चलाई जा रहीं हैं। दलित, पिछड़ों को मार-मार कर लटकाया जा रहा है। उनकी बच्चियों की अस्मत पर हमला हो रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो रही है। ऐसे में कमजोरों के अस्तित्व बचाने, कमजोर वर्ग को जोड़ने, लोगों की समस्याओं को दूर करने और भविष्य की तैयारियों के लिए यह सम्मेलन आयोजित हो रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नगीना सांसद ने कहा कि कौशांबी में षड़यंत्र करके बेटियों के साथ अत्याचार किया गया। उनके लिए लड़ने वालों को जेल में डाला गया। उन्होंने कहा वह जल्द ही कौशांबी जाकर पीड़ित परिवार से मिलेंगे और घटना की सीबीआई जांच कराने की भी मांग करेंगे।**जातीय जनगणना के साथ आर्थिक सर्वे भी होना चाहिए** भीम आर्मी चीफने कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए, साथ ही उनके आंकड़े जारी होने चाहिए। इसके साथ ही आर्थिक सर्वे भी होना चाहिए, किसके पास कितना पैसा है, कितनी जमीन, कार, नौकरी, हेलीकाप्टर हैं, इनकी भी जानकारियों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। 2027 में विधानसभा चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी पूरे दम से चुनाव लड़ेगी, लेकिन चुनाव से पहले यूपी में जो गुंडाराज चल रहा है, उसे खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव भी मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। इसके लिए गांव-गांव में प्रचार किया जा रहा है। बूथ व सेक्टर कमेटी के साथ भाईचारा कमेटी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिजली के निजीकरण व शिक्षामित्रों के संयोजन के लिए पार्टी आंदोलन करेगी।

**सीएमओ को अपमानित करके हटाया गया** कानपुर में सीएमओ को जातिसूचक गालियां दी गई, उनको सिस्टम में आने का न्योता दिया गया, जब उन्होंने सिस्टम में आने से मना कर दिया तो उनको अपमानित करके हटा दिया गया। सीएमओ ईमानदार था इसलिए हटाया गया। कानपुर के शताब्दी नगर में 50 झुग्गी झोपड़ियां जल गईं, लेकिन उनको मुआवजा नहीं दिया गया।

## खबर एक नजर

### यदुपति सिंघानिया सेंटर व शुभम गोल्डी मसाले के बीच हुआ एमओयू



कानपुर। यदुपति सिंघानिया सेंटर फॉर टेक्नीशियन ट्रेनिंग प्रा लि और शुभम गोल्डी मसाले के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता भारत सरकार की डुअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के अंतर्गत इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में इंडस्ट्री पार्टनरशिप के रूप में किया गया है। डुअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग योजना, जो अगस्त 2016 में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी, का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह योजना सिद्धांत आधारित प्रशिक्षण और व्यावहारिक औद्योगिक प्रशिक्षण का समावेश करती है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों को प्रशिक्षित और कुशल जनशक्ति उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर गोल्डी ग्रुप के वाइस प्रेसीडेंट डॉ नमन सक्सेना, यदुपति सिंघानिया सेंटर से मोहम्मद उमर तथा प्रधानाचार्य अनिल चोपड़ा की उपस्थिति रही। सभी ने इस साझेदारी को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को उद्योग में नवीनतम तकनीकों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके करियर की संभावनाएँ और भी उज्ज्वल होंगी।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर रेप करने वाला गिरफ्तार

कानपुर। गोविंद नगर में नाबालिग को बहला-फूसला कर अगवा कर रेप के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गोविंद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की नाबालिग कक्षा-9 की छात्रा है। छात्रा की मां ने गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि दो महीने पहले जब बेटी कॉलेज से लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में उसे इलाके का रहने वाला राम खिलावन उर्फ शनि बहला-फुसला कर अगवा कर ले गया था। आरोपी ने उसे एक होटल में रखा और धमका कर रेप किया। किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी और फिर घर के पास बदहवास हालत में छोड़कर भाग निकला था। छात्रा के आपबीती बताने के बाद मां ने आरोपी शनि के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। इतना ही नहीं आरोपी के पिता ने भी बेटे की करतूत पर उसे समझाने की बजाए पीड़ित परिवार से ही अभद्रता और गाली-गलौज की थी। गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि आरोपी रामखिलावन उर्फशनि को को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया था। आरोपी के परिवार के अन्य लोगों के संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरे दिन भी मुख्य पाइप पाइप का होता रहा मरम्मत

कानपुर। तिलकनगर में राजीव पेट्रोल पंप चौराहे पर जलकल विभाग की मुख्य पाइपलाइन टूट गई। जिससे कई क्षेत्रों में पानी की समस्या खड़ी हो गई। जलकल विभाग ने मरम्मत के लिए सुबह बजे बेनाझाबर वाटर वर्क्स और भैरोघाट पंपिंग स्टेशन बंद कर दिया। इससे शहर के 28 जोनल पंपिंग स्टेशनों में पानी की आपूर्ति रुक गई। जांच में पता चला कि भैरोघाट पंपिंग स्टेशन से बेनाझाबर वाटर वर्क्स में कच्चा पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन टूटी है।प्रेमनगर, भूसाटोली, कारवालोनगर, झकरकटी और लक्ष्मीपुरवा में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद रही। जलकल विभाग ने इन मोहल्लों में पानी के टैंकर भेजे, लेकिन वे भी लोगों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाए। शाम तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं हो पाई। जलकल विभाग ने लोअर गंगा कैनाल से मिले करीब पांच करोड़ लीटर पानी की आपूर्ति की। कई मोहल्लों में शाम को भी नलों से पानी नहीं आया। लोगों को पड़ोसियों के सबमर्सिबल या सार्वजनिक सबमर्सिबल से पानी भरना पड़ा। समस्या का समाधान न होने के कारण 21 जून को भी लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पडेगा। शनिवार की शाम तक मरम्मत का कार्य चलता रहा। जलकल महाप्रबंधक आनंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लोगों तक जितना संभव हो पा रहा है पानी की आपूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। जल निगम ने तिलकनगर में मुख्य पाइप लाइन तोड़ दी है। उसकी मरम्मत की जा रही है। शाम को बेनाझाबर वाटर वर्क्स में नहर से मिले पानी को शोधित कर आपूर्ति की गई। गंगा बैराज से भी पानी लिया जा रहा है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु इंडसइंड को किया सम्मानित

कानपुर। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा डिजिटल पेमेंट्स अवार्ड 2023-24 से इंडसइंड बैंक को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बैंक को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, निजी क्षेत्र के बैंकों में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर मिला है। यह पुरस्कार इंडसइंड बैंक की डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने और देशभर में करोड़ों लोगों को सुरक्षित, सुलभ और नवीन डिजिटल भुगतान समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंडसइंड बैंक की ओर से यह पुरस्कार रितेश राज सक्सेना और देव रतन सूरी ने प्राप्त किया। पुरस्कार एम नागराजु सचिव- वित्तीय सेवा विभाग और डॉ अभिजीत फुकन आर्थिक सलाहकार- डीएफएस द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर इंडसइंड बैंक के कंज़्यूमर बैंकिंग और मार्केटिंग हैड सौमित्र सेन ने कहा हम इस सम्मान के लिए वित्तीय सेवा विभाग और वित्त मंत्रालय के आभारी हैं। दरअसल यह पुरस्कार पूरे देश में डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए बढ़ावा देने की दिशा में इंडसइंड बैंक के प्रयासों की पहचान है।

### आरोप: बिना तालाक दिए पति ने कर ली दूसरी शादी

कानपुर। एक महिला ने पति पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना था कि उसके रहते पति ने दूसरी शादी कर ली। वो भी तब जब उन दोनों का विवाद कोर्ट में पेंडिंग है। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई। जहां से आदेश होने के बाद नवाबगंज थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ख्योरा नई बस्ती निवासी प्रीती के मुताबिक 23 फरवरी 2019 में उनकी शादी नेवी हाउस हरदोई निवासी अनुराग राजपूत से हुई थी। प्रीती के मुताबिक विवाह के बाद ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। जिसके कारण प्रीती अपने मायके आकर रहने लगी थी। प्रीती के मुताबिक रिश्तेदारों ने समझाया तो 24 नवम्बर 2019 को वो फिर से ससुराल चली गई। जिससे उनकी गृहस्थी न टूटे। मगर वहां पर ससुराल वालों ने घर में घुसने तक नहीं दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए प्रीती को वहां से भगा दिया।प्रीती के मुताबिक 5 जनवरी 2020 में उन्होंने पति समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ30 अक्टूबर 2020 में विवेचक ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। केस कोर्ट में पेंडिंग चल रहा है। प्रीती के मुताबिक केस चल रहा था इसी दौरान पति ने 22 नवम्बर 2024 को शाहजहांपुर की एक युवती से विवाह कर लिया। जबकि प्रीती के साथ अभी उनका तलाक नहीं हुआ है। इंस्पेक्टर नवाबगंज केशव कुमार तिवारी के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में विवेचना कर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नजर



### जीएसटी व इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

कानपुर शनिवार को इनकम टैक्स व जीएसटी बार एसोसिएशन जो उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के संबंध है का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिविल लाइन कैप्सूल रेस्टोरेंट में भव्य रूप से आयोजित किया गया मुख्यत अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता बी एल द्विवेदी मौजूद रहे और उन्होंने अपने वक्तव्य में संगठन को मजबूत करने और ऊंचाइयों तक ले जाने की बात कही बार एसोसिएशन के महासचिव राजेश श्रीवास्तव ने कहा हम दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहे हैं और एक जुट होकर जनता एवं ग्रहक के लिए कार्य कर रहे हैं अधिवक्ता नदीम खान ने इस अवसर पर बार के भविष्य के एजेंट की जानकारी दी तथा मुख्य अतिथि एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया शपथ ग्रहण समारोह में उमेश रावत अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव महासचिव एसपी निगम उपाध्यक्ष कृति श्रीवास्तव अध्यक्ष प्रशासन अजय सिंह सचिव सुषांत गोडवानी सचिव मो0नदीम खान सचिव मीडिया नितिन दिक्षित सचिव विकास वर्मा सचिव रोहित निगम सचिव इन सभी ने पद की शपथ ली कार्यक्रम का संचालन सुषांत गोडवानी एवं आशुतोष शर्मा द्वारा सफलतापूर्वक किया गया

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

घाटमपुर। शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धूम रही। जगह जगह योग शिविरो का आयोजन किया गया। तहसील परिसर में आयोजित योग शिविर में तहसीलदार अभिनवएनायब तहसीलदार राजेश कुमार तिवारी व पालिका अधिशासी अधिकारी डॉव महेंद्र कुमार आदि अधिकारियों के अलावा कर्मचारी भी मौजूद रहे।मनाए गए अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को समझाते हुए कहा गया कि योग हमारी वैदिक सनातन परंपरा जीवन शैली का अभिन्न अंग है। योग हमारे तन.मन एवं इन्द्रियों को नियंत्रित कर हमारे जीवन को निरोग रखने में मदद करता है।यौगिक क्रियाओं के अंत में सूर्य नमस्कार के महत्व एवं लाभों को स्पष्ट करते हुए विभिन्न मुद्राओं.ध्यानए ज्ञानए प्राणए वायु आदि का अभ्यास कराया गया। **सीएचसी में मनाया गया अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रएघाटमपुर में भी अर्न्तराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। इस मौके पर योगा से होने वाले फायदे के बारे में अवगत कराया गया। योग शिविर में चिकित्साधीक्षक डॉक्टर कैलाश चन्द्रएचिकित्साधिकारी डाव पवन सचानए डाव जे पी प्रजापतिए डॉव के सी यादवए नेत्र परीक्षण अधिकारी उदय सिंहएचीफ फार्मेसिस्ट दिनेश सचानए चीफ फार्मेसिस्ट सतीश सचानए फार्मे सिस्ट विक्रम सचानएफार्मेसिस्ट आर के पटेल आदि ने योगा दिवस में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया चिकित्साधीक्षक द्वारा यौगिक क्रियाओं के माध्यम से किस प्रकार शरीर के वाह्य एवं आन्तरिक मांस पेशियों को कठोर एवं लचीला बनाकर तन.मन को स्वस्थ सुन्दर और सुडौल बनाया जा सकता हैए के बारे में बताया गया।

### समाधान दिवस में आई 92 शिकायतों में 20 का हुआ निस्तारण

घाटमपुर। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचें अपर जिलाधिकारी ;आपूर्तिद्ध आशुतोष दुबे ने फरियादियों की समस्याएं सुनने के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस में सबसे ज्यादा 68 शिकायतें राजस्व विभाग की आई। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर शिकायतों का निस्तारण कराए जाने के एसडीएम रितु प्रिया को निर्देश दिए। उन्होंने समस्याएं सुनने के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुसार काम करने को भी कहा।वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से विधवाए वृद्धए विकलांग पेंशनए राशन न मिलनेए जमीनों पर अवैध कब्जोंए पारिवारिक विवादों आदि से संबंधित आई शिकायतों को एसडीएम व नायब तहसीलदार राजेश कुमार तिवारी ने भी सुनी।

## बिल्हौर में विभिन्न स्थानों पर अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया



बिल्हौर आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बिल्हौर तहसील में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम बिल्हौर ग्रामीण मण्डल के अरौल में ओम पार्टी लॉन में आयोजित 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग न केवल भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है बल्कि यह आत्मिक संतुलन मानसिक शांति और शारीरिक सुदढ़ता का अद्वितीय मार्ग भी है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति की गौरव मई पताका फहराई है। आज पूरा विश्व योग के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक चेतना और जीवन शैली से जुड़ रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार आनंद कटियार शिवम कटियार प्रद्युम्न कटियार अविरल शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं बिल्हौर नगर में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बिल्हौर के द्वारा योग दिवस कार्यक्रम बापू गेस्ट हाउस बिल्हौर में आयोजित किया गया जिसमें सूर्य नमस्कार प्राणायाम व अन्य योग कराए गए प्रांत के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रमेश जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें योग का महत्व योग का जीवन के विभिन्न क्षेत्रों सामाजिक परिवारिक एवं स्वयं के शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में वर्णन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रांत धर्म जागरण प्रमुख नंद किशोर जी विभाग संघ चालक नरेश जी सह विभाग कार्यवाह छत्र वीर जी सह जिला संघचालक अवधेश जी जिला प्रचारक धीरेन्द्र जी जिला कार्यवाह राकेश जी जिला बौद्धिक प्रमुख अमित जी जिला प्रचार प्रमुख जय प्रकाश जी जिला मार्ग प्रमुख अश्वनी जी जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख सुनील जी नगर संघ चालक अनिल जी सह नगर संघचालक रामौतार जी नगर कार्यवाह अर्जुन जी व नगर के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। वहीं नगर की पल्लवी क्लासेज में सभी बच्चों को योग की उपयोगिता के बारे में बताया गया जिस में प्रमुख रूप से पल्लवी क्लासेज के संचालक विशाल चतुर्वेदी व बच्चे आशुतोष हर्ष कृष्णा पुनीत आदि मौजूद रहे। वहीं बिल्हौर ब्लॉक में उप जिला अधिकारी ज्वाला प्रसाद तहसीलदार व योग प्रशिक्षक डाक्टर स्मिता वर्मा समेत तहसील के कर्मचारियों ने योग दिवस कार्यक्रम मनाया। जिसमें तहसील के उच्चाधिकारी कर्मचारी व सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने सम्मिलित होकर योगा कर के योग दिवस मनाया।

## साहब! डिबरी में है मादा हिरनए वन विभाग नहीं दे रहा ध्यान

घाटमपुर। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत आने वाले हिरन प्रजाति की सुरक्षा के लिए भले ही सजेती थाना क्षेत्र के डिबरी गांव के लोग चिन्तित होंए मगर लोगों के जानकारी देने के बाद भी वन विभाग अनदेखी कर रहा है। जिसकी शिकायत गांव के रहने वाले किसान रामकेस ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अधिकारियों से की तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों को मादा हिरन को डिबरी गांव से सुरक्षित जगह पर लेजाकर छोड़ने को कहा है। राम केस ने अपर जिलाधिकारी आपूर्ति आशुतोष दुबे को बताया कि डिबरी में मादा हिरन करीब 8 माह से घूम रही है। वन विभाग को सूचित भी किया जा चुका है। मादा हिरन के फसलों को नुकसान पहुंचाने को देखते हुए उसे किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों से कहा गया तो आरोप है कि विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पहले हिरन को पकड़ो तब सूचित करना। जब गांव वालों ने उसे पकड़ लिया है तो अधिकारी उसे लेने नहीं आ रहे हैं। फिलहाल मादा हिरन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राम केस ने उसे अपने घर में बांध रखा है। जिसे वन विभाग द्वारा उलटा की जाने वाली को लेकर ग्रामीण डरा रहे हैं।

### कानपुर विकास प्राधिकरण — आवश्यक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीना साहू पत्नी श्री अशोक कुमार साहू द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर भवन सं. एल–20, एल.आई.जी., योजना–दहेली सुजानपुर कानपुर, क्षेत्रफल 50.00 व.मी. पर नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदक द्वारा भूखण्ड के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रपत्रों के अनुसार भवन की फ्री–होल्ड डीड विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 16.10.2000 को श्रीमती विमला वर्मा पत्नी श्री ओम वर्मा प्रकाश वर्मा के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। तदोपरान्त उक्त भवन की मूल स्वामिनी श्रीमती विमला वर्मा द्वारा भवन का पंजीकृत बैनामा दिनांक 22.10.2000 को श्रीमती मीना साहू के पक्ष में निष्पादित किया गया है। वर्तमान में उक्त भवन की मूल पत्रावली कार्यालय में उपलब्ध न हो पाने के कारण डुप्लीकेट पत्रावली खोलने की कार्यवाही की जानी है। अतः उक्त डुप्लीकेट पत्रावली खोलने के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर मय साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें। **विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-4)**

## मामूली विवाद में दबंगों ने फावड़े से हमलाकर किया मरणासन्न



भीतरगांव। बीती रात साढ़ थाना क्षेत्र के कुड़नी कस्बे में बरसात के पानी के निकालने के विवाद में दबंगों ने कई बार फावड़े से जानलेवा हमला कर युवक को मरणासन्न कर दिया पुलिस द्वारा घायल को उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा गया जहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुड़नी निवासी कनकलता पत्नी चंद्रप्रकाश ने साढ़ पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती शाम पड़ोसी संतोष शुक्ला पुत्र नरेंद्र शुक्ला गौरव शुक्ला तथा अंकित शुक्ला पुत्रगण संतोष शुक्ला अनूप मिश्रा पुत्र जगदीश मिश्रा सुशील शुक्ला पुत्र ब्रह्मप्रकाश शुक्ला एकराय होकर मेरे दरवाजे आए और दबंगई से मेरी सहन को फावड़े से खोदने लगे जिस पर मेरे पति चंद्रप्रकाश ने खोदने से मना किया तो उपरोक्त दबंग गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की नियत से संतोष शुक्ला ने फावड़े से सीधे सर पर वार कर दिया जिससे वह बेहोश हो वही गिर पड़ा आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए परिजनों की सूचना पर पहुंची डायल 112 घायल को लेकर सीएचसी भीतरगांव पहुंची जहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया परिजनों के मुताबिक हालत गंभीर बताई जा रही।थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा तहरीर दी गई है जांचकर कार्यवाही की जा रही।



## योग दिवस पर बच्चों को कराया गया योगाभ्यास

कानपुर नगर.शनिवार को योग दिवस के अवसर पर शिक्षा से वंचित बच्चों की पाठशाला उजियारी देवी मंदिर ख्यौरा मैनावती मार्ग कानपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बच्चों को योग गुरु सुरेश तिवारी एवं मनोज त्रिवेदी स्कंद योग ग्रीवा योग आदि कराया गया अलोम विलोम कराया गया पाठशाला के बच्चों को स्वल्पाहार की व्यवस्था नागरिक सुरक्षा नवाबगंज प्रखंड के डिविजनल वार्डन धनंजय नारायण सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में मेरा परिवार मेरा स्वाभिमान सेवा ट्रस्ट कानपुर नगर की मुख्य ट्रस्टी ध्अध्यक्ष ददन मिश्रा पाठशाला प्रबंधक श्री प्रकाश श्रीवास्तव सुरेश सिंह राठौड़ श्रीमती माया यादव श्रीमती मिथिलेश गुप्ता कुमारी शिल्पा निषाद श्रीमती साधना द्विवेदी श्रीमती रिचा झा अन्य क्षेत्र की गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

## कार्यालय ग्राम पंचायत- मकरंदपुर बांगर , वि.ख. घाटमपुर, कानपुर नगर

पत्रांकः मेमो–निविदा/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा निधि–2025–26 दिनाक–21.06.25

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्रा.प. मकरंदपुर बांगर में निविदा/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा निधि 2025–26 एवं अन्य मद से धनराशि में ग्राम पंचायत में वार्षिक एवं अनुपूरक कार्य योजना में दर्ज कार्यों को पूर्ण कराने हेतु निर्माण स्थल ग्रा.प. मकरंदपुर बांगर में आपूर्ति/ठेकेदारी हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 22.06.2025 से 28.06.2025 तक ग्रा ०प०में आमन्त्रित की जाती है जो कि दिनांक 28.06.2025 को समय 2 बजे पंचायत भवन/सरकारी भवन में उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित है। सामग्री की मात्रा ग्रा०प० में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक– 2 होगी। निविदा में कराये जाने वाले कार्यों 2025–26 में ही प्रभावी होंगे।

| क्र0 सं० | कार्य स्थल व निर्माण कार्य | अनुमानित लागत | निर्माण सामग्री | आपूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1– | प्राथमिक पाठशाला उस्मानपुर में बॉउंड्री वाल का निर्माण कार्य | 3.96 लाख | आवश्यकतानुसार | 3 माह |

अन्य शर्तेः 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार/आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
3 .नियमानुसार जीएसटी इत्यादि की कटौती की जाएगी।
4. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा एवं न्यायालय के वाद योग्य भी नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

**सचिव–प्रभात श्रीवास्तव**
ग्राम पंचायत–मकरंदपुर बांगर
विकास खण्ड घाटमपुर, कानपुर नगर

**ग्राम प्रधान– जगजीवन राम**
ग्राम पंचायत–मकरंदपुर बांगर
विकास खण्ड घाटमपुर, कानपुर,नगर

## कार्यालय ग्राम पंचायत- सिरसा, वि.ख. घाटमपुर, कानपुर नगर

पत्रांक– मेमो/निविदा/केन्द्रीय वित्त/ पंचम वित्त/मनरेगा 2025–2026 दिनांक 21/06/2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिरसा, विकास खण्ड–घाटमपुर, कानपुर नगर के ग्राम निधि खाता पंचम वित्त आयोग /पंद्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कराये जाने वाले निम्न कार्यों को निर्माण किये जाने हेतु आइटम रेट/ निर्माण सामग्री आपूर्ति पर मोहर बन्द निविदा दिनांक 24.06.2025को अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। विक्रिय निविदायें निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदायें स्वीकार्य नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत सिरसा, विकास खण्ड–घाटमपुर,कानपुर नगर, कार्यालय से दिनांक 22.06.2025 से दिनांक 24.06.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।प्राप्त निविदायें दिनांक 24.06.2025 को अपरान्ह 3 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत सिरसा, विकास खण्ड, घाटमपुर, कानपुर नगर के कक्ष में गठित समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 100 रुपये के नान जूडिशियल स्टाम्प व् रु0 1/– का रसीदी हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं० | कार्य स्थल व निर्माण कार्य | निर्माण सामग्री | निर्माण कार्य की लागत | आपूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1– | सफी से करिया के दरवाजे तक इन्टर लॉकिंग व नाली निर्माण | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 2– | हीरा लाल संखवार से राम गणेश के दरवाजे तक इन्टर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 3– | नन्दलाल के दरवाजे से सैय्यद्दीन के दरवाजे तक इन्टर लॉकिंग व मरम्मत कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 4– | तिलक चन्द्र के दरवाजे से सीसी रोड तक इन्टर लॉकिंग व नाली निर्माण | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 5– | उमा शंकर से अवधेश कुमार दुवेदी तक इन्टर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 6– | राधेलाल से ज्ञान प्रकाश पांडेय तक इण्टरलकिंग कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 7– | कैलाश साहू से रामकेश के दरवाजे तक इन्टर लॉकिंग कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 8– | बारात शाला में इन्टर लॉकिंग कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 9– | बारात शाला में बॉउंड्री निर्माण कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 10– | मिलन केन्द्र में अन्य निर्माण कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 11– | देवी प्रसाद से सीसी रोड तक इन्टर लॉकिंग कार्य | आवश्कतानुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |

अन्य शर्ते–1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापारकर विभाग में होना अवश्य चाहिए।
3 . बिना जीएसटी व पैन नम्बर के निविदा नही की जायेगी स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
4. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा एवं न्यायालय के वाद योग्य भी नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान–आनंदी लाल**
ग्राम पंचायत–सिरसा
विकास खण्ड घाटमपुर, कानपुर नगर

**सचिव– ओमकार सिंह पाल**
ग्राम पंचायत– सिरसा
विकास खण्ड घाटमपुर, कानपुर,नगर

## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत खागा – फतेहपुर

संख्याः– 132/न0पं0खागा/वर्ष 2025–26 दिनांक –: 21.06.2025

**अल्पकालिक कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत खागा में पंजीकृत एवं शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149 सा/2019 दिनांक **20.09.2019** के अनुसार ठेकेदारों/फर्मो से राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त/उपलब्ध धनराशि से नीचे लिखित निर्माण/मरम्मत कार्यो को कराये जाने के लिये प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग कोटेशन आमंत्रित किये जा रहें हैं। कोटेशन प्रपत्र दिनांक– **23.06.2025** दिन सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक– **30.06.2025** दिन सोमवार को सायं 11:00 बजे तक कार्यालय नगर पचांयत खागा से प्राप्त करके कार्यालय में रखे कोटेशन बॉक्स में 30.06.2025 को प्रातः 12:00 बजे तक डाले जा सकते है। प्राप्त कोटेशन उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत खागा में खोले जायेंगें। विवरण तथा नियम व शर्तें निम्नवत् हैं–

**विवरण**

| क्र0 सं० | कार्य /स्थल विवरण | आंगणन की धनराशि | जमानत की धनराशि 10 प्रतिशत | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 01, अम्बेडकर नगर (संग्रामपुर सानी) मे सुरेश सिंह के घर के पास आर0सी0सी0 नाली क्रासिंग निर्माण कार्य। | 20006.00 | 2001.00 | 15 दिवस |
| 2. | वार्ड नं0 04 आजाद नगर मे मुन्ना मौर्या, के.पी. दादा, बबुआ अवस्थी, आशा सिंह इण्टर कालेज, शैलेस शर्मा, इब्बन चाचा की दुकान के पास व बरमदेव पेड के पास नाली मे कवर्ड व क्रासिंग निर्माण कार्य। | 80704.00 | 8070.00 | 15 दिवस |
| 3. | वार्ड नं0 05, विवेकानन्द नगर मे पंचायत घर (हसनपुर अकोढ़िया) के पास व जगरूप एवं रामजीत (गोपालपुर) के घर के पास नाली व क्रासिंग मरम्मत कार्य। | 67910.00 | 6791.00 | 15 दिवस |
| 4. | वार्ड नं0 06 भगत सिंह नगर मे संदीप के घर के पास (निकट ट्यूबवेल न0 03) क्रासिंग निर्माण व राजेन्द्र बाजपेयी के घर के पास इण्टरलाकिंग मार्ग निर्माण कार्य। | 76761.00 | 7676.00 | 15 दिवस |
| 5. | वार्ड नं0 06 भगत सिंह नगर मे शैल प्रताप सिंह के घर के पास नाली क्रासिंग निर्माण कार्य। | 13879.00 | 1388.00 | 15 दिवस |
| 6. | वार्ड नं0 07, शिव नगर मे बड़कू, बीरन पासवान, डा0 रामभरोसे व ननकई भोले के घर के पास नाली क्रासिंग निर्माण कार्य। | 89755.00 | 8976.00 | 15 दिवस |
| 7. | वार्ड नं0 09 सरदार नगर मे टी0वी0एस0 एजेन्सी के पास (पुरानी जी0टी0 रोड) क्रासिंग निर्माण कार्य। | 18692.00 | 1869.00 | 15 दिवस |
| 8. | वार्ड नं0 11 शहीद उधम सिंह नगर मे मेवालाल व छेद्दू के घर के पास क्रासिंग निर्माण कार्य। | 32232.00 | 3223.00 | 15 दिवस |
| 9. | वार्ड नं0 14, ठा0 निर्मल सिंह नगर मे राहुल यादव, झब्बू व पप्पू साहू के घर के पास क्रासिंग निर्माण कार्य। | 39834.00 | 3983.00 | 15 दिवस |
| 10. | वार्ड नं0 15, ठा0 दरियांव सिंह नगर मे बारात घर के पास नाली की क्रासिंग निर्माण कार्य। | 63391.00 | 6339.00 | 15 दिवस |
| 11. | वार्ड नं0 15, ठा0 दरियांव सिंह नगर मे नन्द किशोर के घर क्रासिंग निर्माण तथा अम्बेडकर पार्क व रघु सिंह आजादी के घर के पास नाला कवर कार्य। | 32698.00 | 3270.00 | 15 दिवस |
| 12. | वार्ड नं0 15, ठा0 दरियांव सिंह नगर मे साईं होटल के पास नाली क्रासिंग व रैम्प निर्माण कार्य। | 60875.00 | 6088.00 | 15 दिवस |
| 13. | वार्ड नं0 21, तिलक नगर मे सरायं मस्जिद एवं अबरार घर के पास क्रासिंग निर्माण व राजा सिंह (प्रधानाध्यापक) के घर के पास नाली मरम्मत का कार्य। | 55892.00 | 5589.00 | 15 दिवस |

**निविदा हेतु नियम व शर्तें**–1. सशर्त कोटशन मान्य नहीं होगें और स्वतः ही निरस्त समझें जायेंगें। 2.किसी भी कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 3.कोटेशन के साथ सम्बन्धित ठेकेदार को 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खागा के पदनाम से बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा। 4.कोटेशन खोले जाने के समय कोटेशनदाताओं की उपस्थिति वांछनीय है। 5.निर्माण कार्य में प्रत्येक निविदा के साथ निविदादाता को फर्म के प्रोपराईटर के स्वयं के नाम का चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0, आधार कार्ड व पैन कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा। 6.कोटेशन में दरे प्रतिशत के आधार पर भरी जायेगी तथा कटिंग मान्य नहीं होगी। 7. कोटेशन के सम्बन्ध में किसी प्रकार का विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्र फतेहपुर होगा। 8.जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी प्रतिबन्ध लागू होंगे तथा नियमानुसार आयकर एवं अन्य करों की कटौती की जाएगी। 9.कोटेशन स्वीकृत होने पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व की फोटो एवं कार्य के दौरान एवं कार्य की समाप्ति की फोटो जमा करना अनिवार्य होगा। 10.प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग कोटेशन भरकर जमा करना होगा। कोटेशन प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। 11.उक्त के अतिरिक्त शासन/प्रशासन से समय–समय पर प्राप्त निर्देशों/आदेशों का अनुपालन आवश्यक होगा।

**(देवहूती पाण्डेय) अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खागा, फतेहपुर**

**(गीता सिंह) अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खागा, फतेहपुर**

स्वतंत्र भारत
कानपुर रविवार, 22 जून 2025 | 5



### किशोरी ने किया जान देने का प्रयास

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़ौरी में शनिवार की सुबह मां डाट से क्षुब्ध 17 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बढ़ौरी गांव निवासी छेदालाल की पुत्री अंजू को आज सुबह उसकी मां ने किसी बात लेकर डाट डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-प्रतिदिन योग कर रहें निरोग का दिया संदेश

**- गांधी मैदान कलेक्ट्रेट में प्रभारी मंत्री समेत जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया योग**

**- विद्यालयों के साथ-साथ अन्य संस्थानों में भी मनाया गया योग दिवस**






**फतेहपुर।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। प्रशासनिक स्तर पर गांधी मैदान कलेक्ट्रेट में योग दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल समेत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आमजन ने योग कर निरोग रहने का संदेश दिया। इसके अलावा विद्यालयों व अन्य संस्थानों में भी योग दिवस की धूम रही। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी मैदान में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अजीत सिंह पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार, उपजिलाधिकारी सदर अर्चना अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल समेत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व भारी संख्या में नागरिकों ने सामूहिक योग किया।

मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर योग कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। योग प्रशिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, दंडासन, भद्रासन, वज्र आसन, उत्तान मंडूक आसन, मकरासन, भुजंग आसन, सेतु बंधासन, पवन मुक्तासन, शवासन आदि आसन व प्राणायाम करवाये गए। प्रभारी मंत्री ने योग सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजयी प्रतिभागियों व महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सभी ने पौध भी रोपित किए। उधर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज वीआईपी रोड में आयोजित योग दिवस में कानपुर प्रान्त के संगठन मंत्री रजनीश पाठक, एनसीसी कैडेट्स के लेफ्टिनेन्ट कर्नल योगेन्द्र चिनवान, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य नरेन्द्र, योग प्रमुख उदयभान सिंह सेंगर, अनन्त दीक्षित आदि ने शिरकत की। शुभारम्भ माँ सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि योग केवल शरीर को मोड़ने की विधि नहीं है जबकि यह अनुशासन के साथ मन, वचन और कर्म को एकत्र कर अन्तर्मुखी यात्रा पर जाना है, जो भटके हुए जीवन को दिशा देता है और चंचल चित्त को शान्त करता है। इस कार्यक्रम में दो सैकड़ा से अधिक एनसीसी कैडेट्स के अलावा भैया-बहन, आचार्य, अभिभावक आगन्तुक उपस्थित रहे। इसी कड़ी में निचली गंगा नहर कार्यालय में भी आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अधिशासी अभियंता सुंदरलाल वर्मा ने कार्यालय कर्मियों के साथ मनाया और योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उधर जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. अमरीश चन्द्रा के मार्गदर्शन में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों व 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय मेवली बुजुर्ग में चिकित्साधिकारियों/कर्मचारियों ने आम जनमानस के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। इस मौके पर डा. जय सिंह पटेल, डा. विजय कुमार वर्मा, डा. निहार रंजन वर्मा, डा. सत्या वर्मा, डा. ऋचा श्रीवास्तव, डा. मीनाक्षी सिंह, डा. शिखा सिंह, डा. आयुष पटेल भी मौजूद रहे। इसी तरह देवीगंज स्थित विलेज इंडिया कल्याण संस्थान द्वारा संचालित कौशल विकास केन्द्र में प्रातः काल से प्रशिक्षुओं ने योग कर निरोग रहने की प्रक्रीया सीखी। योगाचार्या प्रतिभा त्रिपाठी ने सभी विद्यार्थियों को प्राणायाम, आसन के महत्व को दैनिक जीवन से जोडने की बात कही। बताया कि योग प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में दैनिक दिनचर्या की भांति होना चाहिए। जिससे मनुष्य स्वास्थ्य तो होगा ही साथ ही वह अग्रणी पंक्ति मे भी खड़ा रहेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा प्रसून तिवारी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरी दुनिया आज भारत की योग पद्धति का अनुसरण कर रही है जो रोग दवाओं से नहीं ठीक हो सकते वह योग से पूरी तरह से ठीक हो रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ इच्छाशक्ति का नतीजा है कि योग का परचम आज पूरी दुनिया लहरा रहा है। प्राण शक्ति को बढ़ाने का तरीका केवल योग से ही सम्भव है। एकाग्रता को बढ़ाने केवल योग विधि में ही निहित है। उन्होने युवाओं में योग के प्रति बढ़ती जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि युवा ही इस देश में योग को और बढ़ा सकते है। इस अवसर पर डीपीएमयू विनोद तिवारी, मोटीवेशनल स्पीकर श्रेय शुक्ला, राधा तिवारी, महक सिंह, सिद्धार्थ सिंह समेत अन्य तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे।

नगर स्थित महर्षि विद्या मन्दिर फतेहपुर में महर्षि विश्व शान्ति आन्दोलन के तत्वावधान में 11वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ वैदिक गुरु परम्परा पूजन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह बड़े हर्ष और गर्व का विषय है कि भारत की पहल पर 175 देशों ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए अपना समर्थन दिया। योग भारत की प्राचीन परम्परा और सांस्कृतिक धरोहर का एक हिस्सा हैं। यह केवल व्यायाम नहीं अपितु एक ऐसी विधा है जो शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का कार्य करती है। हमें अपने भाग दौड़ भरी जिन्दगी से ऊपर उठकर स्वयं के लिए कुछ समय अवश्य निकालना चाहिए। विद्यालय के शिक्षक, छात्र, एन0सी0सी0 के कैडेट, अभिभावक सहित भारी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। योग आसन के कम में सूर्य नमस्कार ताड़ासन वृक्ष आसन शलभासन, शशांक आसन तथा अनुलोम विलोम प्राणायाम तथा सामूहिक भावातीत ध्यान का अभ्यास योगाचार्यों तथा ध्यान शिक्षको द्वारा कराया गया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

उधर बिंदकीरू अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विभिन्न स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रम हुए। बावन इमली शहीद स्मारक में जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और फ़िर आयोजित कार्यक्रम में योग भी किया। वहीं बिंदकी कस्बे के लंका रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी योग का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी मौजूद रहे। बावनी इमली में खंड विकास अधिकारी विश्वनाथ पाल, खजुहा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र उत्तम आदि मौजूद रहे। विद्या मंदिर में नगर पालिका की अध्यक्ष राधा साहू, चेयरमैन प्रतिनिधि राम कुमार साहू, प्रधान लिपिक मनोज शुक्ला, रामेश्वर दयाल दयालु, रविंद्र सिंह, राजेश उमराव, संजय गुप्ता, आनंद सोनकर, महेंद्र साहू, दिनेश सोनकर, मोना ओमर, अनूप अग्रवाल, रत्नो गुप्ता, सोमवती निषाद, संगीता तिवारी आदि मौजूद रहे। खागाः 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नगर पंचायत खागा परिसर में हुआ। इस मौके पर नगर पंचायत खागा अध्यक्ष गीता सिंह, अधिशासी अधिकारी देवहूति पाण्डेय, चेयरमैन प्रतिनिध रामगोपाल सिंह, सभी वार्डों के सभासद,एवं कर्मचारी, नगर-क्षेत्रवासी एवं योग गुरु उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### सदर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में 08 शिकायतों का त्वरित निस्तारण

फतेहपुर। जनमानस को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समस्याओं का निराकरण कराए जाने के उद्देश्य से सदर तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को सुनते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरासत, भूमि विवाद, अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण कराया जाए। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लें। सदर तहसील के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 191 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 08 प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित कर अवशेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर, मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ईंट-भट्टे के जमीन का किराया मांगने पर संचालक ने निकाले असलहे

विजयीपुर (फतेहपुर)। किशनपुर थाना क्षेत्र के जमकोईली मजरे अमनी स्थित सत्यम ब्रिक फील्ड में जब जमीन के मालिक किराया मांगने पहुंचे तो संचालक ने असलहों के दम पर किराया न देकर वहां से भाग दिया। जानकारी अनुसार सत्यम ब्रिक फील्ड किराए की जमीन में संचालित हो रहा है जहां पर विगत वर्षों की भांति जब खेत मालिक अपना किराया मांगने पहुंचे तो भट्ठा मालिक ने असलहों का धौंस दिखाते हुए किराया न देने की बात कहकर वहां से भाग दिया। खेत मालिक मान सिंह, सुभाष चंद्र सिंह, लाल प्रताप सिंह, विपिन सिंह, महेश प्रताप सिंह, अंशु सिंह, वेद प्रकाश सिंह, चंदन सिंह आदि ने विजयीपुर चैकी में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ईंट भट्ठा संचालक बबलू सिंह से किराया मांगने पर असलहों का धौंस दिखाता है तथा किराया न देने की बात कही है। कार्यवाहक चैकी प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जारी है।

### पुलिस मुठभेड़ में वांछित अपराधी घायल

विजयीपुर (फतेहपुर)। दस वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म करने वाला दरिंदा आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गया देर रात किशनपुर थाना क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपी को दबोच लिया गया। इस मुठभेड़ में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार घटना कुछ दिन पूर्व की है, जब किशनपुर थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी समीर (20) ने एक दस वर्षीय मासूम बच्चे के साथ घिनौनी हरकत को अंजाम दिया था। मुखबिर की सटीक सूचना पर किशनपुर पुलिस ने शुक्रवार की रात करीब 10 बजे थाना क्षेत्र के जिहरवा गांव के समीप आरोपी को घेर लिया जब पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा, तो उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर हमला करने का प्रयास किया जवाबी कार्रवाई में पुलिस को गोली चलानी पड़ी, जिससे आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी। आरोपी के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व दो खोखा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर तथा 740 रु. बरामद किए गए। मामले में किशनपुर थाना प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि आरोपी को इलाज के बाद हिरासत में ले लिया गया है और उससे आगे की पूछताछ की जा रही है।

### दबंगों पर कार्रवाई के लिए महिला ने लगाई गुहार

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के मूसेनगर निवासी सुधमा देवी पत्नी अक्षय कुमार ने एसपी आवास पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में स्थित भूमि में वह सहखातेदार है जबकि आबादी की अस्सी वर्गमीटर की भूमि ससुर के नाम है जिस पर वह काबिज़ है। भूमि का मुकदमा सिविल जज जूनियर डिवीजन में विचारधीन हैं। बताया कि गांव के ही दबंगो चंद्रभान उदयभान, बिहारी, राजकुमार, सुमेर व सुनीता आदि द्वारा ससुर के नाम दर्ज भूमि पर कब्ज़ा करने लगे, जिसे रोकने पर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। नींव में मिट्टी भरकर भूमि पर कब्ज़ा कर लिया। पति व पुत्र के मना करने पर लाठी डंडों से मारपीट करने लगे व तमंचे से फायर कर दिया। मारपीट से पति का हाथ फ्रेक्चर हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 को सूचना दी गयी। थाने में शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी सांठगांठ के चलते कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे दबंगो के हौसले बुलंद हैं। उनके परिवार को लगातार धमकी दी जा रही है। कहा कि कानूनी कार्रवाई न होने की दशा में दबंगो द्वरा परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना की जा सकती है। पीड़िता ने पुलिस कार्रवाई की मांग किया।

### भाकियू (राजनैतिक) की मासिक बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**- सीएमओ आफ़िस का घेराव तीस जून को**

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम के नेतृत्व में नहर कॉलोनी के निरीक्षण भवन में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से विद्युत, नहर, खाद आदि की समस्याओं पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि जिस क्षेत्र में विद्युत की समस्या होगी, संबंधित पावर हाउस में पंचायत की जाएगी। माँग की गई कि डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए, नहरो में टेल तक पानी पहुंचाया जाए, धान की रोपाई का समय है सरकार द्वारा घोषित 18 घंटे ग्रामीण क्षेत्र में बिजली दी जाए तथा सदर अस्पताल में अराजकता और मरीजों से वसूली जैसी तमाम समस्याओं को लेकर आगामी 30 जून को सीएमओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में समय से डॉक्टर नहीं पहुंचते हैं। आज की पंचायत में प्रमुख रूप से प्रदीप सिंह चैहान, प्रीतम सिंह, अंकित सिंह चैहान, दीपक गुप्ता, महेंद्र सिंह, सोनू सिंह, अजय प्रजापति, उमेश सिंह, सर्वेश सिंह यादव, मो. आजम, सोनू सिंह, असोथर उत्तम द्विवेदी, राधेश्याम पासवान, माता सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में महिला की मौत, चार गंभीर

फतेहपुर। खखरेरु थाना क्षेत्र के अंतर्गत औढेरवा गांव के पास विजयीपुर धाता मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक व स्कूटी की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन महिलाओं समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां घायल महिला ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी स्कूटी सवार तीन महिलाएं मुस्कान, रिया देवी सरोज, विजयीपुर की तरफ अपने घरेलू कार्य को लेकर आ रही थीं। तभी औडेरवा गांव के पास तेज रफ्तार आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार किशनपुर थाना क्षेत्र के गोंदौरा गांव निवासी नितिन कुमार व कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां अत्याधिक घायल मुस्कान ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी बच्चे लाल प्रसाद ने बताया कि हादसे में घायल मुस्कान को इलाज को ले जाते समय मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों का इलाज जारी है।



## पीड़ित परिवारों से गांव मिलने पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

खागा, (फतेहपुर)। खागा तहसील के गांव रायपुर भसरौल के मजरे चदुवाइन का डेरा में मिट्टी का टीला ढहने से हुई तीन मौतों पर उनके शोक संतृप्त परिवारों से मिलने आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल उनके गांव पहुंचा। जिलाध्यक्ष के निर्देश पर वरिष्ठ नेता कलीम उल्ला सिद्दीकी के नेतृत्व में गए प्रतिनिधि मंडल को मृतकों के परिवारीजनों ने रोते हुए अपना हाल बताया। मृतक राम दुलारे पासवान की पत्नी दुर्गी पासवान ने बताया कि आज तक उन्हें कोई भी सरकारी लाभ प्राप्त नहीं हुआ। कालोनी पास न होने के कारण बरसात में भी जर्जर मिट्टी के घरों में रहने को मजबूर है जो किसी भी समय ढह सकता है। अब घर का मालिक चले जाने से निवाले के लिए भी मोहताज होना पड़ेगा। यही हाल मृतक शिव मोहन यादव व रमेश धोबी के परिवार का भी देखने को मिला जिससे कांग्रेस नेता कलीम उल्ला सिद्दीकी ने संबंधित अधिकारियों से बात कर अविलंब कार्यवाही की मांग की। प्रतिनिधि मंडल से जानकारी प्राप्त कर जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज से पैंतीस वर्ष पहले गए कांग्रेस शासन के बाद आई विभिन्न सरकारों ने खोखले वादे कर केवल जनता को गुमराह किया है जिसका नतीजा यह है कि दूरवर्ती गांवों में पहुंचने का मार्ग तक नहीं है अन्य सुविधाएं तो सोच से दूर की बातें हैं। उन्होंने कहा कि दुःखद घटना में आहत परिवारों को उचित लाभ के लिए अधिकारियों से मिलकर समाधान कराया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से वरि. नेता ओम प्रकाश गिहार, पप्पू पाल, असगर अली, अरविंद सिंह, शबनम शेख, माधुरी रावत, सलीम शेख, ओम प्रकाश कोरी मौजूद रहे।

## सीडीओ ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



खागा, (फतेहपुर)। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर के सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें फरियादियों की लगभग 271 प्रार्थना पत्रों में लगभग 35 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के आदेश दिए गए। खागा तहसील के सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस दिवस में फरियादियों की प्राप्त प्रार्थना पत्रों को निस्तारण करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि फरियादियों की कुल 271 प्रार्थना पत्र प्राप्त किए गए हैं। जिसमें से लगभग 35 शिकायतों को मौके पर निस्तारण किया गया है। अधिकांश शिकायतें राजस्व राजस्व, पुलिस, विद्युत, जल निगम से सम्बंधित प्राप्त किया गया और शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया है। संबंधित मामलों को कहा कि जमीनी मामलों में राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर निस्तारित करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार, क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय, तहसीलदार ईवेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अशोक कुमार कुशवाहा, खंड विकास अधिकारी रत्नाकर त्रिपाठी, अशोक कुमार सिंह एवं अशोक कुमार तिवारी, खागा अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय एवं धाता अधिशासी अधिकारी अजीत बागी, पूर्ति निरीक्षक भास्कर मिश्रा, हरीश रावत, विद्युत उपखंड अधिकारी दीपक सिंह, कृषि अधिकारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, ऐरायां कानूनगो अरविंद सिंह, प्रांजुल सिंह, एसडीएम स्टोनो शैलेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार मिश्रा, संदीप कुमार कश्यप, अपराध निरीक्षक दिनेश कुमार शुक्ला समस्त थानों के एसआई व राजस्व कर्मी एवं पुलिस टीम मौजूद रहे।

## नाली की गलत पैमाइश किए जाने की शिकायत

फतेहपुर। ग्राम सनगांव में बैनामे की भूमि पर बनी नाली में गॉव के ही दबंग द्वारा कब्जा कर लिए जाने की शिकायत पर लेखपाल द्वारा गलत पैमाइश करके दबंगों को लाभ पहुंचाए जाने के मामले को लेकर पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र सौंपकर पुनः पैमाइश कराए जाने की मांग की है। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में ग्राम सनगांव निवासी मो0 वकील ने बताया कि आराजी नं0 1609 रकबा 0.4600 हे0 के जुज भाग यानि 0.0258 का बैनामा उसकी मां के नाम राजू पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम सनगांव से 21 अगस्त 2009 को कराया था। उसके गांव के ही मुशीर खां पुत्र अब्दुल हमीद ने दबंगई के बल पर नाली को अपने कब्जे में कर लिया। उसने नाली की पैमाइश कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। आदेशानुसार संबंधित लेखपाल ने नाली की ठीक प्रकार से पैमाइश नहीं किया। मुशीर खां को लाभ पहुंचाने की गरज से मौके पर गलत पैमाइश की है। पीड़ित ने मांग किया कि राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में गाटा संख्या 1611 रकबा 0.0120 हे0 जो कागजात सरकारी में नाली दर्ज है उसकी पुनः पैमाइश कराई जाए।

## विधायक ने जिले की पहली स्पेस लैब का किया उद्घाटन



फतेहपुर। बहुआ विकास खंड के महमदपुर ग्राम पंचायत में भारत सरकार के नवनिर्मित पहली स्पेस लैब सतीश धवन अंतरिक्ष विज्ञान एवं स्टेम प्रयोगशाला का लोकार्पण शनिवार को अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने फीता काटकर किया। स्पेस लैब का अवलोकन के दौरान व्योमिका स्पेस, लखनऊ के सीईओ गोविंद यादव एवं पायनियर स्विफ्ट के निदेशक जितिन उप्पल और अवनीश अग्रहरि ने विधायक को प्रयोगशाला से संबंधित जानकारी साझा की। बताया कि इस प्रयोगशाला में इसरो के रॉकेट एवं सॅटॅलाइट से संबंधित मॉडल्स, ड्रोन्स एवं रोबोटिक्स से जुड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी मिलेगी। उद्घाटन समारोह के पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि सभी विकास खण्डों में केवल बहुआ ब्लाक ही जिले की पहली ऐसी स्पेस लैब है जिसे जिसे एक ग्राम पंचायत (महामासपुर) में बनाया गया। स्पेस लैब खुलने से ग्रामीणांचलों के युवाओं और शोधकर्ताओं को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस दौरान कार्यक्रम में बच्चों ने गीत, नृत्य समेत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में बीडीओ मनोज अग्रवाल, बीईओ हौसिला प्रसाद, सभासद दिनेश तिवारी, सचिव राघवेन्द्र प्रसाद, प्रधान बद्री प्रसाद, भाजपा महामंत्री संदीप सिंह चंदेल, राजेश तिवारी, ज्ञान सिंह चैहान, प्रधानाध्यापक लाल बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह पटेल, चन्द्रकांत, विजय लक्ष्मी सिंह, ज्योति उमराव, मीना गुप्ता, किरन तिवारी, आरती सिंह, प्रथमा यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीन व तालाब से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के बगहाडेरा मजरे मवई गांव में सरकारी जमीनों के साथ ही तालाब से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायती पत्र में शंकर प्रसाद पुत्र मुंशी निवासी बगहाडेरा मजरे मवई ने बताया कि गांव में रिटायर्ड अध्यापक रघुराज पुत्र शिवराम व उसके पुत्र चन्द्रशेषर गांव के लोगों को लड़वाने का काम करते हैं। गांव में खलिहान की भूमि, तालाब व घूर के गड्ढे चकरोड पर कब्जा किए हैं। फसल बोते हैं और परिवार वालों को भी सरकारी जमीन पर कब्जा करवाकर अवैध निर्माण कराए हैं। यहां तक कि उसकी भूमिधरी जमीन में दस मीटर चैड़ाई से भूमि तोड़कर अपने खेत में मिला लिया है। राजस्व कर्मचारियों की ज्यादा आवभगत कर रहे हैं। जिससे अवैध कब्जे पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पीड़ित ने डीएम से मांग किया कि मामले की जांच कराकर सरकारी जमीनों, तालाब पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाया जाए साथ ही उसकी भूमि को भी वापस करवाया जाए।

## 15 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद हुआ पालिका का तीसरा मोर्चा

**- सभासदों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन की चेतावनी**



फतेहपुर। नगर पालिका परिषद फतेहपुर में व्याप्त समस्याओं के साथ-साथ पनप रहे भ्रष्टाचार को लेकर सभासदों का तीसरा मोर्चा सामने आया है। तीसरे मोर्चे ने लामबंद होकर पंद्रह सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन अधिशाषी अधिकारी को सौंपकर समस्याओं का निदान किए जाने की बात कही। यह भी चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का निदान शीघ्र न हुआ तो धरना-प्रदर्शन का उत्तदायित्व ईओ का होगा। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले वार्ड नं. 34 अहमदगंज के सभासद मो0 आरिफ गुड्डा के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक सभासद नगर पालिका परिषद पहुंचे। जहां ईओ को दिए गए ज्ञापन में पंद्रह सूत्रीय मांगे उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि असिस्मेंट में जो कार्रवाई हो रही है उसमें खतौनी की मांग की जा रही है। जबकि यह देखना चाहिए कि भवन/प्लाट सरकारी भूमि पर तो नहीं है। इसलिए मात्र बैनामा के आधार पर स्वामित्व दर्ज होना चाहिए। इसमें भी रिश्वत की मांग की मंशा स्पष्ट है। ईदगाह रोड त्योहार पर न बनाकर अब क्यों बनवाई जा रही है। सिद्धपीठ कालिकन मंदिर को जाने वाले मार्ग की हालत खस्ता है। इसके बावजूद इस मार्ग का निर्माण न कराकर अन्य अनुपयोगी मार्गो के निर्माण का टेण्डर कराया गया जो अनुचित है। ज्वालागंज वार्ड में तालाब का सुन्दरीकरण हेतु प्रस्ताव दिया गया लेकिन अब तक कार्रवाई न किया जाना घोर लापरवाही का प्रतीक है। अबरपुर में मासूक पहलवान की पुलिया के आगे नाला निर्माण नहीं कराया गया जिससे जलभराव की समस्या मुंह बाए खड़ी है। नाला एवं नालियों की सफाई ठीक ढंग से नहीं कराई गई। सभासदों के बिना सहमति पत्र के संस्था का भुगतान न किया जाए। सरांय मीनाशाह अजगवां में निर्मित ट्यूबवेल पर अब तक आपरेटर की नियुक्ति क्यों नहीं की गई। शहर के अधिकांश हिस्सों में नलों से मिट्टी आने के बावजूद निराकरण क्यों नहीं किया जा रहा है जबकि यह लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। इसके अलावा अन्य मांगे भी शामिल है। जिसके जवाब सभासदों ने ईओ से मांगते हुए कहा कि यदि सभी समस्याओं का निराकरण समय पर न किया गया तो वह सभी धरना-प्रदर्शन के लिए विवश होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी ईओ की होगी। इस मौके पर सभासदों में अरूण यादव, रीता पटेल, नेहा पवन द्विवेदी, विवेक श्रीवास्तव, मो0 इस्माइल, मो0 आफताब भी मौजूद रहे।

# तनावग्रस्त मानवता को भारत का उपहार है योग



- हृदयनारायण दीक्षित

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में 'चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग' कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देती। आत्महत्याएं बढ़ी है। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुन्दर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अन्तर्राष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अन्तर्राष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षो की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनसिक्मेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है।

समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया 'योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।' योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के 8 दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है-'ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः'। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोंचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, 'योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।' (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं 'दुख संयोगं वियोग योगं संज्ञिम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।' (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, 'आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)' अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की 'निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।' (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनो का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मन्त्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है




'अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः- अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।' (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं 'इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।' (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, 'ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरूष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।' (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, 'असंयत के लिये योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।' (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि 'रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।' यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-'बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।' आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं 'जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।' रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### बूढ़ी काकी

यही उसका रक्षागार था और यद्यपि काकी की शरण उनकी लोलुपता के कारण बहुत महंगो पड़ती थी, तथापि भाइयों के अन्याय से कहीं सुलभ थी इसी स्वार्थानुकूलता ने उन दोनों में सहानुभूति का आरोपण कर दिया था। रात का समय था। बुद्धिराम के द्वार पर शहनाई बज रही थी और गांव के बच्चों का झुंड विस्मयपूर्ण नेत्रों से गाने का रसास्वादन कर रहा था। चारपाइयों पर मेहमान विश्राम करते हुए नाइयों से मुक्कियां लगवा रहे थे। समीप खड़ा हुआ भाट विरदावली सुना रहा था और कुछ भावज्ञ मेहमानों की 'वाह, वाह' पर ऐसा खुश हो रहा था मानो इस 'वाह-वाह' का यथार्थ में वही अधिकारी है। दो-एक अंग्रेजी पढ़े हुए नवयुवक इन व्यवहारों से उदासीन थे। वे इस गंवार मंडली में बोलना अथवा सम्मिलित होना अपनी प्रतिष्ठा के प्रतिकूल समझते थे।

आज बुद्धिराम के बड़े लड़के मुखराम का तिलक आया है। यह उसी का उत्सव है। घर के भीतर स्त्रियां गा रही थीं और रूपा मेहमानों के लिए भोजन के प्रबन्ध में व्यस्त थी। भट्ठियों पर कड़ाह चढ़ रहे थे। एक में पूड़िया-कचौड़ियां निकल रही थीं, दूसरे में अन्य पकवान बनते थे। एक बड़े हण्डे में मसालेदार तरकारी पक रही थी। घी और मसाले की क्षुधावर्द्धक सुगंधि चारों ओर फैली हुई थी।

बूढ़ी काकी अपनी कोठरी में शोकमय विचार की भांति बैठी हुई थी। यह स्वाद मिश्रित सुगंधि उन्हें बेचैन कर रही थी। वे मन ही मन विचार कर रही थीं, सम्भवतः मुझे पूड़ियां न मिलेंगी। इतनी देर हो गयी, कोई भोजन लेकर नहीं आया। मालूम होता है, सब लोग भोजन कर चुके हैं। मेरे लिए कुछ न बचा। यह सोचकर उन्हें रोना आया; परन्तु अशकुन के भय से वह रो न सकीं

'आह! कैसी सुगंधि है? अब मुझे कौन पूछता है। जब रोटियों ही के लाले पड़े हैं तब ऐसे भाग्य कहां कि भरपेट पूड़ियां मिलें?' यह विचार कर उन्हें रोना आया, कलेजे में हूक-सी उठने लगी। परन्तु रूपा के भय से उन्होंने फिर मौन धारण कर लिया।

बूढ़ी काकी देर तक इन्हीं दुःखदायक विचारों में डूबी रहीं। घी और मसालों की सुगंधि रह-रह कर मन को आपे से बाहर किये देती थी। क्रमशः...

# योग : मन की शुद्धि से मोक्ष तक का मार्ग

मन ही सब कुछ है। जो आप सोचते हैं, आप वही बन जाते हैं। भगवान बुद्ध की यह उक्ति केवल कोई भावनात्मक



- प्रियंका सौरभ

वक्तव्य नहीं, बल्कि जीवन की एक मौलिक सच्चाई है। भारतीय संस्कृति और दर्शन में मन को नियंत्रण में लाना, उसकी दिशा को सही मार्ग पर स्थापित करना, सबसे बड़ा साध्य माना गया है। योग उसी साधना का नाम है ङ्क जो मन को अपने उच्चतम स्वरूप तक ले जाता है।जब हम 'योग' शब्द सुनते हैं, तो आँखों के सामने एक व्यक्ति ध्यान की मुद्रा में बैठा दिखता है – शांत, स्थिर और एकाग्र। लेकिन योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है। योग का वास्तविक अर्थ है। जोड़, मिलन और संतुलन। यह आत्मा और परमात्मा का मिलन है, शरीर और मन का संतुलन है, और अंततः मन के विक्षेपों को शांत करने की विद्या है। भारत द्वारा प्रस्तावित और अब हर वर्ष 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस बात का प्रमाण है कि योग अब केवल एक प्राचीन परंपरा नहीं, बल्कि आधुनिक विश्व की भी आवश्यकता बन चुका है। यह उस चेतना का जागरण है जो यह स्वीकार करती है कि आज की सारी समस्याओं की जड़ मन की अस्थिरता और संतुलनहीनता में है। भारतीय दर्शन कहता है कि दुख और सुख, दोनों की जड़ मन है। बुद्ध ने स्पष्ट कहा था। 'मन ही सब कुछ है, जो तुम सोचते हो, वही बनते हो।' यह विचार योग के मूल में है। पतंजलि योगसूत्र का पहला सूत्र ही है। 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' अर्थात, योग वह है जो चित्त (मन) की वृत्तियों को रोकता है। चित्तवृत्तियाँ हैं। चिंता, क्रोध, मोह, वासना, द्वेष, घृणा, लालच, भ्रम, जो मन को अस्थिर करती हैं। योग इन विकारों को शुद्ध करने की प्रक्रिया है। आधुनिक समय में योग को फिटनेस और फ्लेक्सिबिलिटी तक सीमित कर दिया गया है, जबकि प्राचीन भारतीय मनीषा ने योग को आध्यात्मिक उन्नति का साधन माना। योग आठ अंगों में विभाजित है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इनका अंतिम लक्ष्य है ङ्क मन की शुद्धि। आसन से शरीर स्थिर होता है, प्राणायाम से प्राण नियंत्रित होते हैं, ध्यान से मन एकाग्र होता है, और समाधि से आत्मा परमात्मा से मिलती है। इस यात्रा में मन सबसे बड़ा रुकावट भी है और सबसे बड़ा साधन भी। मन में जो बीज बोया जाता है, वही जीवन में फल देता है। यदि मन में भय, असुरक्षा, ईर्ष्या और अहंकार बोए जाएँ, तो जीवन में संघर्ष, अकेलापन और दुख पैदा होते हैं। पर यदि शांति, संतोष, करुणा और संयम बोए जाएँ, तो जीवन सुंदर हो उठता है। योग हमें यह विवेक देता है कि हम क्या सोचें, क्यों सोचें, और कैसे सोचें। यही मानसिक अनुशासन है। महात्मा गांधी ने भी कहा था। 'व्यक्ति अपने विचारों से निर्मित प्राणी है। जो वह सोचता है, वही बनता है।' गांधी जी का जीवन स्वयं एक 'चलता-फिरता योग' था। आत्मानुशासन, सेवा, त्याग और मन की स्पष्टता। उन्होंने मन को साध कर ही अहिंसा को जीवन का मार्ग बनाया। वहीं, भगत सिंह ने विचारों की अग्नि को क्रांति में बदला। दोनों ने अलग राह चुनी, पर आधार उनका मन ही था। आज के समय में मन की बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं । अवसाद, चिंता, आत्महत्या, क्रोध, भ्रम और तनाव। मानसिक अस्पतालों की संख्या बढ़ रही है, पर समाधान केवल दवा नहीं है, ध्यान और योग ही असली उपाय हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि योग-निद्रा, ध्यान और प्राणायाम से मस्तिष्क का ब्रेन वेव पैटर्न बदलता है, तनाव हार्मोन (कॉर्टिसोल) कम होता है और सजीवता, रचनात्मकता व संतुलन बढ़ता है। जब व्यक्ति का मन शांत होता है, तभी वह करुणामय बनता है। और जब समाज के लोग करुणामय हों, तो हिंसा, द्वेष, असहिष्णुता, कट्टरता अपने आप मिटने लगती है। इसलिए योग एक व्यक्ति नहीं, समाज के पुनर्निर्माण का माध्यम है। भारत की विविधता, भाषा, जाति, धर्म, क्षेत्र। अगर कहीं एक सूत्र में बंध सकती है, तो वह आंतरिक शांति और आत्म-संयम के माध्यम से ही संभव है।

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**धनहीनो न हिनश्च धनिकः सः सुनिश्चयः।**
**विद्यारत्नेन हीनो यः सः हीनः सर्ववस्तुषु ॥**

धनहीन होने पर किसी को निर्धन नहीं कहा जा सकता, वह तो निश्चित रूप से धनिक है। जो व्यक्ति विद्यारत्न से हीन है, वह संसार की सभी वस्तुओं से हीन है, अर्थात् सबसे बड़ा निर्धन है; क्योंकि सच्चा धन तो विद्या है।

✦✦✦

**दृष्टिपूतं न्यसेत् पादं वस्त्रपूतं पिबेज्जलम्।**
**शास्त्रपूतं वदेद् वाक्यं मनःपूतं समाचरेत् ॥**

मार्ग में चलने से पहले उसे अपनी आंख से भली प्रकार देख लेना चाहिए, जल को वस्त्र से छानकर पीना चाहिए, शास्त्र द्वारा संशोधित वाणी ही बोलनी चाहिए तथा पवित्र मन से ही दूसरों के साथ व्यवहार करना चाहिए।

✦✦✦

**सुखार्थी चेत् त्यजेद् विद्यां चेत् त्यजेत् सुखम्।**
**सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतो सुखम्॥**

जो व्यक्ति सुख की इच्छा रखता है, उसे विद्या-प्राप्ति की आशा को सहयोगी छोड़ देना चाहिए और यदि वह विद्या प्राप्त करना चाहता है, तो उसे सुख का परित्याग करने के लिए तैयारी करनी चाहिए; क्योंकि सुखार्थी को विद्या और शिष्यों को सुख कभी प्राप्त नहीं हो पाता।

## ।। अमृत कलश ।।

### सम्मान-असम्मान का पैमाना

मैले-कुचैले कपड़े पहने एक चित्रकार जब सम्राट नेपोलियन के पास पहुंचा तो उसने वस्त्र देखकर उसका कोई सम्मान नहीं किया। इतना ही नहीं उसे दूसरे किनारे पर बैठने को कह दिया।

थोड़ी देर बाद जब चित्रकार व सम्राट में बातचीत हुई जब सम्राट को ज्ञात हुआ कि वह बड़ा कुशल चित्रकार है। बात खत्म कर जब चित्रकार जाने लगा तो नेपोलियन उठा और उससे हाथ मिलाकर आदरपूर्वक द्वार तक छोड़ने स्वयं गया। पहले अपमान व बाद में सम्मान होते देख चित्रकार आश्चर्यचकित रह गया। उसने डरते-डरते नेपोलियन से इसका राज जानना चाहा। नेपोलियन बोला, आने पर किसी भी व्यक्ति का सम्मान उसकी वेशभूषा को देखकर ही किया जाता है। लेकिन जाते समय उसके गुणों के कारण उसको सम्मान दिया जाता है।

## काँव-काँव

✦✦✦

**बिहार दौरा तेज करेंगे भाजपा के कद्दावर नेता**
सरकार बनानी है तो एसी छोड़ दौड़ना पड़ेगा ही!

**थरूर तय करें भाजपा में आना है या नहीं : मंत्री**
गाजर लटकाए रहिए, आ ही जाएंगे!

**समिति ने विमानन सुरक्षा फंडिंग पर उठाए थे सवाल**
बड़ा हादसा हो जाए तो सब याद आने लगता है!

**डोपिंग : भारत में पॉजिटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा**
मतलब, जीतने के लिए कुछ भी करेगा!

**नेतन्याहू ने 'अन्यायपूर्ण' युद्ध शुरू किया**
अब न्याय के लिए युद्ध का जमाना नहीं है भाई!

**बारिश से घंटों गुल रही बिजली, नल सूखे**
अब तो यह आए दिन का रोना रहेगा!


**राजभवन में छाऊ और गंभीरा नृत्य की धूम रही**
गनीमत, अब यह राजनीति का अड्डा नहीं है!

**शहर में २० हजार करोड़ से ४६ पुल-पुलिया बनाए जाएंगे**
होशियार! इतनी रकम में खेल न हो जाए!

✦✦✦

# तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़े विश्व को शांति की तलाश

अमेरिकी शहर शिकागो में वर्ष 1893 नवंबर में आयोजित धर्म महासभा में दिए अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद ने कहा था- 'पृथ्वी पर सबसे प्राचीनतम संन्यासी समाज की ओर से मैं आपलोगों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। सर्वधर्म के सद्भाव स्वरूप जो सनातन हिन्दू धर्म है, उसका प्रतिनिधि होकर आज मैं, आपलोगों को धन्यवाद देता हूं। मैं उसी धर्म में शामिल



- निशिकांत ठाकुर

अपने को गौरवान्वित महसूस करता हूं।' उनका उद्बोधन आज इसलिए अनिवार्य रूप से स्मरणीय हो गया है कि उनसे और भारतीय ऋषियों-महर्षियों को प्रेरणास्रोत मानकर भारतवर्ष कृत संकल्पित है। अखंड भारत की रक्षा के निमित्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी उसी मार्ग को चुना और उन्हें सफलता भी मिली। आज कोई भी दुराग्रह के कारण उनकी आलोचना करे, उनकी नीतियों में हजारों कपोल-कल्पित कमियां गिनाए, लेकिन सच वह भी जानता है कि भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराने में जितना बड़ा योगदान बापू का रहा, अकेले में वह आलोचक भी सोचता होगा कि सच में एक कृशकाय न्यूनतम हाड़मांस का व्यक्ति ऐसा भी कर सकता है? यदि भारत सनातन और शांति का मार्ग नहीं चुनता, तो क्या वे गुलामी की जंजीरों से मुक्त हो सकते थे?

आज हम थोड़ा शक्ति-सम्पन्न हो जाने पर आपस में ही एक-दूसरे को पछाड़ने में जुट जाते हैं। जब पूरा विश्व तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर है, उसमें इजराइल की ओर से बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान में जो होगा, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। नेतन्याहू कहते हैं कि ईरान के हमले नहीं रुके, तो तेहरान को राख कर देंगे। कितनी बड़ी मानवीय नुकसान की बात की जा रही है। धन के नुकसान का आकलन तो गणितज्ञ कर लेंगे, लेकिन जो मानवीय नुकसान दोनों देशों के बीच होगा, उसका आकलन कौन और किस तरह से करेगा! यह ठीक है कि अपने हक, यानी अधिकार की रक्षा के लिए युद्ध लड़ा जाता रहा है, और आगे भी लड़ा जाता रहेगा, लेकिन भारत मानवता की रक्षा का निर्वाह तो आदिकाल से करता आ रहा है। भगवान बुद्ध ने भी वही मार्ग अपनाने का संदेश दिया, जिसका पालन भारत ने गांधी के नेतृत्व में किया था। हिंदुस्तान के वायसराय लॉर्ड रीडिंग ने एक बार टिप्पणी की थी- 'उनके बाहरी व्यक्तित्व में चौंकाने वाली कोई बात नहीं है। अगर वे मुझे सड़क पर मिल गए होते, तो उनकी ओर दुबारा नज़र उठाए बगैर उनकी बगल से गुजर गया होता, लेकिन जब वे बात करते हैं, तो अलग ही प्रभाव पड़ता है। वे एकदम दो-टूक हैं और बोलते वक्त बेहतरीन अंग्रेजी में अपने एक-एक शब्द के मूल्य को बखूबी समझते हुए खुद को व्यक्त करते हैं। आखिरकार वे एक प्रशिक्षित बैरिस्टर थे।'

उधर, ईरान ने कहा है कि वह हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। ईरान ने कहा कि यूरेनियम का शोधन उसका अधिकार है। परमाणु अप्रसार की संधि में मिले अधिकारों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। हम मामले को कूटनीतिक तरीके से हल करना चाहते हैं, लेकिन यूरेनियम शोधन नहीं छोड़ेंगे। ईरान किसी भी हमले से बचाव और उसका जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ईरान का कहना है कि इजराइल की इस तैयारी के लिए उसके किसी मित्र देश ने सूचना दी है। और यही तो हुआ पिछले रविवार को शांति प्रस्ताव पर जो बातचीत होनी थी, नहीं हुई और दोनों देश एक-दूसरे देश से युद्ध छेड़ चुके हैं। अमेरिका सदैव इजराइल का पक्षधर रहा है, इसलिए निःसंदेह इजराइल का युद्धक पक्ष मजबूत है, लेकिन क्या इस स्तर के युद्ध से विश्व प्रभावित नहीं होगा! आज भी विश्व अमेरिका द्वारा जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए परमाणु हमले को भूल नहीं पाया है। ज्ञात हो कि परमाणु बम गिराए जाने के बाद दोनों शहर श्मशान में बदल गए थे और जिसका असर आज भी देखा जा रहा है। इसलिए दोनों देशों के बीच मध्यस्थता के लिए किसी-न-किसी को सामने आना ही होगा, ताकि आगे आने वाली मानवीय क्षति को रोका जा सके।

विश्व को आज भी याद है जब चालीस माह पहले रूस और यूक्रेन की बीच घमासान युद्ध शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है, लेकिन विश्व में उसे रोकने में तथाकथित सर्वाधिक शक्तिशाली नेताओं की भी रूह कांपने लगी है। यदि इसी तरह विश्व में लगातार हम एक-दूसरे देश पर हमला करते रहे, तो फिर वहीं आदिम युग में प्रवेश कर जाएंगे और जो शक्तिशाली राष्ट्र होगा, वह अपनी मनमानी करता रहेगा। सच तो यह है कि आज भी वही हो रहा है, तैयार नहीं, अथवा वे जानते हैं कि विश्व में उनकी हैसियत क्या है और उनकी बातचीत अथवा उनकी भागीदारी से कुछ हल नहीं निकलेगा, इसलिए चुप रहो। कहा जा रहा है कि इजराइल पहले गजा और अब ईरान को तबाह करके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के और करीब आने का प्रयास कर रहा है।

जो भी हो भारतवर्ष भी इससे वंचित नहीं है। वह भी बार-बार इन झंझावातों से जूझता रहा है, क्योंकि उसे बार-बार श्मशान के रूप में तब्दील हो जाएंगे। आज बिल्कुल आधुनिक तरीके से युद्ध लड़ा जा रहा है और इसलिए किसी को अगले क्षण का भी पता नहीं चलता कि कब क्या हो जाएगा। अब यही इजराइल और ईरान व रूस और यूक्रेन का युद्ध लड़ा जा रहा है। इसका परिणाम क्या होगा, इसका किसी को पता नहीं चलेगा, लेकिन उससे किसी देश का भला क्या होगा? हां, एक-दूसरे का अहंकार जरूर पूरा होगा, केवल अहंकार। इसलिए




लेकिन आज किसी देश विशेष के हस्तक्षेप से युद्ध रुक जाता है, लेकिन हमारा भारत सभी युद्धों के लिए अपनी शांति के अग्रदूत प्रतीक होने को प्रमाणित नहीं कर सका । यदि ऐसा है, तो क्या गांधी उस नियम या शांति के वाहक के रूप में आखिरी कड़ी थे? यदि हां, तो ठीक है हम अपने व्यक्तिगत छवि को बनाने में देश के धन को जाया करते रहें और पूरा विश्व युद्ध की आग में जलता रहे। विश्व को शांति का पाठ पढ़ाने वाले हमारे भारत में आज कोई भी स्वामी विवेकानंद या भगवान बुद्ध बनने को अपने पड़ोसियों द्वारा उकसाया जाता रहा है, लेकिन शांति का पुजारी भारत कभी भी इसमें अगुआ नहीं बना। भारत तो केवल अपनी आत्मरक्षा के लिए ही युद्ध किया है, किसी की मदद के लिए ही आगे आया है। भारत विश्व को भी यही उपदेश देता है कि हम केवल अपनी सनातन की रक्षा के लिए किसी युद्ध में हिस्सा लेंगे, अन्यथा अपने आत्मरक्षार्थ ही, क्योंकि विश्व आज जिस संकट में है, उसमें शांति के लिए ही प्रयास यदि कोई करता है, तो वह श्रेष्ठ है, अन्यथा किसी दिन देश के देश, शहर के शहर हमारा देश, जो भगवान बुद्ध, स्वामी विवेकानंद तथा महात्मा गांधी की नीति पर चलकर आज सुरक्षित है, वह केवल सनातन है, शांति का अग्रदूत होने का ही परिणाम है। लड़ता तो भारत भी है, लेकिन अपने आत्मरक्षार्थ, जिसमें वह सफल होता रहा है और आगे भी होता रहेगा। इसलिए आज भी स्वामी विवेकानंद का शिकागो की धर्मसभा में दिया गया उद्बोधन सार्थक है, हमारे सनातन और शांति की अमूल्य निधि है, जिसे सहेजकर ही आजतक हम सुरक्षित हैं।

# कॉफी से करें अपने दिन की शुरुआत

दिन की शुरुआत में हम में से ज्यादातर लोगों की आदत चाय पीने की होती है। वैसे तो कई अध्ययनों में संयमित मात्रा में चाय को सेहत के लिए लाभकारी पेय बताया गया है पर अगर आप चाय की जगह ब्लैक

## सेहत में होगा गजब का सुधार

कॉफी से दिन की शुरुआत करते हैं तो इसके कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। कॉफी में मौजूद कैफीन आपको थकान से बचाने और ऊर्जावान महसूस कराने के अलावा आपके मूड, संज्ञानात्मक कार्य और एथलेटिक प्रदर्शन को बढ़ावा सकती है। सुबह-सुबह आंख खुलते ही अगर आप थके-थके से महसूस करते हैं और दिमाग धीमा चलता है, तो एक कप ब्लैक कॉफी आपको तरोताजा कर सकती है। ब्लैक कॉफी सिर्फ नींद भगाने का जरिया नहीं है, इसके फायदे इससे कहीं ज्यादा गहरे हैं। वजन घटाने, हृदय रोग, अल्जाइमर रोग और टाइप-2 डायबिटीज जैसी स्थितियों में भी कॉफी के संयमित सेवन को फायदेमंद बताया गया है। सुबह सबसे पहले एक कप ब्लैक कॉफी पीने से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते



हैं। आइए इससे होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

**एनर्जी बूस्टर है ब्लैक कॉफी**

ब्लैक कॉफी में मौजूद कैफीन आपके मस्तिष्क को एक्टिव करती है। ये आपके न्यूरोट्रांसमीटर डोपामीन और नॉरएड्रेनालिन को उत्तेजित करती है, जिससे मूड अच्छा होता है और आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं। सुबह-सुबह ब्लैक कॉफी पीने की आदत बना लेना आपको पूरे दिन एनर्जेटिक रखने में मदद करता है और आप काम पर बेहतर फोकस कर पाते हैं।

**कॉफी के एंटीडिप्रेसेंट प्रभाव**

कॉफी में अवसादरोधी प्रभाव होता है, यह मस्तिष्क में सेरोटोनिन और डोपामाइन के स्तर को बढ़ाती है, जो उदासी, शोक और अकेलेपन सहित अवसादग्रस्तता की भावनाओं को कम करती है। अगर आप अक्सर सुस्ती महसूस करते रहते हैं तो ब्लैक कॉफी के साथ दिन की शुरुआत करना एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

**वजन घटाने में भी फायदेमंद**

कॉफी में कैलोरी की मात्रा कम होती है जो आपके वजन को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। इसमें कैफीन की मात्रा होती है, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने, ऊर्जा को बढ़ावा देने और भूख को कम करने में भी सहायक है। अगर आप वजन घटाने के प्रयास में हैं तो सुबह सबसे पहले एक कप ब्लैक कॉफी पीना लाभप्रद हो सकता है।

**मधुमेह-लिवर रोगियों के लिए लाभप्रद**

कई अध्ययनों से संकेत मिलता है कि ब्लैक कॉफी पीने से मधुमेह के विकसित होने या फिर जिन लोगों को पहले से ही ये दिक्कत है उसे कंट्रोल करने में लाभ मिल सकता है। कॉफी की प्रतिक्रिया में शरीर अधिक इंसुलिन का उत्पादन करता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक है। हालांकि ध्यान रखें कि इसका संयमित मात्रा में ही सेवन किया जाना चाहिए। इसी तरह ब्लैक कॉफी लिवर की सफाई में मदद करती है और लिवर सिरोसिस, फैटी लिवर और हेपेटाइटिस जैसे रोगों से बचाव कर सकती है।



# ओवरथिंकिंग की आदत से हो गए हैं परेशान तो ऐसे करें कंट्रोल

ओवरथिंकिंग एक निगेटिव आदत है, जो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। आपने भी खुद को कभी न कभी ओवरथिंकिंग करते हुए महसूस किया होगा। यह आदत व्यक्ति को धीरे-धीरे गंभीर रूप से अपना शिकार बना देती है। जिस कारण आप दिन प्रतिदिन निगेटिव विचारों की ओर आकर्षित होते चले जाते हैं। लेकिन अगर आप ओवरथिंकिंग पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं, तो आप कुछ टिप्स की मदद ले सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किस तरह से ओवरथिंकिंग से छुटकारा पा सकती हैं।

**खुद को करें डिस्ट्रेक्ट-** अगर आप ओवरथिंकिंग करती हैं, तो आप अपने किसी पसंदीदा कार्य में खुद को व्यस्त करके निगेटिव थॉट्स को ड्रिस्ट्रेक्स करने का प्रयास करें। आप किचन में नई रेसिपी ट्राई करें, वर्कआउट क्लास और पेंटिंग जैसी एक्टिविटी में हिस्सा लें। ओवरथिंकिंग न सिर्फ आपको मानसिक बल्कि शारीरिक रूप से परेशान कर सकती है। इसलिए किसी शांत जगह पर बैठकर गहरी सांस लें। यह आपको रिलैक्स रखेगा और आपके दिमाग में आने वाले विचारों को अवॉइड करने में सहायता करेगा।



**मेडिटेशन करें-** अगर आप भी ओवरथिंकिंग करते हैं, तो आपको नियमित रूप से मेडिटेशन करने की आदत बनाना चाहिए। मेडिटेशन करने से आपके दिमाग में चलने वाले थॉट्स डिस्ट्रेक्ट होंगे। वहीं यह दिमाग को शांत करता है। ऐसे में आप तनाव का शिकार नहीं होंगे। शाम को काम से लौटने के बाद थोड़ी देर मेडिटेशन जरूर करें। मेडिटेशन करने से आपके अंदर पॉजिटिव विचार आएंगे।

**ट्रिगर प्वाइंट समझें-** सभी लोगों का ऐसा कोई न कोई ट्रिगर प्वाइंट जरूर होता है। जहां पहुंचकर व्यक्ति ओवरथिंकिंग करने लग जाते हैं। ऐसे में आप अपने ट्रिगर प्वाइंट पर पकड़ बना लेना भी ओवरथिंकिंग की समस्या से राहत पाने का एक अच्छा ऑप्शन होता है।

अगर आपको कभी ऐसा लगता है कि आप परेशान हो सकती हैं, तो खुद को पॉजिटिव एनवायरमेंट में रखने का प्रयास करें। क्योंकि ओवरथिंकिंग एक ऐसी समस्या है, जिसको आप खुद ठीक नहीं करना चाहती हैं, तो दूसरा व्यक्ति भी इसमें आपकी सहायता नहीं कर सकता है।

# घर पर बनाएं रूह अफ़ज़ा मोजिटो गर्मी में ठंडक का असली मज़ा



## रूह अफ़ज़ा मोजिटो बनाने की सामग्री

- रूह अफ़ज़ा शरबत – 4 टेबल स्पून
- नींबू – 1 (छोटे टुकड़ों में कटा हुआ)
- पुदीना के पत्ते – 10-12
- सोडा (सोडा वाटर) – 1 कप
- बर्फ के टुकड़े – आवश्यकतानुसार
- चीनी (अगर जरूरत हो) – 1 टीस्पून
- ठंडा पानी – 2 टेबल स्पून

गर्मी का मौसम आते ही ठंडे और फ्रेश ड्रिंक की तलाश बढ़ जाती है। बाजार में बहुत सारे शरबत और जूस मिलते हैं लेकिन घर पर बनाकर अगर कोई खास ड्रिंक बनाई जाए तो मज़ा दोगुना हो जाता है। ऐसी ही एक शानदार ड्रिंक है रूह अफ़ज़ा मोजिटो। यह ड्रिंक न सिर्फ स्वाद में लाजवाब है, बल्कि गर्मी में ठंडक देने में भी मददगार है।

**रूह अफ़ज़ा मोजिटो बनाने की विधि**

1. एक गिलास में पुदीना के पत्ते और नींबू के टुकड़े डालकर हल्के हाथ से मसलें ताकि इनका रस और खुशबू निकले।
2. अब इस गिलास में 4 टेबल स्पून रूह अफ़ज़ा शरबत डालें। अगर आप मीठा पसंद करते हैं तो थोड़ी चीनी भी डाल सकते हैं।
3. 2 टेबल स्पून ठंडा पानी डालकर अच्छी तरह मिलाएं ताकि रूह अफ़ज़ा और नींबू का रस मिल जाए।
4. अब गिलास में बर्फ के टुकड़े डालें ताकि ड्रिंक ठंडी हो जाए। ऊपर से सोडा डालें और हल्के हाथ से मिलाएं ताकि ड्रिंक में गैस बनी रहे। ऊपर से पुदीने के पत्ते और नींबू का एक टुकड़ा गार्निश के लिए डालें।

रूह अफ़ज़ा मोजिटो को ठंडा-ठंडा गिलास में परोसें। यह ड्रिंक गर्मी की दोपहर या शाम को पीने के लिए बहुत बढ़िया है। दोस्तों और परिवार के साथ बैठकर इसका मज़ा लें। तो इस गर्मी में इसे जरूर ट्राय करें और दोस्तों के साथ भी शेयर करें।

# लड़कियों को शादी के बाद नौकरी करनी चाहिए या नहीं? फायदे और चुनौतियां

आजकल महिलाएं सिर्फ घर-परिवार संभालने तक सीमित नहीं हैं। अभिभावक अपनी बेटियों को बेटों के बराबर ही पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और शिक्षा की ओर अग्रसर कर रहे हैं। लड़कियां भी अपने करियर पर फोकस करने के साथ ही आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं लेकिन जैसे ही उनकी शादी होती है, समाज, परंपरा और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच झूलती महिला को अक्सर अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष का सामना करना पड़ जाता है। भारत में आज भी कई घरों में ये सवाल पूछा जाता है %क्या शादी के बाद लड़की को नौकरी करनी चाहिए? विकसित सोच के साथ समाज व ससुराल वाले महिलाओं के शादी के बाद नौकरी करने के फैसले को समर्थन देने लगे हैं। लड़कियां भी शादी के बाद भी अपने करियर पर फोकस करना चाहती हैं लेकिन क्या है संभव है। हर लड़की को पता होना चाहिए कि शादी के बाद नौकरी करने पर उनके सामने क्या चुनौतियां आ सकती हैं। नौकरी के फायदे बहुत हैं लेकिन एक शादीशुदा महिला के लिए फायदों के साथ ही चुनौतियों को समझना भी जरूरी है ताकि वह पहले से हर चुनौती का सामना करने के लिए अपने आप को तैयार कर पाएं। इस लेख से जानिए शादी के बाद महिला के काम करने के क्या फायदे हैं, और इस रास्ते में कौन सी बड़ी चुनौतियां सामने आती हैं।

**शादीशुदा महिला के लिए नौकरी के फायदे-** नौकरी हर व्यक्ति चाहे वह महिला हो या पुरुष को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है। नौकरी करने से शादीशुदा महिलाओं में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ता है। उनकी आत्मछवि मजबूत होती है और वे अपने निर्णय खुद लेने में सक्षम हो पाती हैं।

महिला के नौकरी करने से घर में दोहरी कमाई हो पाती है। पति के साथ पत्नी भी कमाती है। दोहरी कमाई से परिवार पर आर्थिक बोझ कम होता है और महिला अपनी पसंद के अनुसार खर्च भी कर सकती है। नौकरीपेशा पत्नी परिवार में आर्थिक सहयोग देने के साथ ही आर्थिक तौर पर स्वतंत्र भी होती है।

नौकरीपेशा महिलाएं अपने बच्चों के लिए रोल मॉडल बनती हैं। कामकाजी मां बच्चों को मेहनत, अनुशासन और संतुलन का पाठ पढ़ाती हैं।

नौकरी करने से महिला केवल घर तक सीमित नहीं रहती, बल्कि समाज में एक योगदानकर्ता के रूप में देखी जाती है। इससे नौकरीपेशा महिला को समाज में पहचान और सम्मान मिलता है।

शादी के बाद नौकरी करने से महिलाओं को अपनी शिक्षा, हुनर और टैलेंट को इस्तेमाल करने का मौका मिलता है, जिससे उसका आत्मविकास होता है।

**नौकरीपेशा शादीशुदा महिलाओं की चुनौतियां**

**संतुलन की चुनौती-** शादी से पहले लड़कियों के लिए नौकरी करना आसान होता है, क्योंकि उन पर सिर्फ काम की जिम्मेदारी होती है। लेकिन



एक शादीशुदा महिला पर घरेलू जिम्मेदारियां भी होती हैं। ऐसे सें शादीशुदा महिला के लिए घरेलू काम और दफ्तर के काम के बीच संतुलन बनाना चुनौती होता है। ऑफिस और घर दोनों को संभालना मानसिक और शारीरिक थकावट ला सकता है।

**परिवार का असहयोग-** कई बार ससुराल या पति की तरफ से काम करने को लेकर विरोध होता है। महिला पर नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया जा सकता है। अगर ससुराल वाले नौकरी करने की इजाजत दे भी देते हैं तो परिवार और काम के बीच संतुलन बनाने में महिला की मदद नहीं करते और उसे ये सब अकेले संभालने पर विवश कर देते हैं।

**समय प्रबंधन में कठिनाई-** शादीशुदा महिला जो घर और दफ्तर दोनों की जिम्मेदारी निभा रही होती है, कई बार उस के लिए बच्चों, पति, ऑफिस और खुद के लिए समय निकालना मुश्किल हो सकता है। उनकी जीवनशैली आम गृहणियों या नौकरीपेशा पुरुषों से ज्यादा व्यस्त हो जाती है।


**करियर में रुकावट या ब्रेक-** जो भी महिलाएं शादी के बाद नौकरी करने की इच्छा रखती हैं, उन्हें ये भी पता होना चाहिए कि शादी, प्रेगनेंसी या ट्रांसफर जैसी स्थितियों में उनका करियर बाधित हो सकता है। अगर पति किसी दूसरे शहर में नौकरी करता है तो महिला पर ही ट्रांसफर या नौकरी छोड़ने का दबाव होता है। गर्भावस्था में महिला के करियर पर ब्रेक लग सकता है।

**अपेक्षाओं का सामना-** नौकरीपेशा महिला को समाज और ससुराल की अपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है। उन पर एक %अच्छी बहू% बनने का हमेशा दबाव रहता है क्योंकि कहीं न कहीं उनके लिए गृहणियों की तुलना में परिवार के लिए हर वक्त पर उपस्थित रहना चुनौती बन जाती है।

**शादी के बाद नौकरी करने वाली महिलाओं के लिए समाधान**

अगर आपकी शादी होने वाली है या हाल ही में शादी हुई है और आप अपने करियर व नौकरी पर फोकस करना चाहती हैं तो परिवार में खुलकर संवाद करें। उन्हें अपनी इच्छा व परेशानियां बताएं ताकि परिवार आपका सहयोग कर सके। परिवार के सहयोग से ही शादी के बाद भी महिल के लिए नौकरी करना संभव हो सकता है। समय का स्मार्ट प्रबंधन करना हर महिला को आना चाहिए। उन्हें घर परिवार के साथ ही दफ्तर और खुद को समय देने की कला आनी चाहिए ताकि उनके लिए काम और परिवार के बीच संतुलन बनाना आसान हो जाए। करियर के लिए दफ्तर बेहतर है लेकिन परिवार और नौकरी दोनों को संभालने के लिए अगर संभव हो तो फ्लेक्सी वर्क या वर्क फ्रॉम होम विकल्प चुनना बेहतर तरीका हो सकता है। सबसे जरूरी है कि महिलाएं खुद के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ख्याल रखें ताकि सकारात्मक तरीके से जीवन की चुनौतियों का सामना कर पाएं। शादी के बाद महिला के लिए ससुराल वालों को साथ लेकर चलना और उन्हें भरोसे में लेना जरूरी है ताकि वह आपके नौकरी करने पर एतराज न जताएं, बल्कि समर्थन दें।

# सीओ2 उत्सर्जन : धरती को गर्म कर रहे हैं एआई चैटबॉट इनके सोचने से थोक में बढ़ रहा कार्बन उत्सर्जन



यदि आप भी एआई टूल इस्तेमाल करते हैं तो यह खबर आपको सोचने पर मजबूर कर सकती है कि आपके एआई इस्तेमाल से भी $CO_2$ उत्सर्जन बढ़ रहा है और धरती गर्म हो रही है। एक नई स्टडी में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि जब एआई चैटबॉट्स जटिल सवालों पर सोचने लगते हैं यानी विश्लेषणात्मक और तर्कसंगत जवाब देने की कोशिश करते हैं, तो वे सीधे-सपाट जवाब देने वाले मॉडल्स की तुलना में छह गुना तक अधिक कार्बन उत्सर्जन करते हैं। तर्क करने वाला एआई ज्यादा ऊर्जा खपाता है

जर्मनी के होचस्चुले मुन्चेन यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज के शोधकर्ता मैक्सिमिलियन डॉउनर ने बताया, हमने पाया कि जो मॉडल तर्क और विश्लेषण करते हैं, वे छोटे, संक्षिप्त उत्तर देने वाले मॉडल्स की तुलना में 50 गुना तक ज्यादा $CO_2$ उत्सर्जन कर सकते हैं। यह अध्ययन फ्रॉन्टियर इन कम्युनिकेशन नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ है, जिसमें 14 जनरेटिव AI मॉडल्स (जैसे DeepSeek और Cogito) के प्रदर्शन और पर्यावरणीय प्रभाव का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। किन विषयों पर किया गया था परीक्षण? एआई को 1,000 सवाल दिए गए जिनमें 500 मल्टीपल चॉइस, 500 वर्णनात्मक/लिखित उत्तर वाले शामिल थे। ये सवाल 5 विषयों दर्शनशास्त्र, हाई स्कूल इतिहास, अंतरराष्ट्रीय कानून, एब्स्ट्रैक्ट एल्जेब्रा, हाई स्कूल गणित से थे।

**थिंकिंग टोकन से बढ़ता है उत्सर्जन**



एआई चैटबॉट जब किसी सवाल पर पहले भीतर-ही-भीतर सोच यानी रिजनिंग करता है, तो वो कई अतिरिक्त टोकन जनरेट करता है।

**रिजनिंग मॉडल-** औसतन 543.5 थिंकिंग टोकन प्रति प्रश्न

**संक्षिप्त मॉडल-** केवल 37.7 टोकन प्रति प्रश्न

ज्यादा टोकन = ज्यादा कंप्यूटेशन = ज्यादा बिजली = ज्यादा कार्बन उत्सर्जन।

**सोचने से हमेशा सही जवाब नहीं मिलता**

स्टडी में यह भी पाया गया कि लंबा, तर्कसंगत उत्तर देना हमेशा सही उत्तर की गारंटी नहीं है। डॉउनर ने कहा, जो मॉडल 500 ग्राम $CO_2$ से कम उत्सर्जन करते हैं, वे 80% से ज़्यादा सटीकता नहीं दे पाए। Cogito मॉडल, जो reasoning करता है, ने सबसे बेहतर प्रदर्शन (लगभग 85% सटीकता) दी, लेकिन उसने उसी आकार के संक्षिप्त मॉडल्स की तुलना में तीन गुना अधिक उत्सर्जन किया।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 22 जून , 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, द्वादशी तिथौ रवि वासरे 25/23/ भरणी नक्षत्रे 17/39/ सुकर्म योग 16/58/ कौलव करणे 10/55/ वृष राशिगत चन्द्रमा घं.23मि.04पर।

**व्रत एवं त्यौहार -** योगिनी एकादशी (वैष्णव) परम पूज्य श्री देवरहा बाबा की पुण्य तिथी।

**मेष :** उत्तरदायित्व की पूर्ति होगी। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। सुख सुविधाओं पर खर्च होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृष :** अनावश्यक विवादों को टालें व्यर्थ की भ्रमण प्रियता रहेगी। कारोबारी अभ्युदय होगा। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**मिथुन :** दिनचर्या में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वभाव में उदासी रहेगी। रोग भय रहेगा। संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**कर्क :** आकामिक लाभ होगा। सत्पूरामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारीबारी दूर होगी। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। बनाएँ पर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्को में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# जालौन ललितपुर



## समाधान दिवस में 32 में एक भी शिकायत का निस्तारण नही

जालौन। जन समस्याओं को मौके पर निस्तारण के लिए तहसील सभागार में एसडीएम विनय मौर्य की अध्यक्षता व सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 32 शिकायतें पंजीकृत हुई। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। संपूर्ण समाधान दिवस में 32 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिनमें अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण की शिकायतें दर्ज कराई गईं। संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक 10 शिकायतें राजस्व विभाग की दर्ज की गईं। नगर पालिका की सात, विकास विभाग की पांच, बिजली व पुलिस विभाग की चार-चार एवं नलकूप की दो शिकायत पंजीकृत हुई। समाधान दिवस में मौके पर किसी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस मौके नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता, तारा शुक्ला, ईओ सुशील कुमार दोहरे, डॉ. राजीव दुबे, बीईओ प्रीति सिंह, पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार, जेई बिजली नवीन कंजोलिया आदि मौजूद रहे।

## फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दास्त नहीं-डीएम

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 42 शिकायतें मौके पर 09 का निस्तारण**



कोंच(जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने दिन शनिवार को नदीगांव रोड स्थित खण्ड बिकास कार्यालय के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए उन्होने यह भी निर्देशित किया कि यदि सरकारी भूमि, रास्तों-चकमार्गो एवं पट्टेदारों के भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाए और तत्काल अवैध कब्जा खाली कराया जाए अब जिन क्षेत्रों में अवैध कब्जे की शिकायत मिलेगी तो सम्बंधित क्षेत्र के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगीपुलिस अधीक्षक ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें उन्होने यह भी कहा कि किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आज सम्पूर्ण समाधान दिवस कोंच में कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से मौके पर ही 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह तहसीलदार गौरव कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनडी शर्मा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मोनिका उमराव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश अधिशाषी अभियंता बिधुत जितेंद्र नाथ उपखण्ड अधिकारी रविन्द्र कुमार एबीएसए रंगनाथ चैधरी दिग्विजय सिंह जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला, पूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी, सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## तहसील व ब्लाक परिसर के साथ अन्य स्थानों पर भी हुए योग शिविर



जालौन। ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर में अनेक स्थानों सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में संघ के जिला सहसंघचालक, तहसील परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में, ब्लाक परिसर में प्रमुख रामराजा निरंजन की अध्यक्षता में, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट न्यायालय परिसर में योग दिवस पर विशेष शिविर आयोजित किए गए।

केंद्रीय कार्यक्रम तहसील परिसर में आयुष विभाग के तत्वावधान में एसडीएम जालौन विनय कुमार मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. कपिल गुप्ता, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय प्रभारी डा. पूजा राजपूत, डा. प्रियंका सचान,सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी, सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के सदस्यों की विशिष्ट उपस्थिति में योग शिक्षक रमन दीक्षित एवं विवेक सिंह द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में एसडीएम विनय मौर्य ने उपस्थित जनसमुदाय से योग को नित्य की दिनचर्या में सम्मिलित करने की अपील की। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने बताया कि पालिका के द्वारा कई स्थानों पर जिम बनवाये गये हैं। नागरिक उनसे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। योगाभ्यास के उपरांत भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी फल वितरण तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव अंकित गुप्ता द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के संरक्षक सुनील गुप्ता, महेश बिलैया, महेश चैधरी, डा. भूपेंद्र पटेल, योग शिक्षिका श्रीमती संध्या पटेल, अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, पवन कुमार अग्रवाल, पंकज गर्ग, अनुरुद्ध विश्नोई नीटू, मंगल सिंह चैहान, संतोष सोनी,अश्विनी द्विवेदी आदि ने फल व स्वल्पाहार वितरण किया तथा योग शिविर में सहभागिता की।

### मारपीट के मामले की रिपोर्ट दर्ज

जालौन। मारपीट के मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराने को लेकर विपक्षी ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के हरीपुरा निवासी गीता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे राहुल से मोंहल्ले के ही जितेंद्र रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते कुछ दिन पूर्व जितेंद्र ने बेटे के साथ मारपीट कर दी थी। जिसकी रिपार्ट उसने कोतवाली में दर्ज कराई थी। इसको लेकर विपक्षी समझौते का दबाव बना रहा था। जब बेटे ने इंकार किया तो तो उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## स्वस्थ और निरोगी रहना है तो दैनिक जीवन में योग अपनाएं



कोंच(जालौन)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए गए जिनमें बच्चों बूढों के अलावा महिलाओं ने भी शिरकत की। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग से संबंधित प्राणायाम आदि कराए गए प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों और जनप्रतिनिधि भी इन शिविरों में पहुंच कर योग किया योग प्रशिक्षकों ने कहा यदि शरीर निरोगी और स्वास्थ्य अच्छा रखना है। तो योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना पड़ेगा। तहसील के समीपस्थ सरोजिनी नायडू पार्क में सुबह छह बजे से आयोजित योग शिविर में राज्यकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के अधीक्षक डा. जितेंद्र वर्मा होमियोपैथिक चिकित्सा अधीक्षक डा. ज्ञानचंद्र वंदना कुशवाहा योग शिक्षक संजय सिंघाल रोशनी वर्मा आदि ने योग और प्राणायाम कराए इस अवसर पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद तहसीलदार गौरव कुमार नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडेय पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता एसडीओ विद्युत सीएचसी से डा.फार्मासिस्ट सदर लेखपाल सफाई निरीक्षक हरिशंकर निरजंन सहित भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू सिंह अग्रवाल महिला नेत्री राजेश्वरी यादव मनीष नगरिया ब्रजेंद्र कुशवाहा डीके सोनी अर्चना सोनी अनिल अग्रवाल अनिल वर्मा बादाम सिंह कुशवाहा रविकांत कुशवाहा विक्रम सिंह ठाकुर नरेंद्र विश्वकर्मा कन्हैया झा विनोद सोनी प्रदीप वर्मा राघवेंद्र निरजंन ने योग किया। वही लोगों से आह्वान किया कि यदि शरीर स्वस्थ और निरोगी रखना है। तो योग को अपनाना ही होगा। इधर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी लगभग दो सैकड़ा लोगों ने योग साधकों के साथ योग किया।

## यमुना के बांके बिहारी घाट पर योगाभ्यास किया लोगों ने



कालपी(जालौन)। 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निरोग रहने के जगह-जगह कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। यमुना नदी के तट मे स्थित बाके बिहारी घाट के विशाल प्रांगण में नगर पालिका के तत्वावधान में उपजिलाधिकारी तथा पालिका अध्यक्ष की मौजूदगी मे सम्पन्न हुआ। 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के बांके बिहारी घाट में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि योग एक पूजा है, विज्ञान है जो आज भारत इक्कस्वी सदी का भारत है, पूरी दुनिया भारत की योग एवं जीवन शैली का लाभ उठा रही है सयोग के बल पर हमारे पूर्वज हजारों साल का जीवन जीते थे जबकि आज 70 से 80 साल रह गया है और वह भी उनके ऊपर लागू होता है जिन्होंने अपने आचार-विचार आहार को संयमित रखा है । उन्होंने कहा कि पांच तत्वों से रचित इस शरीर में निरोग रहने के भी उपाय इसी शरीर में है, जिसे योग के बल पर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अस्पतालों में बढ़ती भीड़ पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा करें योग रहे निरोग।उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में भाग भाग जिंदगी में लोगों के सामने तमाम प्रकार के शारीरिक परेशानियां उत्पन्न होती है, उन्होंने बताया कि योगासन से जटिल से जटिल रोगों का निदान हो जाता है। योग को हर देश अब स्वीकार करने लगा है। इस मौके पर तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह पप्पी यादव, निर्माण लिपिक सरफराज खान सहित पालिका व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।इसी क्रम में नगर के एक गेस्ट हाउस में भाजपा नगर अध्यक्ष के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों से लेकर वर्तमान परिस्थितियों तक योगा तथा आसन्न अपनाने की हमारे समाज में बहुत ही जरूरत है। उन्होंने लोगों से कहा कि नियमित योगा करने से जटिल से जटिल लोगों का उपचार हो जाता है इसके लिए सभी लोगों को जागरूक रहने की आवश्यकता है। इसी प्रकार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना सभागार में 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर धर्म जागरण प्रमुख भुवनेश, विशिष्ट अतिथि शिव सिंह राठौर, विद्यालय प्रबन्धक हरिभूषण सिंह चैहान जी उपस्थित रहे।योग प्रशिक्षिका योगिनी रजनी पाल के द्वारा विद्यालय सभागार में विभिन्न प्रकार के योग कराए गए, सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने योग अभ्यास किया।

## पुलिस लाइन उरई में पूरे उत्साह के साथ लोगों ने किया योगाभ्यास



उरई(जालौन)। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर संपूर्ण विश्व, संपूर्ण देश, संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ संपूर्ण जनपद में भी पूरे उत्साह और योगाभ्यास के साथ आयोजित किया गया।

इसी क्रम में जनपद में मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन उरई में आयोजित किया गया, कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री-राज्यमंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उर्विजा दीक्षित, जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चैहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार सहित जनपद के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों, जनपद के नागरिकों स्कूली बच्चों ने भी इस योगाभ्यास के कार्यक्रम में उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के साथ प्रारंभ किया गया, योग की महत्ता और उपयोगिता के बारे में विशिष्ट अतिथियों ने अपने उदगार भी व्यक्त किए। प्रभारी मंत्री ने प्रदेशवासियों और जनपदवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के विश्व गुरु बनने में योग का महत्वपूर्ण स्थान है, अति भौतिकता में डूबे मानव को शारीरिक स्वास्थ्य मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति प्रदान करने के लिए आज भारत के पहल पर संपूर्ण विश्व में योग दिवस का आयोजन हो रहा है, आज इसकी उपयोगिता को संपूर्ण विश्व ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि आप सब योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, अपने बच्चों में योग का संस्कार डालें, साथ ही योग के बारे में अपने बच्चो को बताए और सिखाये।कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधिगण ने पुलिस लाइन प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया, इस अवसर पर योगाभ्यास कराने वाले योग गुरुओं को विशेष अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेंद देव शर्मा आदि सहित सम्बंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित नागरिकों व बच्चों ने किया योग

ललितपुर। ''ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों, परिषदीय विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों, देवगढ़ दशावतार मंदिर परिसर व पुलिस लाइन प्रांगण में वृहद योगाभ्यास कराया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण व भारी संख्या में जनसमूह ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन परिसर में आयोजित हुआ, जहां पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, नोडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों व जनसमूह ने योगाभ्यास किया। योग सत्र का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया, जहां क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अर्जुन लाल अहिरवार के तत्वाधान में योग प्रशिक्षक अमित झां एवं उनकी टीम के द्वारा सभी प्रतिभागियों को योग की महत्ता के बारे में बताते हुए प्रार्थना से प्रारंभ होकर ग्रीवा चालन, स्कन्ध चालन, कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांक आसन, उत्तानमण्डूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन, पवन मुक्तासन, सेतुबंधासन, शवासन, कपालभाति, नाड़ी सोधन, शीतली, भ्रामरी, ध्यान आदि क्रियाओं का अभ्यास कराया गया, इसके साथ ही योग सत्र का समापन संकल्प एवं शान्ति पाठ के साथ हुआ। नोडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी ने कहा कि योग न सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि हमारे मस्तिष्क को भी संतुलित रखता है व योग प्राचीन काल से हमारे देश की परम्परा रही है, जिससे हमारे पूर्वज अनेकों बीमारियों से सुरक्षित रहते थे, यह भारत में एक वरदान के समान है, जिसे हम सभी को अपने जीवन में नियमित रुप से करना चाहिए एवं आज सभी लोग संकल्प लें कि प्रतिदिन थोड़ा सा समय निकालकर योग करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है व योग का जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, रोजाना योग करने से शारीरिक व मानसिक रोग दूर हो जाते है एवं बढ़ते तनाव को कम करने के लिए और जीवन शैली से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को योग से दूर किया जा सकता है। योग करने से शरीर मजबूत बनता है और शारीरिक व मानसिक ऊर्जा में वृद्धि होती है, हम सभी को थोड़ा समय निकालकर योग करना चाहिए, जिससे हम हर तरह की बीमारी से सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल एवं अन्य अधिकारी एवं योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



ललितपुर। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर कंपनी के सी.ई.ओ. ए.एन.सार ने कहा कि योग भारत की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और आज समूचा विश्व इसका अनुसरण करके निरोगी जीवन जी रहा है। योगाभ्यास कार्यक्रम में सुबह से महिलाओं और पुरुषों ने अपनी भागीदारी देना शुरू कर दिया था। इस दौरान योगाचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने सभी विभिन्न आसान कराए और प्रत्येक के नियमित करने से मानव शरीर में होने वाले लाभों से भी अवगत कराया। कंपनी के सी.ई.ओ. ए.एन. सार ने कहा कि पूरे विश्व में एकमात्र भारत ही ऐसा देश है जहां कि संस्कृति में योग को सर्वोपरि रखा गया है व हमारे ऋषि मुनियों ने योग की ही क्षमता से हजारों की संख्या में ब्रह्माण्ड के उन रहस्यों को भी उजागर कर दिया, जिसे आधुनिक विज्ञान अभी खोज रहा है, उन्होंने कहा कि रोज एक घंटा मनुष्य को अपने शरीर के लिए जरूर देना चाहिए, इससे सैकड़ों बीमारियों से बचा जा सकता है व व्यस्तता को जीवन को तनाव रहित जीने का आधार है प्राणायाम, उन्होंने अपील कि बच्चों को बचपन से ही योग के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस मौके पर कंपनी के प्रेसिडेंट मनोज मेहता, आलोक श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, अखिलेश खुरसवार, मनोज वर्मा, विलास चारे, डॉ. बी. के. सिंह, मिलिंद कर्माकर, सनी सप्रू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत 36 शिकायतों में सात मामले मौके पर निपटाये

कालपी(जालौन)। शनिवार को क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 36 शिकायते प्रस्तुत की गई जिसमें मौके पर 7 मामले मौके पर निपटाये गये। जिसमें सबसे अधिक राजस्व विभाग के मामले शामिल हैं। तहसील सभाकक्ष में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान करना जाए। इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली नहीं होनी चाहिए। शिकायतकर्ता से उसका पक्ष जरुर पूछेंतहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक संजय कुमार,नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला,पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी जल संस्थान के अवर अभियंता वासित अली,वन क्षेत्राधिकारी कालपी संजय कुमार, तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार,कालपी कोतवाली , कदौरा,आटा तथा चुरखी के थानेदारों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### छप्पर के नीचे रात गुजारने को मजबूर है दिव्यांग

जालौन। दिव्यांग व्यक्ति बार मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास पाने के लिए आवेदन कर चुका है। सर्वे होने के बाद भी आवास स्वीकृत नहीं हो रहा है। जिसके चलते दिव्यांग छप्पर के नीचे रात गुजारने को मजबूर है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आवास दिलाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हरकौती निवासी गोधन पुत्र शिवप्रकाश ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका मकान कच्चा है। जिस पर छप्पर पड़ा है। इसी छप्पर के नीचे उसे सर्दी, गर्मी और बारिश की मार झेलनी पड़ती है। पीड़ित ने बताया कि उसने कई बार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास के लिए फॉर्म भरा है। जिनके सर्वे भी हुए हैं, लेकिन अभी तक उसे इस योजना का लाभ नहीं मिला है। उसका आवास स्वीकृत न होने के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी जाती है। पीड़ित दिव्यांग ने एसडीएम से उसे आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

### जनसमस्याओं को लेकर सुभासपा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

जालौन। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। जिसमें समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील परिहार के नेतृत्व में दिनेश प्रताप, वरुण, गौरीश आदि ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय मौर्य को सौंपकर बताया कि जोशियाना तालाब पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। जिससे तालाब की सुंदरता प्रभावित हो रही है। बताया कि सात दिसंबर 2024 को शिकायत पत्र के माध्यम से दिनेश प्रताप सिंह के पिता की संदिग्ध मृत्यु के उपरांत कूटरचित कागजों के आधार पर नगर पालिका द्वारा मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया। जिसकी जांच तत्कालीन तहसीलदार द्वारा की गई थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस बाबत कई बार शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने मामलों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### नवागत खंड विकास अधिकारी ने संभाला कार्यभार

रामपुरा(जालौन)। आज नवागत विकास खंड अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने रामपुरा पदभार ग्रहण कर लिया। दो दिन पूर्व खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार यादव का तत्काल प्रभाव से तबादला हो गया था वहीं जालौन जिले से स्थानांतरित होकर आय गजेंद्र प्रताप सिंह ने नवागत खंड विकास अधिकारी के रूप में रामपुरा विकास खंड का कार्यभार ग्रहण किया। है खण्ड विकास अधिकार गजेंद्र प्रताप सिंह ने कर्मचारियों से सहयोग की अपील की। इसके साथ ही विकास की योजनाओं पर तेजी लाने के निर्देश दिए। विकास खंड अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने नई तैनाती मिलने के बाद विकास कार्यों को लेकर सख्त नजर आए है शासन और प्रशासन की योजनाओं को धरातल पर लागू करने की उनके द्वारा संकल्पना व्यक्त की गई है। खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विकासखंड द्वारा संचालित सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ जरूरतमंद पात्र गरीबों को पारदर्शिता पूर्वक उन तक पहुंचना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओ को समूह में जोड़कर, समूहों के माध्यम से बागबानी में कार्य करने को प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए टैंकों आदि के माध्यम से पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए उन्नत किस्म के पौधे लगवाना भी प्राथमिकता पर रहेगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बाशिंदे आर्थिक मजबूत हो सके। रामपुरा विकास खंड को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में भी लोगों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। लोगों को पारदर्शी व जवाबदेह प्रशासन दिया जाएगा। इसके लिए कार्यालय के कर्मचारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि लोगों के काम किसी भी सूरत में रुकने नहीं चाहिए। काम में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सम्पूर्ण समाधान दिबस पर आयुष आपके द्वार शिविर में 160 मरीजों का परीक्षण

कोंच(जालौन)। खण्ड बिकास कार्यालय परिसर में दिन शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिबस में राजकीय आयर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष आपके द्वार योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डा. जितेंद्र वर्मा ने आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डा. जितेंद्र वर्मा व डा. भूपेंद्र परिहार ने करीब 160 मरीजों का परीक्षण कर बीमारी के उपचार हेतु दबा दिलायी गयी। इस अवसर पर डा. जितेंद्र वर्मा ने कहा कि इन शिविरों का आयोजन निदेशक आयुर्वेद सेवाएं लखनऊ एवं जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में एवं डा. सत्येंद्र पटेल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जालौन के मार्ग दर्शन में किया जा रहा है। शिविर में ज्वर खांसी जुकाम श्वांस अतिसर खाज खुजली जीर्ण बात रोग से पीड़ित रोगियों की संख्या काफी रही है। जहां बीमारी की रोकथाम के लिए मरीजों को अच्छी दबा निःशुल्क प्रदान की गई डा. वर्मा ने बताया कि सभी रोगियों को ऋतु अनुसार भोजन करने व स्वच्छता व आने बाले मौसम से बचाव के तरीके अपनाये इस दौरान स्टाफ नर्स बन्दना कुशबाहा और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रमेश चन्द्र का काफी अच्छा सहयोग रहा इस शिविर में मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है।

### बार संघ अध्यक्ष ने समस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम को दिया पत्र

कोंच(जालौन)। बार एशोसिएशन अध्यक्ष राम शरण सिंह कुशवाहा ने दिन शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी एक चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि एस डी एम न्यायालय में वाद दायर होने के बाद दो तीन माह बाद ऑन लाइन किया जाता है। जब तक पूर्व वादों का निस्तारण नहीं होता तब तक नए वादों का दायरा न होने से किसानों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। वहीं एसडीएम न्यायालय में आदेशों का ई परवाना खतौनी में फीड न होने के कारण सैकड़ों वाद निस्तारित होने के बाद भी अमल दरामद खतौनी में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं वहीं उप निबन्धन कार्यालय से ऑनलाइन बैनामा भेजे जाते हैं किन्तु तहसील न्यायालयों में ऑनलाइन दर्ज नहीं किये जा रहे हैं जिससे नाम परिवर्तन में चार पांच माह का वक्त लगता है और जनता को परेशानी हो रही है वहीं अंश निर्धारण में लेखपालों द्वारा सही अंश निर्धारित नहीं किये जाते हैं जिसके कारण पत्रावलियां ऑन लाइन निरस्त कर दी जातीं है वार संघ अध्यक्ष ने प्रभारी अधिकारी से उक्त समस्याओं का निराकरण किये जाने की मांग की है।

( चित्रकूट/हमीरपुर/अतर्रा/महोबा )

स्वतंत्र भारत

कानपुर रविवार, 22 जून 2025 | 9

बांदा

बुन्देलखण्ड समाचार





## गांजा के साथ पकड़ा गया अभियुक्त



बांदा। कोतवाली देहात पुलिस एक्सप्रेस-वे के नजदीक एक युवक को गांजा के साथ पकड़ा है। वह बाहर से गांजा लाकर गांव में पुड़िया बनाकर गांजा की बिक्री करता था। मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा घूम-घूम कर अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार दुबे ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर के माध्यम से अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम जमालपुर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 1200 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम राम सिंह पुत्र विजय बहादुर वर्मा निवासी चुत्रा का पुरवा महोखर थाना कोतवाली देहात बताया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने यह भी बताया कि अभियुक्त रामसिंह बाहर से गांजा लाकर गांव में पुड़िया बनाकर बेंचता था। जैसे ही गांजा के साथ उसके मौजूद होने की सूचना मिली तो तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने रंगे हाथ गांजा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, अंकुर खारी, आरक्षी अंकित सिंह, अभिषेक मिश्रा शामिल रहे।




## तमंचे के साथ पकड़ा गया बाइक चोर

बांदा। चोरी की मोटर साइकिल तथा तमंचे के साथ पुलिस ने बाइक चोर को पकड़ा है। मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त पूर्व में भी कई मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिसंडा पुलिस द्वारा रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया। सीओ बबेरू सौरभ सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना बिसण्डा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अहीरन पुरवा मोड़ ओरन ग्रामीण के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध तमंचा लिए खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा 12 बोर व कारतूस बरामद हुआ तथा मोटरसाइकिल के कागजात के सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ करने पर व्यक्ति ने बताया कि उसने मोटरसाइकिल को कुछ दिन पूर्व थाना बदौसा क्षेत्र से चोरी किया था। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए अवैध तमंचा, कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम राजेन्द्र उर्फ कल्लू द्विवेदी पुत्र प्रमोद द्विवेदी निवासी इंगुवा मऊ थाना मरका बताया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि अभियुक्त चोरी सहित अन्य कई मामलों में भी जेल जा चुका है। उसके विरुद्ध कई मुकदमें भी दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में चैकी प्रभारी ओरन हरिशरण सिंह, आरक्षी अनिल पटेल, मुकेश कुमार, आशीष कुमार शामिल रहे।

## योग है जहां तंदुरुस्ती है वहां....

**- प्राचार्य की मौजूदगी में आयोजित हुआ योग**

बांदा। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के अकादमी विशाल परीक्षा हाल में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महोत्सव के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ सुनील कुमार कौशल, डॉ प्रियंका गर्ग असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ नमिता, डॉ सागर, डॉ पारुख, डॉ शनि और सैकड़ो छात्र-छात्राओं को योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत विश्व योग सेवा ट्रस्ट के संस्थापक ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सामान्य योग प्रोटोकॉल विधिवत गुणवत्तापूर्ण अभ्यास कराया और बताया कि जीव जगत की एकता, पर्यावरण का संतुलन स्वास्थ्य के साथ समन्वय ही योग है। योगाचार्य रमेश चंद्र सिंह, आयुष विभाग के योग्य शिक्षक उत्तम शर्मा, दीन दयाल सोनी सहित आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर इंद्रवीर सिंह ने किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत, रमेश चंद्र सिंह को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्व योग सेवा ट्रस्ट के द्वारा कॉलेज में समय-समय पर योगाभ्यास कराया जाता रहा है और प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को शानदार तरीके से आपके द्वारा संचालित किया जाता है। उन्होंने कहा कि श्री राजपूत की योग सेवा, समर्पण और सहयोग की सराहना करता हूं और अपेक्षा करता हूं कि आप इसी तरह से आगे भी सहयोग करते रहें। योगाचार्य ने योग प्रार्थना गर्दन, कंधे, कमर, घुटनों, टखनों के सूक्ष्म योग, खड़े आसनों में ताड़ासन, त्रिकोणासन, अर्ध चक्रासन, पाद हस्तासन, उत्कटासन बैठे आसनों में उत्तान मंडूक, शशांक, वज्रासन, दंडासन, बक्रासन साथ ही पेट के बल पीठ के बल किए जाने वाले आसनों को कराया लाभ बताया प्राणायाम के अभ्यास ध्यान संकल्प और कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया। योगाचार्य ने कहा योग है जहां तंदुरुस्ती है वहां, योग है जहां प्रसन्नता है वहां।

## करंट लगने से महिला की मौत

बांदा। करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मौत के बाद मृतका के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है। गिरवां थाना क्षेत्र के पतौरा गांव निवासी 40वर्षीय प्रवेशिका शुक्ला पत्नी गनेश नारायण शुक्ला शुक्रवार की शाम बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रही थी। तभी करंट का झटका लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ी। कुछ देर के बाद मौके पर पहुंचे पुत्र शुभम ने देखा तो वह चीख पड़ा शोर गुल सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। जीवित होने की आशंका पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो मे कोहराम मच गया। सूचना पाकर मैके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के रिश्तेदार प्रेम किशोर ने बताया कि मृतका के एक पुत्र एक पुत्री है। पैलानी थाना क्षेत्र के पैलानी डेरा निवासी 28 वर्षीय शिवकुमार पुत्र कैलाश बसंत विहार मे मजदूरी करने आया था। वह काम कर रहा था। तभी उसका पैर जमीन पर पड़ी केबिल में पड़ गया। जिससे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। इसी तरह तिंदवारी मुगुस गांव निवासी 44वर्षीय प्रभा देवी पत्नी श्रीराम शनिवार की सुबह सफाई कर रही थी। तभी उसका हाथ कूलर में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आ कर झुलस गई। महोबा जिले के रिवई सुनैना गांव निवासी 21 वर्षीय अमित पुत्र जगरूप सिंह काम कर रहा था। तभी करंट लग जाने से वह झुलस गया। पैलानी थाना क्षेत्र के लसड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय खुशबू सिंह पत्नी शिवपजन सिंह शनिवार की सुबह काम कर रही थी। तभी उसका हाथ तार मे छू गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ कर झुलस गई। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# अस्पतालों में दवाओं की नहीं होनी चाहिए कमी-अजीत

**- स्वास्थ्य विभाग की बैठक में कमिश्नर ने दिए निर्देश**

**- बैठक में कमिश्नर ने व्यवस्थाओं को मेनटेन रखने के दिए निर्देश**




बांदा। आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विगत माह की तुलना में स्वास्थ्य सेवाओं में हुए सुधार पर प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं भविष्य में सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक का संचालन आलोक कुमार, मंडलीय कार्यक्रम प्रबन्धक चित्रकूटधाम मण्डल (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) द्वारा किया गया।

बैठक में मण्डल के अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा सहित मंडलीय संयुक्त निदेशक एवं समस्त जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

मंडलीय कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि माह दिसंबर 2025 तक मण्डल के पचास प्रतिशत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला स्तरीय चिकित्सालयों में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप प्रमाणित कराया जाना है, जिसमे आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत बांदा जनपद के ब्लाक बबेरु, चित्रकूट के पहाड़ी एवं शिवरामपुर, हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर, कुरारा, मुस्कुरा, नौरंगा तथा महोबा के कबराई ब्लाक में प्रगति हुई है। चिकित्सालयों में सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एनएचएम के अंतर्गत एमबीबीएस के वाक इन इंटरव्यू के अंतर्गत बांदा के 2, चित्रकूट 10, हमीरपुर 18 तथा महोबा के 15 रिक्त पदों पर शीघ्र नियमानुसार विज्ञापन जनपदीय एनआईसी की वेबसाइट पर भी जारी करते हुये भरने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त आशा एवं आशा संगिनियों के माह मई 2025 तक के भुगतान होने पर आयुक्त द्वारा प्रशंसा की गई। मरीजों से फीडबैक प्राप्त कर उसका दस्तावेजीकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी चिकित्सालयों में अग्नि सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए। आयुक्त अजीत कुमार ने स्पष्ट किया कि मण्डल के सभी जनपदों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सरकार की प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जनशिकायतों का समय से कराएं निस्तारण

**- संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनी समस्याएं**

**- समस्याएं सुनने के साथ शिकायतों का कराया निस्तारण**



बांदा। महीने के चैथे शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जहां पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। साथ ही उनका निस्तारण कराया।

जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में शनिवार को जनपद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा सभी तहसीलों में जनता की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा तहसील अतर्रा में जनता की शिकायतों को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा तहसील सदर में जनसुनवाई की गई। इस मौके पर एसडीएम नमन मेहता, सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में समस्त तहसील में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनता की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में बबेरू तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जहां एडीएम, एसडीएम, सीओ सौरभ सिंह ने कई प्रकरण मौके पर निस्तारित किए। शेष मामलों के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आयी 64 शिकायतेंए 9 का मौके पर हुआ निस्तारण

महोबा सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखवीर सिंह की अध्यक्षता में 150 में से 3 तथा तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 38 में से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतेंए इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर.उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करेंए यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## दो सैकड़ा संदिग्ध लोगों के नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज होने की तहसीलदार को सौंपी शिकायत

महोबा बेलाताल रेलवे स्टेशन के आसपास दो सैकड़ा संदिग्ध लोगों के नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज होने और उनके आधार कार्ड बनने पर हिंदूवादी संगठनों ने शिकायत पत्र तहसीलदार कुलपहाड़ को सौंपी है स ऐसे संदिग्ध लोगों को अचानक मनरेगा और नाली सफाई के कार्यों में मजदूरी कराने के नाटक से मामला और पेचीदा हो गया है स देखना यह है जांच पूरे तह में जाकर होती है या इन लोगों को पहले की तरह घुमंतू प्रजाति का बताकर लीपापोती कर दी जाएगीए बांग्लादेश में सनातनियों के साथ हुई लूटपाट और मारकाट के बाद भारत में जिस समय ऐसे छिपे लोगों को शहरों से खदेड़ा जा रहा था ठीक उसी समय जैतपुर में दर्जन भर लोग स्टेशन के आसपास बस गए स अपने को दलित समुदाय और नट जाति का बता डेरा जमा लिया स एक माह के अंदर एक एक कर दो सैकड़ा लोगों का कुनबा हो गया और जल्द ही स्थानीय नेताओं का इन्हें संरक्षण प्राप्त हो गया स जैतपुर के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने ऐसे सभी लोगों की परिवार रजिस्टर की नकल जारी कर दी स मामला संज्ञान में आने पर जिले के हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने शिकायत कर जांच कराने की आवाज उठाई स स्थानीय पुलिस ने फोन पर उनके परिजनों से वार्ता कर उनके रोहिंग्या या बांग्लादेश का न होने की पुष्टि कर मामला ठंडा करने का प्रयास किया स स्टेशन के आसपास डेरा बना रहने वाले लोग कौन और कहां के है इससे किसी को कोई सरोकार नहीं था स बस दो सौ वोट उनके बढ़ जाए इसके लिए स्थानीय नेताओं ने सब कुछ ताक पर रख दिया स आने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनजर जैतपुर में सरगर्मी तेज हो गई है स समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का पुत्र जैतपुर में सचिव पद पर तैनात है तो अपने नजदीकी को फायदा पहुंचाने को उसने ऐसे सभी लोगों के नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कर दिएए नियम के तहत खुली बैठक में नाम दर्ज करने का प्रावधान है स इसके लिए पूर्व की पंचायत एवं नगर से नाम पृथक होने का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य है लेकिन ऐसा नहीं किया गया था स एसडीएम अनुराग प्रसाद ने जांच तहसीलदार परमीत सचान को सौंपी है स उन्होंने कहा है कि खुली जांच की जाएगीए यदि कोई भी दोषी पाया गया तो प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी

# ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्राउंड में शिविर कार्यशाला का हुआ आयोजन

महोबा ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्राउंड में योग शिविर कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नगर निगमए शहरी समग्र विकासए नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री राकेश राठौर गुरु तथा नोडल अधिकारी मार्कण्डेय शाही श्रम आयुक्त की गरिमामयी उपस्थिति में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनप्रतिनिधियों तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया गयाए जिसकी थीम एक पृथ्वीए एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है स जिसमें पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नये रिक्रूटों एवं स्थानीय लोगों द्वारा भी इस योग शिविर कार्यशाला में बढ़चढ के हिस्सा लिया गया। इस दौरान सामूहिक रुप से योग प्रशिक्षक द्वारा सभी को योग के प्रति जागरुक करते हुए योगाभ्यास कराया गया । इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी को नियमित रुप से योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगरए सदर विधायक राकेश गोस्वामीए जिलाध्यक्ष भाजपा मोहन लाल कुशवाहाए निण् सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चन्देलए अपर जिलाधिकारी रामप्रकाशए अपर जिलाधिकारी मोइनुल इस्लामए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित सम्मानित जनप्रतिनिधि व अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस लाइन प्रांगड सहित जनपदीय पुलिस के समस्त थानों एवं चौकी तथा पुलिस कार्यालयों में भी योग शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन कर योगाभ्यास किया गया जिसमें पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी को योग प्रशिक्षक द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है अपितु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता हैए तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों को दिनचर्या में शामिल करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## अम्बेडकर पाठशाला खंदिया चरखारी में योग दिवस पर किया गया योगाभ्यास

**महोबा** अम्बेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चरखारी नगर में अम्बेडकर पाठशाला खंदिया एवं रूपनगर में योग शिविर का आयोजन किया गया शिक्षक दिनेश ने बताया कि करे योगए रहे निरोगए योगए व्यायामए अनुलोम विलोमए प्राणायामए सूर्य नमस्कार करने के लाभ बताए और कहा कि आइए हम सब मिलकर योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा स्वस्थए सशक्त एवं सकारात्मक भारत बनाएं एभारत की ऋषि परम्परा के अमूल्य उपहार योग ने विश्व को मानसिकए आध्यात्मिक और शारीरिक उन्नयन की राह दिखाई है। आइएए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनें। इस मौके पर डायरेक्टर इन्द्र कुमार कुशवाहाए दिनेश ए पवन कुशवाहाए रामदयाल रैकवारए नैतिक सहित छात्र छात्राएं एवं बच्चे मौजूद रहे

## खबर एक नज़र

### योग दिवस में लड़कियां भी पीछे नहीं

स्वतंत्र भारत संवाददाता बदौसा बांदा । बदौसा में 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर ग्रीन एंड हैपी इंडिया ट्रस्ट में उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बदौसा ने अलग अलग स्थानों में दो प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें योगए स्वास्थ्यए आत्म.सम्मान और स्वास्थ्य लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार ग्रीन एण्ड हैपी इंडिया ट्रस्ट में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत करती हुई उमा कुशवाहा ने कहा योग तो बेहतर जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है। आज यूपी यूथ प्रोजेक्ट के माध्यम से युवा लड़के और खासकर लड़कियां संवैधानिक मूल्यों को समझ रही हैं। रजनी रैकवार ने सूर्य नमस्कार और ध्यान जैसे योगासन सिखाएए वहीं संतोष कुशवाहा ने युवाओं को लोकतंत्र और समाजवाद पर समझ बना कर युवाओं को नागरिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में शेजलए अंजलीए नेहाए राधाए अंकिताए खुशीए कनकए शशिए भावना और शांती सहित कई युवतियों ने भाग लिया। सभी ने श्स्वस्थ जीवनए सशक्त नागरिकश् बनने का संकल्प लिया। वहीं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बदौसा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 बृजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में हनुमान मंदिरए तुर्रा पुल के पास में प्रांशु यादव और नीलम ने योग सत्र कराया। इसमें संतोष गौतमए राजकुमार द्विवेदीए आनंद स्वरूप गौतमए ऋषिकेश दुवेए बिक्की गुप्ता सहित लगभग 50 नागरिकों ने भाग लिया।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा । इस अवसर पर कुल 136 प्रार्थना पत्र आए मौके पर पांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण होना बताया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक फ्लास बंसल सहित विभिन्न विभागों के विभागा अध्यक्षों की उपस्थिति रही। जानकारी के अनुसार आज दिन शनिवार को तहसील सभागार में जिला स्तरीय तहसील दिवस जिलाधिकारी जे रिभा की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें कुल 136 प्रार्थना पत्र आए जिसमें कुल पांच प्रार्थना पत्र मौके पर निस्तारण होना बताया गया। 60 प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग के 22 प्रार्थना पत्र पुलिस विभाग के 20 प्रार्थना पत्र विकास से संबंधित 34 प्रार्थना पत्र अन्य विभागों से संबंधित आए। इस अवसर पर तहसील स्तरीय अधिकारियों में उपजिलाधिकारी राहुल द्विवेदी पुलिस क्षेत्रा अधिकारी प्रवीण कुमार यादव तथा तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा एवं नायब तहसीलदार बिसंडा राजीव कुमार यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को उपस्थिति रही।

### किसानों के हित के लिए किसान नेता ने डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। आज दिन शनिवार को जिलाधिकारी बांदा। जे रीभा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख करते हुए बताया कि जनपद बांदा में निजी खाद्य बीज की दुकानों में मानक रहित बीज बेचा जा रहा है रंग बिरंगी बोरियो में घटिया बीज भरकर दुकानदार बिक्री कर रहा है। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के डीएओ को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए है।मिली जानकारी के अनुसार किसान नेता महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जिन बोरियो में घटिया बीज बेचा जा रहा हैं उनमें न तो बैच नंबर है न ही लाट नंबर पड़ा हुआ है भोले भाले किसानों को लूटने का काम निजी खाद बीज दुकानदारो के द्वारा किया जा रहा है। खाद बीज बिक्री करने वाले दुकानदार किसी किसान को जीएसटी रसीद भी नहीं देते है और किसी दुकान में रेट सूची भी नहीं चस्पां है।कई बार कृषि विभाग को अवगत कराया गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होती है पूरे बांदा जनपद सहित अतर्रा ध्बदौशाध्बिसंडाध्ओरनध्बबेरूध्नरैनी आदि कस्बों में लूट मची है।इस अवसर पर सुशील चौरीहाएअरुण कुमारएदिलीप कुमार तथा राजनरायन चौरीहा उपस्थित रहे।

### अंकित बने नगर उपाध्यक्ष

चित्रकूट~ भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित मण्डल कार्यसमिति में अंकित पाण्डेय को नगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। नगर उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर अंकित पाण्डेय ने कहा कि पार्टी ने जो उन्हें जो जिम्मेदारी दी, उसमें वह खरा उतरेंगे। साथ ही जन-जन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में अपना योगदान देंगे। स्थानीय कार्यकर्ताओं में अंकित पाण्डेय को नगर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### प्रशिक्षण 24 को

चित्रकूट~ चित्रकूट विधासभा क्षेत्र की निर्वाचक रस्ट्रिीकरण अधिकारी पूजा साहू ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे रिकार्ड व फार्म-6, 7, 8 व 8ए की प्रगति रिर्पोट को 100 प्रतिशत ऐप के माध्यम से किया जाना निर्धारित किया गया है। बताया कि इस सम्बन्ध में आगामी 24 जून को अपरान्ह तीन बजे तहसील सभागार कर्वी में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

### जीवन को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से करें योगाभ्यास- रमन

राजापुर, चित्रकूट~ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील प्रांगण में योगाभ्यास किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन ने बताया कि योग विद्या की शुरुआत महर्षि पतंजलि के द्वारा मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए की गई थी। योग का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यह शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण के लिए भी फायदेमंद है। योग शरीर मन और आत्मा को एक साथ जोड़कर अध्यात्म का ज्ञान करता है। योग शरीर की प्रत्येक कोशिकाओं को स्वस्थ बनाते हुए रक्त संचार को बढ़ाता है और सूक्ष्म अचेतन को जागृति करता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने की अपील की। क्षेत्राधिकारी जय करण सिंह ने कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है, जो शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देता है और मानव शरीर कर्म इंद्रियों एवं ज्ञानेंद्रियो को जागृत करता है। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से योग करना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास करने से मानव जीवन निरोगी होता है। योग और प्राणायाम ऐसी व्यायाम विद्या है, जिसे करने से मानव जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित रखा जा सकता हैं। योग शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का प्रयास करता है। इस मौके पर तहसीलदार भारत प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार, प्रशिक्षक संजना निषाद, सतीश मिश्रा, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह, लेखपाल प्रदीप तिवारी, राम सजीवन यादव, विमल पाल, कैलाश नाथ, पुष्पांजलि, रवि कटियार, आनंद यादव, शंकर दयाल जायसवाल, राजेश केशरवानी, राकेश नामदेव आदि मौजूद रहे।

### कमिश्नर व डीआईजी ने सुनी जन समस्याएं

चित्रकूट ब्यूरो~ चित्रकूधाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त व डीआईजी ने निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराए। निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली समस्याओं का शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण करें। कहा कि भूमि सम्बन्धित मामलों में राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्षतापूर्वक प्राथमिकता से निस्तारण कराएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न




जनपद की नोडल अधिकारीध् आयुक्त महोदया संगीता सिंह ने जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंहए एमएलसी आशीष यादवए की उपस्थिति में श्एक पृथ्वीए एक स्वास्थ्य के लिए योगश् की थीम पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम का मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पणए दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया। चारूल राठौर योग प्रशिक्षिका ने जनेश्वर मिश्र सभागार में मौजूद पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भईयाएएमएलसी आशीष कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियोंएएवं मण्डलायुक्त संगीता सिंहए जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह सहित अन्य अधिकारियोंए कर्मचारियों आदि को योगाभ्यास कराया। इस दौरान मा0 प्रधानमंत्री जी के संबोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि योग भारत की अमूल्य विरासत हैए जिसे विश्व ने अपनाया है। योग शारीरिकए मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य का मार्ग है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें ताकि वे तनावए अवसाद और अस्वस्थता से दूर रह सकें। पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भईया ने कहा कि योग न केवल शरीर को लचीला बनाता हैए बल्कि यह आत्मा को भी ऊर्जा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आज विश्वभर में योग की पहचान बनी है। यह गर्व की बात है कि आज एटा जनपद भी इस वैश्विक अभियान का हिस्सा बना है। डीएम ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सभ्यता का हिस्सा रहा हैए साथ ही योग का दैनिक जीवन में बहुत महत्व हैए क्योंकि बीमारियों से बचाव हेतु योग काफी मददगार है। प्रतिदिन लगभग 35.40 मिनट तक योग करके हम स्वयं के लिए समय निकालेंए साथ ही योगाभ्यास को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा भी बनायें।इस दौरान सीडीओ डा0 नागेन्द्र नारायण मिश्रए सीएमओ डा0 यूके त्रिपाठीए एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्यए एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाशए एडीएम न्यायिक रमेश मौर्यए एएसडीएम वेद प्रिय आर्यए एसडीएम सदर जगमोहन गुप्ताए वरिष्ठ कोषाधिकारी सरोज कुमार प्रजापतिए डीसी मनरेगा प्रभूदयालए डीसी एनआरएलएम प्रतिमा निमेषए डीआईओएस डा0 इन्द्रजीत प्रजापतिए बीएसए दिनेश कुमारए कृषि अधिकारी मनवीर सिंहए डीएसटीओ रेखा मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगणए जनप्रतिनिधिगणए कर्मचारीगणए स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिए स्कूली छात्रए छात्राएंए शिक्षकए शिक्षिकाएंए पीटीआई आदि मौजूद रहे।

## अमृतपुर तहसील समाधान दिवस में 94 शिकायतों में 7 का मौके पर निस्तारण

फर्रूखाबाद।अमृतपुर तहसील समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित किया गया यहां 94 प्रार्थना पत्र आए जिसमें सात का मौके पर निस्तारण कर दिया गया मुख्य विकास अधिकारी ने 87 प्रार्थना पत्र विभिन्न विभागों को भेजते हुए निर्देश दिया कि इनका निस्तारण सा समय गुणवत्ता पूर्ण किया जाए विलंब करने पर संबंधित विभाग के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी इस दौरान राजस्व विभाग के 39 पुलिस विभाग से 14 विकास विभाग से 16 विद्युत विभाग से चार खाद एवं रसद विभाग से तीन अन्य 18 व कुल 94 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तेराअकबरपुर निवासी पीड़ित इंद्रपाल ने ग्रामीणों द्वारा किए गए चकमार्ग पर कब्जा हटवा कर मिट्टी डलवाने की मांग की।रामनिवास निवासी तेराखास ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि लेखपाल के द्वारा गलत आख्या प्रेषित की गई और बताया कि कुछ व्यक्ति गांव के बीचो.बीच सुअर का पालन कर रहे हैं जिससे बीमारियां फैल रही हैं। रामप्रकाश निवासी कछुआ गाढ़ा ने प्रार्थना पत्र दिया कि दबंग भू माफिया जबरदस्ती खेत जोत रहे हैं तथा लेखपाल फर्जी निस्तारण की रिपोर्ट लगा रहे हैं मुकेश चंद्र शर्मा निवासी करनपुर दत्त ने पी0 सी0 एफ किसान सेवा केंद्र खुलवाए जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। रंजीत निवासी बिरसिंहपुर ने सार्वजनिक तालाब से अवैध कब्जा हटाए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। हरिओम मिश्रा निवासी गूजरपुर पमारान ने चकमार्ग पर मिट्टी व पुनः पैमाइश को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इस मौके पर उप जिला अधिकारी अतुल कुमार सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनींद्र कुमार अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह डीएफओ खंड विकास अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री बाबू सिंह जय सिंह आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों एवं छात्रों ने किया सामूहिक योग

फर्रुखाबाद। श्री बाबू सिंह जय सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फैकल्टी सदस्य स्टाफ पी जी स्कॉलर इंटर्न एवं छात्र.छात्राओं ने सातनपुर मंडी मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह आयोजन आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान योग जैसे प्राचीन भारतीय विज्ञान को बढ़ावा देने हेतु सदैव तत्पर है और छात्रों में स्वास्थ्य जागरूकता एवं जीवन मूल्यों को समाहित करना संस्था की प्राथमिकता है। इस अवसर पर संस्थान के अनेक वरिष्ठ आचार्यगण विभागाध्यक्षए चिकित्सकगण तथा छात्रगण मौजूद रहे

## महिला ने खाई जहरीली दवा उपचार के दौरान मौत

फरुखाबाद।मोहम्मदाबाद के वार्ड रविदास नगर निवासी मुकेश जाटव उर्फ बब्लू की 38 वर्षीय पत्नी सोनम ने सुबह लगभग 11बजे घर पर रखी जहरीले दवा खा ली आनन फानन में सोमन के पति मुकेश व पुत्र ऋषभ फर्रुखाबाद प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए वहां डॉक्टर ने हाथ खड़े कर लिए उसके बाद परिजन डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर गए यहां उपचार के दौरान सोनम की मौत हो गई जिसका मेमो कोतवाली मोहम्मदाबाद भिजवाया गया। मुकेश की दूसरी शादी सोनम पुत्री गुरुचरण निवासी औरंग गुरुस्वामी थाना बिल्हौर से 2003 में हुई थी। मुकेश की पहली पत्नी की 2001 में मृत्यु हो गई थी। पहली पत्नी का एक पुत्र ऋषभ है जिसकी डेढ़ माह पूर्व शादी हुई थी। तथा मृतका के दो बच्चे है पुत्र विनय 18 वर्षए पुत्री आंशिक 6 वर्ष। विवरण के अनुसार सुबह मृतका तथा मुकेश के बीच आपसी कहा सुनी हो गई थी जिसके चलते मृतका ने घर पर रखी जहरीली दवा खा ली। मृतका के पिता ने बताया कि पुत्री से बीती शाम बात हुई थी सुबह किस बात पर जहर खा लिया इसकी कोई जानकारी नहीं। तथा वो किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं चाहते हैं मुकेश जबलपुर में टूरिस्ट कंपनी में बस चलाता है।मृतका की सास शकुंतला देवी का रो रो कर बुरा हाल है उप निरक्षक उदय पाल सिंह राजावत ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## गंगा तट पर कराया गया सामूहिक योग

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में पांचाल घाट गंगा तट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री मोनिका यादव ने कहा कि योग करने से हमारा शरीर ही नहीं स्वस्थ होता है बल्कि हमेशा सकारात्मक ऊर्जा भी मिलती है परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार ने कहा कि योग हमारे शरीर में एक अलग ऊर्जा का निर्माण करता है जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग का संदेश देते हुए कहा कि जब हम सभी स्वस्थ रहेंगे तो हम अपनी पृथ्वी एवं पर्यावरण को भी स्वस्थ रखेंगे एवं संरक्षित रखेंगे योगाचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल ने योगाभ्यास अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन वृक्षासन त्रिकोणासन सूर्य नमस्कार कपालभाति अर्ध चक्रासन इत्यादि कराए गए। यहां एनसीसी कैडेट्स गंगा योद्धा आदि ने भाग लिया

## योग से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है

फर्रुखाबाद ।मेजर एस डी सिंह विश्वविद्यालय भोजपुर की कृष्ण वाटिका में विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास करवाया गया कुलाधिपति डॉक्टर अनार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से योग करना चाहिए नियमित रूप से योग करने से मन और शरीर दोनों निरोगी रहता है यहां विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष मेडिकल की छात्राएं प्रति कुलाधिपति डॉ अंचल सिंह कुलपति डॉक्टर रंगनाथ मिश्र चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव संरक्षक डॉक्टर बाबू सिंह यादव प्रबंध निदेशक अतरिक्ष सिंह कुलसचिव मानवेंद्र सिंह सचिव संजय कुमार परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर अरुण कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे

## सरकारी योजनाओं का लाभ आम उघमी तक नहीं पहुंच रहा

इटावा। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें कहा इटावा के उघोग एंव उघमिता विकास केन्द्र की लापरवाही के चलते जिले के छोटे उघमीयों तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा हैए उघोग विभाग कोई कार्यशाला का आयोजन नहीं करताएकुछ चुनिन्दा लोगों के साथ आकड़ों की बाजीगरी की जा रही हैए इसी का कारण इन्वेस्टर्स समिट में जिले मैं निवेश के आंकड़े तो बहुत दिखाये गये परंतु जमीन पर कोई नया उघोग नहीं लगाए जो उघोग जिले मे पहले से स्थापित थेए या जो नये माल बन रहे हैं उन्हे ही जिले में उघोग का निवेश दिखा दिया गयाए जो उघमी और व्यापारी वास्तव में जिले नये उघोग मे निवेश करना चाहते हैं उन्हें किसी प्रकार का सहयोग व सुविधा नहीं दी गयीएजबकि सिंगल विंडो एप्लीकेशन की बात प्रदेश सरकार द्वारा की जाती हैएविभाग के इसी रवैये का परिणाम है कि नोएडा में लगे इन्टरनेशनल ट्रेड शो में पिछ्ली बार की उपेक्षा आधे भी व्यापारी और उघमी नहीं गये हैंएजिले के बरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रदेश सरकार से उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मांग करता है कि आकड़ों की बाजीगरी बंद की जायेए जिससे आम उघमीयों और व्यापारियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेए जिससे लगभग उघोग शून्य इटावा जिले के निवासीयों को रोजगार मिल सके।

## सफारी में योगा दिवस मना

इटावा। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इटावा सफारी पार्क में भारतीय योग संस्थानए दिल्लीए इकाई के संयुक्त तत्वाधान में निदेशक सफारी पार्क की अध्यक्षता में योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डाण् अनिल कुमार पटेल ने अधिक से अधिक लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। भारतीय योग संस्थानए दिल्लीए इकाई के योगाचार्य डाण् श्रीकांत वर्मा ने सफारी पार्क के समस्त कार्मिकों को योग से होने वाले लाभों से परिचित कराया गया। इसके साथ ही इटावा सफारी पार्क के वृहद प्रचार प्रसार हेतु भारतीय याग संस्थान से जुड़े समस्त महानुभावों से अनुरोध किया गया। इस मौके पर सफारी पार्क के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

# कमिश्नर कानपुर के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया योग

फर्रूखाबाद। 11वे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मण्डी समिति सातनपुर फर्रुखाबाद मे भव्य रूप से आयोजित किया गया है। योग कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव विधायक सुशील शाक्य विधायक नागेन्द्र राठौर विधायक डॉ सुरभि कमिश्नर कानपुर मण्डल विजयेंद्र पाण्डियन जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी पुलिस अधीक्षक आरती सिंह मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी फतेहचन्द्र वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल नगर ने भगवान धन्वन्तरि एवं महर्षि पतंजलि के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यकम का शुभारम्भ किया गया।

इसके पश्चात कामन योग प्रोटोकाल का अभ्यास मास्टर ट्रेनर योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी ने कराया । कामन योग प्रोटोकाल के समय सभी विभागो के कर्मचारी ध्आयुष विभाग के कार्यरत अधिकारी ध् कर्मचारी क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर सर्वेश कुमार डॉ दीप्ति त्रिवेदी जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया उपस्थित रहे। सातनपुर मंडी में 950 प्रतिभागियो ने कामन योग प्रोटोकाल का अभ्यास किया ग इस अवसर पर विशाखापत्तनम में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के योग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर योग सप्ताह में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के 41विजेताओं को प्रमाणपत्र का वितरण भी किया गया।

## योग के बल पर ऋषिमुनी बर्षो तक बिना खाये साधना करते रहते थे. .डॉण् हरीशंकर

इटावा। विश्व योगा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभाए अपना दल;एस एवं समाज उत्थान समिति के सयुक्त तत्वाधान में योगाशन एवं प्राणायम योग शिक्षक अम्बरीष वर्मा सेवानिवृत प्रधानाचार्यए डॉ0 हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यए ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा लक्ष्मी वाटिका में कराया गया। अम्बरीष कुमार वर्मा योग शिक्षक ने बताया ने योगाशन और प्राणायाम से होने वाले लाभो को बताते हुए कहां कि योग करने से बीमारियों का निदान होता है। डॉण् हरीशंकर पटेल . योग शिक्षक ने योगा हमारे पूर्वजों की देन है योग के बल पर ऋषिमुनी बर्षो तक बिना खाये साधना करते रहते थे। इन्जी राजेश कुमार वर्मा सेवानिवृत्त अधीशाषी अभियंता ने योग के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि हम सभी को जैसे खाना प्रतिदिन खाते है उसी तरह योग करना चाहिए। योगा शिविर का आनंत लेते हुए अभिराजए आर्याए वैष्णवीए पलकए ईशिकाए तेजस पटेलए आकाशए अंशए अर्थवए आरनाए युवराजए शिवम् आदि रहे।

# डीएमए एसएसपी ने तहसील दिवस में शिकायतें सुनी

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील ताखा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील ताखा में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 120 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुयेए जिसमें मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जायेए साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्राए उपजिलाधिकारी न्यायिक दीपशिखाए मुख्य चिकित्साधिकारी बृजेन्द्र कुमारए क्षेत्राधिकारी ताखा अतुल प्रधानए तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विधायका व भाजपा अध्यक्ष ने योग दिवस का आयोजन किया

इटावा। 21 जून को भारत समेत दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और समर्पण के साथ मनाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने इटावा क्लब में योग शिविर का आयोजन किया। योग शिविर में सदर विधायक सरिता भदौरियाए जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ताए पूर्व सांसद रघुराज शाक्यए प्रेमदास कठेरियाए निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूतए पूर्व जिलाध्यक्ष डॉण् रमाकांत शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों के संग योगाभ्यास किया। योग शिविर को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि हर साल 21 जून को इंटरनेशनल योग दिवस मनाया जाता है। 27 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान 21 जून को विश्व भर में योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों और 173 सह.प्रायोजक देशों ने सर्वसम्मति से संयुक्त राष्ट्र के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। योग शिविर को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यह दिन योग के अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शारीरिकए मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। साल 2015 सेए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन 45 मिनट तक सभी एक साथ योग करते हैं। इस दिन पूरे देश में अलग.अलग तरह की एक्टिविटीज कराई जाती हैं ताकि योग के महत्व को समझा जा सके और इसे बढ़ावा मिले। योग शिविर में जिलामहामंत्री शिवाकांत चौधरीए जिलाउपाध्यक्ष शिवकिशोर धनगरए वरिष्ठ नेता रामशरण गुप्ताए जिलामंत्री जितेंद्र गौड़ए डॉण् ज्योति वर्माए कोषाध्यक्ष संजीव भदौरियाए विनीता गुप्ताए जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्यए विरला शाक्यए सभासद शरद वाजपेयीए पूनम पांडेयए सतेंद्र राजपूतए समीर सक्सेनाए शरद तिवारीए नीतू नारायण मिश्राए प्रमिला पालीवालए मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगरए विवेक गुप्ताए पंकज कुशवाहाए बासु चौधरी प्रभात चौधरीए राबिया सुल्तानाए जफर अंसारी सहित जिला व मंडल पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

# योग- कर्मसु कौशल एसएसपी-श्याम नारायण सिंह



एटा .11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइंस एटा में योग शिविर का आयोजन कर योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया

एसएसपी एटा ने कहाए शारीरिकए मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योग सबसे उत्तम क्रिया है।एसएसपी द्वारा योग प्रशिक्षक एंव उनके सहयोगियों को प्रशस्ति प्रत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर पुलिस लाइन्स में ष्एक पृथ्वीए एक स्वास्थ्य के लिए योगष् योगाभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा वृक्षासनए पादहस्तासनए अर्ध चक्रासनए त्रिकोणासनए भद्रासनए वज्रासनए मंडूकासनए मकरासनए भुजंगासनए शलभासन आदि का अभ्यास कराया तथा कपालभातिए नाड़ी शोधनए भ्रामरी एवं शीतली प्राणायाम का भी अभ्यास कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री श्याम नारायण सिंह के सान्निध्य में समस्त पुलिस कर्मियों तथा प्रशिक्षु आरक्षियों ने योगए ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

एसएसपी एटा ने कहा योग आसन आपको अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करने और वर्तमान में मौजूद रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। योग में गहरी साँस लेने की तकनीकें शामिल हैं जो मन को शांत करती हैंए जिससे आपको स्थिरता और शांति का एहसास होता है। यह आपको व्यक्तिगत चुनौतियों पर अंतर्दृष्टि और स्पष्टता प्रदान करता है। साथ ही उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को इस अवसर का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। एसएसपी एटा द्वारा योग प्रशिक्षक एंव उनके सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमित कुमार रायए क्षेत्राधिकारी सदर श्री संजय कुमार सिंहए क्षेत्राधिकारी सकीट सुश्री कीर्तिका सिंहए क्षेत्राधिकारी श्री अवनीश कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद के समस्त थानोंध्कार्यालयों पर जनपदीय पुलिस द्वारा योगाभ्यास किया गया।

## खबर एक नज़र

### भाविप मुख्य शाखा ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

इटावा। स्थानीय नारायण वैंकट हाल में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इटावा ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम हरी शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शिव किशोर दुबे एडवोकेट और लालजी प्रसाद दुबे की उपस्थिति रही। विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवाए इन्द्र नारायण पाण्डेय प्रान्तीय अध्यक्षए हरीशंकर त्रिपाठी शाखा अध्यक्षए शिव किशोर दुबे एडवोकेट और लालजी प्रसाद दुबे ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों का पूजन किया और उपस्थित सभी लोगों ने वन्दे मातरम् का सस्वर गायन किया। योग दिवस पर शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा ने बताया कि करें योग बनें निरोग। योग करने से मानसिक शांति प्राप्त होती है। योग प्रशिक्षक शिव किशोर दुबे ने प्राणायामए हाथोंए पैरोंए आंखों और कानों के सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया। लालजी प्रसाद दुबे ने शीर्षासनए सर्वांगासनए हलासन का अभ्यास कराया। मास्टर पार्थ दुबे ने भी करांटे का सुन्दर प्रदर्शन किया तथा कार्तिकेय दुबे ने देश भक्ति के गीत हरमोनियम के साथ प्रस्तुत किये। योगाभ्यास के कार्यक्रम में प्रोफेसर राम कृष्ण सिंह यादवए आशा राम मिश्राए बीण् कैण् सिंहए शैलजा पाठक सचिवए विवेक रंजन गुप्ता कोषाध्यक्षए ओम नारायण शुक्लाए निशा गुप्ता गतिविधि संयोजक महिला सहभागिताए बृजेश मिश्राए मुलायम सिंह यादवए बृजेश कुमार राठौरए नन्द कुमार यादवए प्रमोद कुमार पाण्डेयएज्ञानेंद्र सिंह वर्मा एडवोकेटए संजीव कुमार राजौरियाए बीना चौहानए मन्जू देवीए आनन्द कुमार वर्माए विमल कुमार गुप्ता और कृष्णिका आदि परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। ओम नारायण शुक्ला द्वारा योगाभ्यास के लिए हाल में गद्दों को बिछवाकर सुन्दर व्यवस्था करवाई गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुआ। शाखा अध्यक्ष हरी शंकर त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ग्यारहवां योग दिवस नोडल अधिकारीए विधायका की अध्यक्षता में मनाया गया

इटावा। ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रदर्शनी पंडाल में मुख्य अतिथि सदर विधायका सरिता भदौरिया व नोडल अधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी आईएएस राहत आयुक्त की अध्यक्षता में प्रदर्शिनी पंडाल में आयोजित किया गया। विधायका ने संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया ही नहीं बल्कि वह हमारे मन को शांत करता है एवं शरीर को स्वस्थ रखता है स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए हमें योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया योग का कार्य कर रही है। हमें योग को नित्य प्रतिदिन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मन स्वस्थ होगा तभी हम कार्य कर पाएंगे। योग हमारे देश के प्राण के रूप में प्राचीन काल से चल रहा है। योग से ही हमारा शरीर स्वस्थ एवं स्वस्थ आत्मा बनती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति को योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। योग हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आदिकाल से ऋषि मुनियों ने योग के महत्व को बताने का प्रयास किया था। जब हम इस परंपरा से हटने लगे तो शरीर बीमार पड़ने लगा। उन्होंने प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए बताया कि उनके द्वारा आज ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश को आगे रखना है। समाज को स्वस्थ रखना है तो प्राचीन परंपरा योग की तरफ जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब समाज स्वस्थ होगा तभी देश मजबूत होगाए मजबूत सामाज एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। योग की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि करे योग रहे निरोग यही हमारे जीवन का मूल मंत्र है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। संचालन कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्लए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तवए मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तवए जनप्रतिनिधिगण सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### नारायन कालेज में शिक्षकों व छात्रों ने योगा दिवस मनाया

इटावा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नारायण कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट्स में विशेष कार्यक्रम शिक्षकों और छात्रों ने किया योगासन मैनेजर प्रबल गुप्ता ने बताया स्वस्थ जीवन का महत्व स्थित नारायण कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट के कौशल विकास केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों के साथ विभिन्न योगासन किए कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर प्रबल गुप्ता जी ने छात्रों को योग के महत्व से अवगत कराया उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विचार पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान प्रस्तावित किया था। उन्होंने कहा था कि योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है अपनी जीवन शैली को बदलकर और चेतना पैदा करकेए यह भलाई में मदद कर सकता है हमे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने की दिशा में काम करना चाहिए। योग एक शारीरिकए मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थीण् 21 जून उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और दुनिया के कई हिस्सों में एक विशेष महत्व रखता है योग स्वस्थ जीवन का एक प्राकृतिक मार्ग है यह बिना किसी दवा के शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है उन्होंने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर प्रबल गुप्ताए निधि तिवारीए अमीषाए अभिनव पुरोहित व अन्य उपस्थित रहे।

### सांप काटने से किशोरी की मौत

बकेवरए इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहादुरपुर घार के मजरा विझावली में 13 वर्षीय किशोरी को ज़हरीले सांप के काटने से मौत हो गई। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहादुरपुर घार के मजरा विझावली निवासी प्रहलाद पंडित ने बताया कि शनिवार की सुबह उनकी 13 वर्षीय बेटी खुश्बू प्रति दिन की भांति घर के बाहर खेलने लगी खेलते समय पास में खड़ी नदी के पास बड़ी बड़ी घास में चली गई खेलते समय बेटी के पैर में जहरीले कीड़ा ने काट लिया बेटी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी बेटी को जमीन पर पड़ी देख उसके साथ खेल रही उसकी सहेलियाँ भाग कर घर आयी जानकारी दी जिस पर परिजन मौके पर पहुँचे और बेटी को उठाकर आनन फानन इलाज के लिए सरकारी अस्पताल बहादुरपुर ले जा रहे थे कि उसी समय बेटी की रास्ते में मौत हो गई और उसका शरीर नीला पड गया । मृतक किशोरी का शव परिजनो ने यमुना नदी में प्रवाहित कर दिया।घटना की सूचना लवेदी पुलिस को दे दी गई है वहीं ग्राम लेखपाल मदनलाल सिंह घटना की सूचना पर मौके के लिए रवाना हो गए थे। लवेदी थानाध्यक्ष कपिल ने बताया कि किशोरी को सांप के काटने की न तो कोई सूचना है न ही परिजनो द्वारा जानकारी दी गई है।

### आवारा सांड के हमला से किसान की मौत

भरथनाए इटावा। भरथना तहसील व विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम साम्हों में शनिवार की सुबह एक किसान बलवीर प्रजापति 66 वर्ष पुत्र सोनेलाल प्रजापति ;कुम्हारद्ध की अपने सब्जी के खेत पर रखवाली करये समय आवारा साड़ ने जानलेवा हमला बोल दिया जिसमें किसान बलबीर गम्भीर रूप से घायल होकर मरणासन्न हो गएएऔर इलाज को पहुंचते ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। किसान की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। साड़ का हमला देख दूसरे खेत में कृषि कार्य कर रहे एक युवक शिवम प्रजापति पुत्र रामचंद प्रजापति ने दौड़कर साड़ को भगाया तब तक साड ने किसान बलवीर को मरणासन्न कर दियाएपरिजन समेत ग्रामीण मरणासन्न हालत में किसान को इलाज के लिए भरथना चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों में किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर मिलते ही मृतक परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर तहसीलदार दिलीप कुमार क्षेत्रीय लेखपाल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल कर पुलिस को निर्देशित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। किसान की दुखद मौत पर प्रशासन ने किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक किसान बलवीर के एक पुत्र सतीश कुमार के अलावा छह पुत्रियां हैं जिनमें दो बेटिया अभी अविवाहित है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने किया योगाभ्यास

## जिला कारागार में महिला व पुरुष बन्दियों ने किया योगाभ्यास

**मिर्जापुर।** जिला कारागार में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के तत्वाधान में प्रधानमंत्री के आह्वान पर 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' के अन्तर्गत योग का बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षाध्यापक संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा कारागार अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं बन्दियों को योग कराया गया। योग का कार्यक्रम प्रातः काल 07:00 बजे से प्रारम्भ होकर 08:00 बजे तक कराया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को हल्का वार्म-अप कराया गया। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार से प्रारम्भ होकर अनेकों योगासनों जैसे-प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपाल भाति, भ्रामरी, नाड़ी शोधन, ताड़ आसन, भुजंग आसन, मत्स्य आसन, शशांक आसान, श्वान आसन, मर्कट आसन इत्यादि योगासनों का विधि एवं विस्तार पूर्वक अभ्यास कराया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ कारागार में निरूद्ध बन्दियों में योग एवं स्वास्थ्य के प्रति काफी उत्साह रहा। कतार बद्ध होकर योगाभ्यास में सम्मिलित अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं बन्दियों को एक-एक योगासन को बारी-बारी से कराते हुए उस योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। योग कार्यक्रम के समापन के बाद बन्दियों को सम्बोधित करते हुए जेल अधीक्षक डा0 राजेन्द्र प्रताप चौधरी ने कहा कि हमारे जीवन में योग का बहुत बड़ा महत्व हैं। आज की भांग-दौड भरी जिन्दगी में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में कम से कम एक घण्टा योग अवश्य करना चाहिए, जिससे हमारे शरीर स्वस्थ्य एवं मन प्रसन्नचित रहे। इस अवसर पर कारापाल राजेश कुमार वर्मा, उप जेलर ज्ञानेन्द्र स्वरूप दूबे, उप जेलर सुमन रानी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## गहमर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

**स्वतन्त्र भारत सेवराई।** तहसील क्षेत्र के एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर प्रकृति की गोद में बसा गोमुख से गंगासागर का मध्य स्थल एशिया महाद्वीप के सबसे बड़े व गांव गहमर के नारायण घाट पर मुरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान आयुष मंत्रालय भारत सरकार की सहयोग से इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन व नारायण योग प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र गहमर के आयोजन से योगाचार्य डॉ. बुद्ध नारायण उपाध्याय के सानिध्य में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर सभी ने योग किया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनोद ने किया। सबसे पहले प्रार्थना, शारीरिक संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले आसन ताड़ासन, वृक्षासन,हस्तपादासन अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन, वज्रासन अर्ध उष्ट्रासन उष्ट्रासन मंडूकासन,बक्रासन उधर के बाल लाकर किए जाने वाले आसन मकरासन ,भुजंगासन, सलभासन पीठ के बाल लाकर किए जाने वाले आसन सेतु बंधासन उत्तानपादासन अर्ध हलासन पवनमुक्तासन स्वासन कपालभाति क्रिया के बाद प्राणायाम नाड़ी शोधन अनुलोम विलोम प्राणायाम शीतली प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम इसके बाद ध्यान संकल्प के बाद अंत में शांति पाठ के साथ फल के रूप में आम का वितरण किया गया।

योग गुरु के द्वारा जल योग का नजारा अदभुत रहा। बच्चे ,बूढ़े,महिलाएं बहुत उत्साहित रही। इस मौके पर आई एन ओ के सदस्य डॉ रविंद्र , डॉ सारीज जी, निवर्तमान विधायक भाजपा श्रीमती सुनीता सिंह, विहिप विभाग् अध्यक्ष राजेश जी, जिला उपाध्यक्ष दुर्गानंद जी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जी, सहायक योग शिक्षक ओम नारायण , नमो नारायण, आयुष, खुशी , आलोक जी, दुर्गानंद जी शैलेंद्र जी,वेद आचार्य पंडित सत्येंद्र मिश्रा जी, अशोक जी, सत्यनारायण जी, वीरभान जी, गोलू जी, मनीष जी के साथ सैकड़ो लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

योग गुरु के द्वारा प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से लेकर के 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक लगातार यहां पर योग कार्यशाला चल रहा है।

## जमुई अंडर पास पुलिया में बरसात का पानी हो रहा जमा

**चुनार (मिर्जापुर)।** नवयुवक अधिवक्ता समिति के महामंत्री अजय कुमार पांडेय ने उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को पत्रक देकर कहा कि जमुई अंडर पास पुलिया में बरसात का पानी जमा होने से तहसील आने वाले वाद कारी एवं अन्य राहगीरों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार व शनिवार को हुए बारिश से अंडर पास पुलिया में पानी भर गया।जिससे दो व चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। इससे रेलवे क्रॉसिंग व जमुई अंडर पास पर दोनों तरफ वाहनों कि लंबी कतारे लग गई और भारी भीड़ जमा हो गया।जिससे भीषण जाम कि स्थिति उत्पन्न हो गई। जाम लगने से तहसील आने वाले वादकारियों एवं अन्य राहगीरों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## विश्व योग दिवस पर हजारों लोगों ने किया योगाभ्यास



**चुनार (मिर्जापुर)।** विश्व योग दिवस के मौके पर चुनार तहसील के मेड़िया स्थित मिनी स्टेडियम सभागार में योग शिविर का आयोजन किया गया। भारत स्वाभिमान न्यास के तहसील प्रभारी योगी राम ध्यान आर्य के निर्देशन में योगासनों का अभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अनुराग सिंह व विशिष्ट अतिथि एसडीएम राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में सुबह 7.30 बजे योगा शुरू हुआ। वही नगर के रामबाग स्थित द ग्लेनहिल स्कूल, डॉ. सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी, राजकीय महाविद्यालय चुनार,राजकीय महाविद्यालय मगरहा,सीखड़ ब्लाक सभागार में योग किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि योग प्राचीन भारत की वह विधा है जिसे अपनाने से हम रोगों से दूर रहते हैं और उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। योगी राम ध्यान ने आए हुए साधकों को आसनों का अभ्यास ग्रीवा संचालन,घुटना संचालन, कटी संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्त आसान, त्रिकोणासन, भुजंगासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम प्राणायाम, शेर गर्जना,प्रणव ध्यान सहित 32 आसनों के साथ सिंह दहाड़ और हास्य आसन का भी अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता के जयघोष से हुआ।इस दौरान बचाऊ लाल सेठ,रविंद्र नारायण सिंह,तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह,आलोक सिंह, प्रो. मृणालिनी सिंह, प्रो. माधवी शुक्ला, आफ्ताब अहमद डायरेक्टर द ग्लेनहिल स्कूल चुनार,प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा, वेद प्रकाश,अखिलेश सिंह,ज्योति प्रकाश, विवेक दुबे, नायब तहसीलदार कल्पना, संजय सिंह, प्रताप नारायण,पंकज सिंह, जितेंद्र प्रकाश सिंह,सुरजीत सिंह, मंगरू साहनी,खंड विकास अधिकारी नरायनपुर श्रीराम मिश्रा,खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय, ब्रह्माकुमारी से बीके बीनू, बीके तारा, बीके जगदीश सहित सैकड़ों लोग रहे।


### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर
वाद सं. 4063/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. टी202503410124063
श्रीमती दाया देवी बनाम श्रीकान्त आदि

1. श्रीमती दाया देवी वयस्क पत्नी श्री परशुराम निवासिनी ग्राम जमरेही पोस्ट जामू तहसील परगना व जिला कानपुर नगर....प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम– 1. श्री कान्त वयस्क पुत्र स्व. बृज लाल 2. श्री कृष्ण कान्त वयस्क पुत्र स्व. बृज लाल 3. श्री कृपा कान्त वयस्क पुत्र स्व. बृज लाल 4. (मृतक) उमाकान्त वयस्क पुत्र स्व. बृज लाल 4/1. श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी स्व. उमाकान्त 4/2. अरविन्द कुमार पुत्र स्व. उमाकान्त 5. शिवकान्त वयस्क पुत्र स्व. बृज लाल 6. हरीकान्त वयस्क पुत्र स्व. बृज लाल उपरोक्त सभी निवासीगण ग्राम जमरेही पोस्ट जामू तहसील परगना व जिला कानपुर नगर ..विपक्षीगण
प्रार्थना अन्तर्गत धारा 24 भू. राजस्व अधिनियम ग्राम जमरेही तहसील परगना व जिला कानपुर नगर
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 21.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-606/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय, बअदालत, प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, कानपुर नगर
(नमूना काबिज फरोख्त)
सम्मन वास्ते करदार उमूर तनकीह तलब (आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद संख्या 1476/2022
पीयूष निगम, आयु लगभग–32 वर्ष, पुत्र शरद निगम, निवासी– एल.आई.जी. 27 रतन लाल नगर, कानपुर नगर। मो. 9871475757...वादी
बनाम–1. प्रिया निगम, उम्र लगभग –28 वर्ष, पुत्री दिनेश कुमार निगम, पत्नी पीयूष निगम, निवासिनी 126/41 आई ब्लॉक गोविंद नगर, थाना गोविंद नगर, जनपद– कानपुर नगर। हाल पता: मकान नं.– 9 खैरपुर गुर्जर ग्रेटर नोयडा नियर शिव मंदिर, थाना–बिसरख नोयडा 2. राजवीर उर्फ राघव प्रधान, पुत्र बलवीर, निवासी: मकान नं.– 9 खैरपुर गुर्जर ग्रेटर नोयडा नियर शिव मंदिर, थाना बिसरख नोयडा...प्रतिवादीगण
हरगाह वादी ने आपके विरूद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख–14/07/2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इंस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 16/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, वाद लिपिक प्रधान पारिवारिक न्यायालय कानपुर नगर।

सी.आर.-606/K-CN

### अदालती सूचना

समन बजरत इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मसमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1907 ई.)
न्यायालय नायब तहसीलदार महराजपुर कानपुर नगर
मु.नं. 980/25
भारतीय उद्योग मण्डल बनाम मदन मोहन
बनाम–प्रयाग नारायण दुबे पुत्र स्व. रामकुमार दूबे नि. म.नं. 110/221 रामकृष्ण नगर कानपुर नगर
वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25.06.2025 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबेदही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 19.062025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-606/K-CN

### उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांकः JHS/W/DEN/HO/MISC दिनांकः 20.06.2025

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी-कानपुर रेल खण्ड पर स्थित रेलवे समपार संख्या 157 किमी. 1195/33-35 दिनांक 23.06.2025 प्रातः 06:00 बजे से 24.06.2025 शाम 18:00 बजे तक रेलवे मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए अस्थायी तौर से बंद किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में सड़क यातायात को सिकन्दरा से समथर रोड के बीच स्थित फाटक संख्या 155 एवं पूंच से वड़ेरा, सेरसा के बीच स्थित फाटक संख्या 158 का उपयोग किया जा सकता है। 1069/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

**गैरहाजिरी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कुमार सोनी, पुत्र श्री पाटेश्वरी TM-IV युनिट नं. 138 अधीन एस.एस.ई./पीवे/बांदा, सहायक मंडल अभियंता/बांदा जो पुरनिया तालाब, चौक बाजार, जिला बलरामपुर, पिन नं.-271201 का मूल निवासी है, दिनांक **17.03.2023** से लगातार आज दिनांक तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं। आप 07 दिनों के अंदर **सहायक मंडल अभियंता/बांदा कार्यालय** में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें एवं स्पष्टीकरण दें अन्यथा रेल प्रशासन द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए रेल सेवा समाप्ति/बरखास्तगी की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

सहा0 मंडल इंजीनियर/बांदा
उत्तर मध्य रेलवे

1065/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 13.06.2022 के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर बहुउद्देश्यीय स्टाल, फ्रूट और जूस बार, पार्किंग तथा ऑडियो विज्ञापन अनुबंध के लिए **आईआरईपीएस** के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है।

**कैटरिंग:**

| SN | Details of publicity | E-Auction catalogue No. | E-Auction Start Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | **05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर फल और जूस बार इकाइयाँ:** फिरोजाबाद (01 स्थान), शिकोहाबाद (01 स्थान), कानपुर (01 स्थान), इटावा (01 स्थान), प्रयागराज (01 स्थान), मानिकपुर (01 स्थान), टूंडला (01 स्थान), फफूंद (01 स्थान) | PRYJ-CATG-25-23 | 25.06.2025 at 11:00 hrs |
| 2 | **05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर बहुउद्देश्यीय इकाइयाँ:** प्रयागराज (05 स्थान) | PRYJ-MPS-25-09 | 25.06.2025 at 11:00 hrs |
| **पार्किंग** | | | |
| 1 | (1) इटावा (2) हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड उपलब्ध है। | PRKING-ETW-HRS | 27.06.2025 at 11:00 hrs |
| **एन ऍफ आर** | | | |
| 1 | प्रयागराज मंडल के प्रयागराज, कानपुर और अलीगढ़ तीन (03) स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर पीए सिस्टम के माध्यम से ऑडियो विज्ञापनों के साथ इंटरलेस्ड स्वचालित ट्रेन सूचना और घोषणाओं के लिए तीन साल की अवधि के लिए ई-नीलामी। | NFR-PRYJ-Audio | 26.06.2025 at 10:00 hrs |

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। **1.** बोलीदाताओं, जो ई-नीलामी मॉड्यूल में भाग लेना चाहते हैं, के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) होना चाहिए और इसे भारत सरकार के प्रमाणन प्राधिकरण (सीसीए) के नियंत्रक के किसी भी प्रमाणित प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, इसका विवरण **www.cca.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। **2.** बोलीदाताओं को **आईआरईपीएस** (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कराना होगा। **3.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क रु. 10,000.00/- और लागू जीएसटी (गैर-वापसी योग्य) को किसी भी व्यावसायिक नीलामी में भाग लेने से पहले ऑनलाइन भुगतान करना होगा। **4.** इस ई-नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी, आवश्यकता और विभिन्न पहलुओं के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को **http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/learningCenter.jsp** पर जाने की सलाह दी जाती है। **5.** अर्निंग मनी डिपॉजिट (ईएमडी): नीलामी के दौरान ऑनलाइन जमा की जाने वाली कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5%, सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **6.** रेल प्रशासन किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **7.** रेल प्रशासन इन गाड़ियों के जारी रहने/बंद होने या नई गाड़ी सेवाओं के शुरू होने के आधार पर किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। (यह मद एस एल आर/वी पी को पट्टे पर देने से सम्बंधित है) **8.** सफल बोली लगाने वाले को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा प्रभावी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रेल प्रशासन इसके लिए उत्तरदाई नहीं होगा। 1074/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

### आवश्यक सूचना

भारतीय रेल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ट्रैफिक एवं पावर ब्लाक कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों के निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ओरीजिनेशन एवं रिशेड्यूलिंग/रेगुलेशन किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत है :–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 54335 | बालामऊ जंक्शन-कानपुर सेन्ट्रल पैसेन्जर | 23.06.2025 से 25.06.2025 |
| 54336 | कानपुर सेन्ट्रल-बालामऊ जंक्शन पैसेन्जर | 23.06.2025 से 25.06.2025 |
| 54153 | रायबरेली जंक्शन-कानपुर सेन्ट्रल पैसेन्जर | 23.06.2025 से 26.06.2025 |
| 54154 | कानपुर सेन्ट्रल-रायबरेली जंक्शन पैसेन्जर | 22.06.2025 से 25.06.2025 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरीजिनेशन**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | आंशिक निरस्तीकरण /ओरीजिनेशन का स्टेशन | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 12179 | लखनऊ जंक्शन-आगरा किला इंटरसिटी | कानपुर सेन्ट्रल से संचालित | 25.06.2025 |
| 12180 | आगरा किला-लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी | कानपुर सेन्ट्रल पर समाप्त | 25.06.2025 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | स्टेशन पर ठहराव नहीं रहेगा | प्रा. स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 12004 | नई दिल्ली-लखनऊ जंक्शन शताब्दी | गाज़ियाबाद जं.-मुरादाबाद जं.-लखनऊ जं. | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., फफूंद, कानपुर सेन्ट्रल | 25.06.2025 |
| 15066 | पनवेल-गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेन्ट्रल -प्रयागराज जं.-फाफामऊ जं. - माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-सुल्तानपुर जं.-अयोध्या कैण्ट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर जं.- गोंडा जं. | लखनऊ, बाराबंकी जं. | 24.06.2025 |
| 12173 | लोकमान्य तिलक ट.-माँ बेल्हा देवा धाम प्रतापगढ़ जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज जं.-फाफामऊ जं.-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन | लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी | 24.06.2025 |

**रेलगाड़ियों का रिशेड्यूलिंग/रेगुलेशन**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | कानपुर सेन्ट्रल से रिशेड्यूलिंग/रेगुलेशन | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 64212 | कानपुर सेन्ट्रल-लखनऊ मेमू | 7 घण्टे की देरी से चलेगी | 25.06.2025 |
| 12469 | कानपुर सेन्ट्रल-जम्मू तवी एक्सप्रेस | 4 घण्टे की देरी से चलेगी | 25.06.2025 |
| 14124 | कानपुर सेन्ट्रल-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन इंटरसिटी | 45 मिनट की देरी से चलेगी | 23.06.2025 से 25.06.2025 |
| 22445 | कानपुर सेन्ट्रल-अमृतसर जंक्शन सुपरफास्ट | 30 मिनट की देरी से चलेगी | 23.06.2025 |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@ CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1071/25 (C)


## संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनीं गईं समस्यायें



**चुनार मिर्जापुर।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, एसडीएम चुनार राजेश कुमार वर्मा व सीओ मंजरी राव ने फरियादियों की समस्याओं को सुन कर उसे गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान आए 75 प्रार्थना पत्रों में से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। सीडीओ ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुसार प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें और शिकायतकर्ता का फीडबैक अवश्य लें। इस दौरान तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, नायब तहसीलदार कल्पना ,गरिमा, एक्सईएन शुभम मिश्रा आदि थे।

**गांव की पोखरी व खलिहान की भूमि पर कब्जे की शिकायत**

ग्राम सभा हाजीपुर निवासी मंगला प्रसाद दूबे ने गांव की पोखरी व खलिहान की भूमि पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण की शिकायत करते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे के कारण सार्वजनिक उपयोग की भूमि लोगों के काम नहीं आ रही है। इस संबंध में 17 मई व 9 जून को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**सार्वजनिक भूमि पर कब्जे की शिकायत**

शेरवां निवासी हृदय नारायण ने ग्राम प्रधान जाफरखानी के विरुद्ध शिकायत करते हुए प्रार्थना पत्र में कहा कि इनके द्वारा लठिया सहिजनी के तालाब, सार्वजनिक भूमि, कब्रिस्तान व जाफरखानी हरिजन बस्ती को जाने वाले मार्ग को खन खोद कर अपने आराजी में मिला लिए हैं। शिवमंदिर के पास स्थित तालाब में अवैध रूप से मछली पालन कर रहे हैं। जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## 18 की जगह 6 घंटे बिजली मिलने से उपभोक्ता परेशान

**हलिया मिर्जापुर।** क्षेत्र के बरी उपकेंद्र से संबद्ध विद्युत की आपूर्ति 18 घंटे का रोस्टर में 6 घंटे कई बार ट्रीप होने के बाद आपूर्ति होने से विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण हरघर नलजल योजना से पानी की सप्लाई 6 दिन से बाधित है। उपभोक्ताओं का पानी, मोबाइल चार्जिग, इनवर्टर भी चार्ज नहीं हो रहे है। जब कि प्रत्येक फीडर पर दर्जनों संविदा कर्मियों की तैनाती है जिन्हें प्रत्येक फीडर पर चेक कर फाल्ट ठीक करने की जिम्मेदारी दी गई है इसके बावजूद भी विद्युत की आपूर्ति सुचारू रूप से न मिलने से उपभोक्ता परेशान है।विद्युत आपूर्ति आते ही फाल्ट ठीक करने के लिये काट दी जाती है सही करते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी द्वारा रोस्टिंग हो जाने की बात बता कर पल्ला झाड दिया जाता है। जिससे हलिया, हथेडा, अहुगी, राजपुर, मधोर, सोनगढा, राजपुर, वीरपुर, सिकटा, पवारी कला, बंजारी कला, इंद्रवार, महुगढ, कोटार आदि सहित दर्जनों गाँव में बरसात होते ही विद्युत की आंख मिचौली से उपभोक्ता आजिज आ गए है। इस संबंध में अवर अभियन्ता कृष्णा प्रसाद शर्मा ने बताया कि बरसात व आकाशीय बिजली के कारण फाल्ट आ रहा है जिसे ठीक करने के बाद रोस्टर के हिसाब से आपूर्ति दी जा रही है।

## इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक स्टडी सेंटर पर मनाया गया विजय दिवस समारोह

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना मऊ इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पक्ष में जारी आदेश के सालग्रह के अवसर पर नगर पंचायत वलीदपुर स्थित इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक स्टडी सेंटर पर पैथी का विजय दिवस समारोह मनाया गया।

सेंटर संचालक डॉ अयाज़ अहमद ने उपस्थित लोगों को बताया कि इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया इलेक्ट्रो होम्योपैथी के रीसर्च एवं विकास हेतु कार्य करता है 21 जून 2011 का आदेश जो भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फेमिली वेलफेयर हेल्थ रीसर्च विभाग ने जारी किया था इसी संस्था की कोशिशों का नतीजा था इस आदेश को सभी राज्य सरकारों को कार्यवाही हतु भेजा गया था इस आदेश के अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विकास,रीसर्च एवं शिक्षा पर कोई रोक नहीं है।

जब तक कोई नया आदेश जारी नहीं होता तब तक इसी आदेश के अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथी का कार्य आगे बढ़ता रहेगा। इसी आदेश को उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग 6 ने 4 जनवरी 2012 को जारी कर समस्त अपर निदेशकों को एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस के क्रियान्वयन हेतु कहा था।

इस अवसर पर डॉ अयाज़ अहमद, डॉ अबुल कैश, डॉ मोहम्मद अहमद सलमानी आदि उपस्थित रहे।

## ग्यारह फीट के मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने बेलन नदी में छोड़ा

**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव स्थित खेत में शनिवार की सुबह 11 फीट का मगरमच्छ को चहल कदमी करता मगरमच्छ को हुआ देखकर ग्रामीणो में दहशत व्याप्त हो गई। मगरमच्छ को देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को बेलन नदी के गहरे पानी में छोड़ दिया है। थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव में खेत में चहल कदमी करते हुए पहुंचे 11 फीट के मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँचे वन विभाग के वन दरोगा सन्नी सिंह वन्यजीव रक्षक शीतला बक्स सिंह, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह, संदीप कुमार ने ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ को समीप स्थित बेलन नदी के गहरे पानी में छोड़ दिया।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा जन्म दि. 10.07. 1978 को घर पर ही हुआ था। मेरी माता जी का नाम सावित्री देवी है, अनभिज्ञता में जन्म का पंजीकरण नहीं हुआ है। अब जन्म का पंजीकरण कराना है, जिससे कि मेरा जन्म प्रमाण पत्र जारी हो सके। निर्मला देवी पुत्री विशेष सिंह नि. रानी कालोनी, अम्बेडकर नगर, फतेहपुर।(38)

सी.आर.-606/K-38

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# ‘अमेरिका जंग में शामिल हुआ तो कोई नहीं बचेगा’

## ईरान ने दी गंभीर नतीजों की धमकी

**इस्तांबुल।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने धमकी दी है कि अगर इजरायल के साथ जंग में अमेरिका भी शामिल हुआ तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और इसके खतरों से कोई भी देश नहीं बच पाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि अमेरिका, इजरायल के समर्थन में संघर्ष में शामिल हो सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

ईरानी विदेश मंत्री ने जिनेवा में यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। हालांकि इस मुलाकात में संघर्ष विराम के लिए सहमति नहीं बन पाई। जिनेवा से लौटते हुए इस्तांबुल में मीडिया से बात करते हुए अराघची ने ये बयान दिया। अराघची ने कहा कि वे आगे भी बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन ईरान का अमेरिका से बातचीत का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक इस्राइल की तरफ से हमले जारी रहेंगे, वे संघर्ष विराम को लेकर कोई बात नहीं करेंगे। जिनेवा के एक होटल में करीब साढ़े तीन घंटे चली इस बैठक के बाद जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने कहा कि अच्छा नतीजा यह है कि हमें लगा कि ईरान बातचीत जारी रखने को तैयार है और सभी अहम मुद्दों पर बात करने को इच्छुक है। उन्होंने कहा कि बैठक काफी गंभीर रही। वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा कि हम चाहते हैं कि ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत जारी रहे। हमने साफ कर दिया है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिल सकता।



इजरायल ने भी हाल ही में एक बयान में कहा कि ईरान के साथ तब तक कोई बातचीत नहीं होगी जब तब ऑपरेशन राइजिंग लायन के उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लिया जाता। इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तेहरान में संभवित तख्तापलट की ओर इशारा किया है।



छाया : गोपी रस्तोगी

## वॉयस ऑफ अमेरिका बंद होने की कगार पर

### ट्रंप प्रशासन ने 639 पत्रकारों को निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका की मशहूर और 83 साल पुरानी सरकारी न्यूज एजेंसी वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) पूरी तरह से बंद होने के कगार पर है। कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशासन ने वॉयस ऑफ अमेरिका और उसे चलाने वाली यूएस एजेंसी फोर ग्लोबल मीडिया (यूएसएजीएम) के 639 कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस दिया गया। इस साल मार्च से अब तक कुल 1,400 कर्मचारियों की नौकरी जा चुकी है, जो पूरी एजेंसी के 85त्न कर्मचारियों की संख्या है। ट्रंप प्रशासन की सलाहकार और एजेंसी की वरिष्ठ अधिकारी कारी लेक ने इसे बेहद जरूरी सुधार बताया और कहा कि सरकार अब इस फिजूलखर्च और जवाबदेही से दूर एजेंसी पर जनता का पैसा बर्बाद नहीं करेगी। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो वायस ऑफ अमेरिका की फारसी (पर्शियन) सेवा से जुड़े कुछ पत्रकारों को पिछले सप्ताह अचानक ड्यूटी पर बुलाया गया था, जब ईरान पर इस्राइल का हमला हुआ था। लेकिन शुक्रवार को जब उनमें से कुछ लोग ऑफिस से बाहर निकले, तो उनके पहचान पत्र जब्त कर लिए गए और उन्हें अंदर नहीं लौटने दिया गया। एक कर्मचारी ने डर के कारण ऑफिस छोड़ने से इनकार कर दिया, क्योंकि उन्हें अंदेशा था कि उन्हें भी बाहर कर दिया जाएगा। हालांकि कि मामले में तीन वरिष्ठ महिला पत्रकार जेसिका जेरियाट, केट नीपर और पैटसी विडाकुसवारा ने ट्रंप सरकार के खिलाफ अदालत में केस दायर किया है। इन सभी को भी शुक्रवार को नौकरी से निकाल दिया गया।

## ईरान के सुप्रीम लीडर के पुराने ट्वीट हो रहे वायरल, महिलाओं को लेकर पोस्ट की हो रही चर्चा

**तेहरान।** ईरान इन दिनों इस्राइल के साथ युद्ध लड़ रहा है। ऐसे माहौल में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के कुछ पुराने ट्वीट्स इन दिनों सोशल मीडिया पर फिर से चर्चा में आ गए हैं। दरअसल इन ट्वीट में खामेनेई ने महिला अधिकार और अपने स्कूल के दिनों के बारे में बात की है। खामेनेई, जिनके ईरान में शासन को कट्टरपंथी माना जाता है, उनकी उदारवादी सोच इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है।

### महिलाओं को लेकर किए गए ट्वीट हो रहे वायरल

ईरानी नेता के ये ट्वीट काफी पुराने हैं और कुछ तो एक दशक से भी ज्यादा पुराने हैं। सोशल मीडिया यूजर्स इन ट्वीट के लिए खामेनेई को प्रगतिशील नेता बता रहे हैं। एक ट्वीट में खामेनेई ने लिखा कि पुरुषों की जिम्मेदारी है कि वे महिलाओं की जरूरतों और भावनाओं को समझें और उनकी भावनाओं को नजरअंदाज न करें। एक अन्य ट्वीट में खामेनेई ने लिखा कि महिलाएं, पुरुषों से ज्यादा मजबूत होती हैं। महिलाएं पुरुषों को अपने प्रभाव और बुद्धि से पूरी तरह से नियंत्रित कर सकती हैं। खामेनेई के ये पुराने ट्वीट उनके मौजूदा शासन से पूरी तरह से अलग हैं। जहां महिलाओं पर कई तरह की पाबंदियां लागू हैं।

### स्कूलों में शरारत पर भी किया ट्वीट

खामेनेई ने अपने स्कूल के दिनों के बारे में भी बात की और ये भी बताया था कि वे स्कूल में काफी शरारती हुआ करते थे। एक ट्वीट में खामेनेई ने लिखा कि मैं स्कूल में भी पहले दिन से ही लबादा पहनकर जाता था। हालांकि अन्य बच्चों के सामने इसे पहनना थोड़ा असहज था, लेकिन मैंने इसकी कमी को शरारतों से पूरा करने की कोशिश की। ईरानी नेता ने एक ट्वीट में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की किताब का भी जिक्र किया।

## एक नज़र

### सेना-सरकार गठजोड़ सराहने पर घिरे ख्वाजा आसिफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सेना और सरकार के गठजोड़ पर सवाल उठने लगा है। पाकिस्तानी मीडिया में इसकी खासी आलोचना हो रही है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने इसको लेकर सवाल उठाया है। गौरतलब है कि पाकिस्तानी सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनरो के पिछले दिनों अमेरिकी प्रेसीडेंट ट्रंप के साथ लंच करने गए थे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इसकी तारीफ की थी। उन्होंने इसे हाइब्रिड सिस्टम बताते हुए ट्वीट भी किया था। इसको लेकर ख्वाजा आसिफ घिरते नजर आ रहे हैं। सेना और सरकार के गठजोड़ की तारीफ करने पर पाकिस्तानी रक्षा मंत्री को अपने ही देश में आड़े हाथों लिया जा रहा है। डॉन अखबार ने अपने संपादकीय में मंत्री के इस बयान पर सवाल उठाए हैं। अखबार ने लिखा है कि मंत्री इस मॉडल की तारीफ ऐसे कर रहे हैं मानो यह कोई सम्मान वाली बात हो। आसिफ ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा था कि पाकिस्तान की बेहतर होती हालत इस्लामाबाद और रावलपिंडी के बीच बेहतर संबंधों का नतीजा है। गौरतलब है कि इस्लामाबाद पाकिस्तान की राजधानी है और रावलपिंडी सेना मुख्यालय। इसके बाद सोशल मीडिया पर यह चर्चा का विषय बन गया। लोगों ने ख्वाजा आसिफ की बातों के मतलब निकालने शुरू कर दिए। कुछ लोगों तो यहां तक पूछा कि क्या यह बात उस व्यक्ति ने कही है, जिसकी पार्टी ने कुछ वक्त पहले सिविलियन सुप्रीमेसी का नारा बुलंद किया था।

### कश्मीर नहीं देगा पंजाब को पानी : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के निलंबन के बाद जम्मू-कश्मीर में सिंधु प्रणाली की तीन पश्चिमी नदियों से अधिशेष पानी को पंजाब में मोड़ने के प्रस्ताव का विरोध किया। अब्दुल्ला ने कहा कि कोई भी हमारा पानी नहीं लेगा। मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। पहले हम अपने पानी का इस्तेमाल खुद करें, फिर हम दूसरों के बारे में बात करेंगे। वह जम्मू और कश्मीर में सिंधु प्रणाली की तीन नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब से अधिशेष जल को पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में पुनर्निर्देशित करने के लिए प्रस्तावित 113 किलोमीटर लंबी नहर के बारे में एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उमर ने कहा कि जम्मू में सूखा है और वहां नल सूख रहे हैं। मैं पंजाब को पानी क्यों भेजूं, जहां पहले से ही तीन (पूर्वी) नदियां आईडब्ल्यूटी के तहत आती हैं? क्या पंजाब ने हमें तब पानी दिया था।

### भारी बारिश से हिमाचल में कई जगह भूस्खलन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में भूस्खलन हुआ। स्थानीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को 22, 23, 25 और 26 जून को अलग-अलग जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की। धर्मशाला-चतारो-गग्गल मार्ग पर भूस्खलन के कारण यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारी फिलहाल सड़क साफ करने के काम में लगे हुए हैं। इसके अलावा, ऊपरी शिमला क्षेत्र में टौनी-हाटकोटी सड़क का एक हिस्सा भी भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। मौसम विभाग ने रविवार, सोमवार, बुधवार और बृहस्पतिवार के लिए कुछ स्थानों पर अत्याधिक भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट और मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में सबसे अधिक बारिश नाहन में 84.7 मिमी दर्ज की गई, इसके बाद पंडोह में 35 मिमी, स्लैपर में 26.3 मिमी, सराहन में 20.5 मिमी, पांवटा साहिब में 19.8 मिमी, जोगिंदरनगर में 19 मिमी, पच्छाद में 17.2 मिमी बारिश हुई।

### नेपाल में सड़क हादसा, सात की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के बागमती प्रांत में शनिवार को एक बस और इलेक्ट्रिक वाहन के बीच टक्कर होने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में 25 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 10:15 बजे चितवन जिले में ईस्ट-वेस्ट हाईवे पर धनगढ़ी से काकरभिट्टा जा रही बस एक इलेक्ट्रिक वाहन से टकरा गई। घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है, जहां उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि दोनों वाहन दुर्घटनास्थल पर ही खड़े रहे, जिससे हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस सड़क को फिर से खोलने के लिए काम कर रही है। चितवन पुलिस के प्रवक्ता रवींद्र खनल ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## प्रेम प्रसंग में पैदा बच्ची को मां ने फौरन मार डाला

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पतनमथिट्टा में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक 21 वर्षीय अविवाहित महिला को घर पर प्रसव के तुरंत बाद बच्ची की हत्या कर देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस ने महिला की जानकारी उजागर किए बिना बताया कि उसे अस्पताल से गिरफ्तार किया गया है, जहां पर खून ज्यादा बह जाने की वजह से उसका इलाज किया जा रहा था। महिला की गर्भावस्था उसके प्रेम संबंध का परिणाम थी, उसके परिवार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह गर्भवती थी। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, 17 जून की सुबह इलावुमथिट्टा पुलिस थाना क्षेत्र के मेझुवेली गांव में अपने घर के शौचालय में उसने बच्ची को जन्म दिया। जन्म के बाद उसने बच्ची की कथित तौर पर हत्या कर दी और शव को अपने घर के पीछे सुनसान इलाके में फेंक दिया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में शिशु का शव घास के एक गट्ठर में लिपटा हुआ मिला। पोस्टमॉर्टम जांच में पुष्टि हुई कि बच्ची की मौत सिर पर चोट लगने से हुई। शुरुआत में पूछताछ के दौरान महिला ने अपने गुनाह से साफ इनकार किया और कहा कि वह बाथरूम में गिर गई थी इस वजह से उसके सिर में चोट लग गई थी। हालांकि बाद में पूछताछ और खोजबीन के बाद पुलिस को पता चला कि बच्ची की हत्या जानबूझकर की गई थी। पुलिस अब इस घटना में महिला के प्रेमी की भूमिका की जांच कर रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक की चेतावनी

# परमाणु आपदा से घिर सकता है मध्य पूर्व!

**वॉशिंगटन।** इजरायल और ईरान के बीच जंग छिड़ी हुई है। इजरायल की मंशा है कि ईरान के परमाणु ठिकानों को तबाह कर दिया जाए। इन सबके बीच यूएन के परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख ने गंभीर चेतावनी दी है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अगर बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाया गया तो मिडिल ईस्ट में परमाणु आपदा आ सकती है। राफेल ग्रॉसी ने यूएन सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहाकि हालांकि अभी तक रेडिएशन लीकेज का पता नहीं चला है। लेकिन बुशहर पर हमले के परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। ग्रॉसी ने चेतावनी देते हुए कि इस क्षेत्र के देशों ने पिछले कुछ घंटों में मुझसे संपर्क किया है। उन्होंने अपनी चिंताएं जाहिर की हैं।

लेकिन एक बात मैं पूरी तरह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर बुशहर पर हमला हुआ तो काफी मात्रा में रेडियो एक्टिविटी पदार्थ निकलेगा। गौरतलब है कि 13 जून को इजरायल ने ईरान पर अचानक हमला बोल दिया था। इस हमले में उसने ईरान की परमाणु और सैन्य ठिकानों, शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को टारगेट किया था।

वॉशिंगटन स्थित ईरानी मानव अधिकार संगठन ने दावा किया है कि ईरान में करीब 657 लोग-जिनमें 263 नागरिक शामिल हैं- मारे जा चुके हैं। इसके अलावा 2,000 से अधिक लोगों के घायल होने की बात भी कही गई है। वहीं, इजरायली सेना का कहना है कि बदला लेने के लिए ईरान ने इजराइल के खिलाफ 450 मिसाइलें और 1,000 ड्रोन लॉन्च किए हैं। इनमें करीब 24 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

बुशहर दक्षिणी ईरान में स्थित है। यह मिडिल ईस्ट का पहला नागरिक परमाणु रिएक्टर है। आईएईए के प्रमुख ने कहाकि इसमें हजारों किलोग्राम परमाणु सामग्री है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के हमले से रिएक्टर के पावर सप्लाई लाइनें डैमेज हो सकती हैं। इसके परिणाम बहुत खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने कहाकि हालत बहुत ज्यादा खराब होने पर बुशहर के कई सौ किलोमीटर तक लोगों को बाहर निकालना पड़ेगा। आम लोगों पर रेडिएशन का असर कम करने के लिए आयोडीन का सेवन करना पड़ेगा। वहीं, खाद्य आपूर्ति पर पाबंदियों का सामना करना पड़ सकता है।

## मुझे नहीं मिलेगा नोबेल पीस प्राइज : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ‘ट्रुथ सोशल’ पर एक पोस्ट में कहा, ‘मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा क्योंकि यह केवल लिबरल लोगों को दिया जाता है। ट्रंप ने कहा, ‘मुझे भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा, मुझे कांगो-रवांडा तथा सर्बिया और कोसोवो के बीच युद्ध रुकवाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।’ ट्रंप अनेक बार दावा कर चुके हैं कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराई और संघर्ष रुकवाया।

# ट्रंप ने तुलसी गबार्ड के बयान को किया खारिज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के बयान को खारिज किया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु हथियार न बनाने के बारे में उनकी राय गलत थी।

### कहा- ईरान के बारे में मेरे खुफिया विभाग की राय गलत थी

उन्होंने कहा कि युद्धविराम के लिए ईरान पर इस्राइल के हमलों को रोकना बहुत कठिन होगा। तुलसी गबार्ड ने कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इसे लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने जवाब दिया कि मेरा खुफिया समुदाय गलत है। खुफिया समुदाय में किसने ऐसा कहा? जब ट्रंप को बताया गया कि गबार्ड ने ऐसा कहा था तो वे बोले कि वह गलत हैं।



ट्रंप ने इस बात पर संदेह जताया कि बातचीत से इस्राइल और ईरान के बीच लड़ाई रुक सकती है। भले ही वे युद्ध विराम का समर्थन करते हों, लेकिन ईरान पर इस्राइल के हमलों को रोकना बहुत मुश्किल हो सकता है। ईरान के इस्राइली हमलों को रोकने में अमेरिका के हस्तक्षेप करने की अपील के बारे में ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि अभी यह अनुरोध करना बहुत कठिन है। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई जीत रहा है, तो ऐसा करना किसी के हारने की तुलना में थोड़ा कठिन है। लेकिन हम तैयार, इच्छुक और सक्षम हैं और हम ईरान से बात कर रहे हैं और हम देखेंगे कि क्या होता है? ट्रंप ने कहा कि युद्ध के मामले में इस्राइल अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। मुझे लगता है आप कहेंगे कि ईरान कम अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। किसी को रोकना थोड़ा मुश्किल है।

### मैं ट्रंप से सहमत : गबार्ड

राष्ट्रपति ट्रंप के बयान के बाद गबार्ड ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि उनके बयान को गलत रूप से पेश किया गया। अमेरिका के पास खुफिया जानकारी है कि ईरान इस स्थिति में है कि अगर वे असेंबली को अंतिम रूप देने का फैसला करते हैं तो वे कुछ हफ्तों या महीनों के भीतर परमाणु हथियार बना सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसा नहीं हो सकता है और मैं इससे सहमत हूं।

## नाइजर में 34 सैनिकों की हत्या

**डकार।** माली और बुर्किना फासो से लगी सीमा के पास पश्चिमी नाइजर में सशस्त्र लोगों ने 34 सैनिकों की हत्या कर दी और 14 अन्य को घायल कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हमला बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे बानीबांगौ में हुआ। हमलावर आठ वाहनों और 200 से अधिक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सरकार ने कहा कि सुरक्षाबलों ने दर्जनों हमलावरों को मार गिराया है। अन्य हमलावरों को खोजने के लिए जमीन और हवा से तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। नाइजर और इसके पड़ोसी देशों बुर्किना फासो एवं माली में एक दशक से अधिक समय से जिहादी समूह हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिनमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध कुछ समूह भी शामिल हैं।

## मानसून में एक्टर्स के इम्युनिटी बढ़ाने के तरीके!



मानसून जहां गर्मी से राहत देता है, वहीं साथ लाता है तापमान में उतार-चढ़ाव, दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की समस्या और कमजोर इम्युनिटी की चुनौती। खासकर टीवी एक्टर्स के लिए, जो व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से जूझते रहते हैं, इस मौसम में फिट और इंफेक्शन-फ्री रहना बेहद ज़रूरी हो जाता है। यही वजह है कि वे खानपान की आदतों को लेकर बेहद सजग रहते हैं और घर का बना गरम खाना, हर्बल काढ़े और पोषक तत्वों से भरपूर चीज़ों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि इस बारिश के मौसम में अपनी इम्युनिटी को मज़बूत बनाए रखने के लिये वो क्या कर रहे हैं। सपना सिकरवार, ऊर्फ ‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की बिमलेश कहती हैं, ‘‘मानसून में मैं अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए घरेलू नुस्खों पर भरोसा करती हूं। मैं ऑयली और मिर्च-मसाले वाला तीखा खाना खाने से बचती हूं। इसकी जगह मैं गर्म सूप, स्टीम्ड सब्ज़ियां और हर्बल चाय पीती हूं। मेरी सुबह की शुरुआत तुलसी और अदरक वाले गरम पानी से होती है-यह पाचन में मदद करता है और दिनभर ऊर्जा बनाए रखता है। इसके अलावा, पपीता और अनार जैसे फ्ल मैं ज़रूर खाती हूं, जो स्किन और इम्युनिटी दोनों के लिए फायदेमंद हैं।‘‘ आसिफ शेख, ऊर्फ ‘भाबीजी घर पर हैं‘ के विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, ‘‘मानसून बहुत खूबसूरत होता है, लेकिन साथ ही इसमें इंफेक्शन का रिस्क भी ज्यादा होता है। इसलिए मैं अपनी इम्युनिटी बढ़ाने वाले फूड से कभी समझौता नहीं करता। मैं हल्का और गरम खाना खाता हूं-जैसे मूंग दाल, चावल और हल्की भुनी सब्ज़ियां। मेरी इम्युनिटी का सीक्रेट है शाम को एक कप हर्बल टी, जो न सिर्फसुकून देती है, बल्कि असरदार भी होती है। साफ और पोषण से भरपूर खाना खाने से न केवल मेरी शारीरिक फिटनेस बनी रहती है, बल्कि मैं मेंटली भी एक्टिव रहता हूं।‘‘

## पाक में चार हिंदू भाई-बहनों का अपहरण

### जबरन कबूल करवाया इस्लाम

### इंसाफ मांग रही मां

**शाहदादपुर।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदुओं के साथ अत्याचार की एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां शाहदादपुर में चार हिंदू भाई-बहनों का अपहरण कर लिया गया और उन्हें जबरन इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया। 22 वर्षीय जिया बाई, 20 वर्षीय दिया बाई और 16 वर्षीय दिशा बाई के अलावा, इन तीनों बहनों के 13 वर्षीय भाई हरजीत कुमार को किडनैप कर इस्लाम कबूल करवाया गया। इस घटना ने स्थानीय हिंदू समुदाय में आक्रोश पैदा कर दिया है और पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवस्थित उत्पीड़न पर सवाल उठाए हैं। बच्चों की मां न्याय के लिए भटक रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना सिंध प्रांत के शाहदादपुर में हुई, जहां इन चारों भाई-बहनों को अगवा कर लिया गया। पीड़ितों की मां ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्थानीय कंप्यूटर शिक्षक फरहान खासखेली पर बच्चों को बहकाने और अपहरण का आरोप लगाया। उन्होंने आंखों में आंसू लिए कहा, मेरे पास तीन बेटियां थीं, और फरहान ने उन सभी को ले लिया। मां ने विशेष रूप से अपने 13 वर्षीय बेटे की वापसी की गुहार लगाई, जिसके बारे में उनका कहना है कि वह इतनी छोटी उम्र में धर्म के बारे में समझने में सक्षम नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में इन बच्चों के तथाकथित धर्मांतरण को दर्शाया गया है, जिसे कई लोगों ने सांस्कृतिक आतंकवाद करार दिया है। हिंदू पंचायत के प्रमुख राजेश कुमार ने इस घटना को न केवल एक पारिवारिक त्रासदी बल्कि सामुदायिक आपदा बताया। उन्होंने पीड़ित बच्चों की तस्वीरें दिखाते हुए सवाल उठाया कि क्या ये बच्चे इतने परिपक्व हैं कि वे स्वेच्छा से धर्म बदलने का निर्णय ले सकें।



## बाजार दर्पण

मिशिका
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
Cares For Your Health & Wealth...
आपका विश्वास हमारा प्रयास
वि-केयर इंडिया हेल्थ कार्ड बनवाएं और लाभ उठाएं
एक छत के नीचे सारी सुविधायें उपलब्ध है।
24X7 EMERGENCY
आपातकालीन सेवा में आपका भरोसेमंद साथी
अधिक जानकारी के लिए हॉस्पिटल रिसेप्शन पर सम्पर्क करें
9792934124, 7275534124
पता : 301डी, नियर सेंट जोसेफ स्कूल, जे.के. चौराहा, लखनऊ रोड कानपुर



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089